CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

नई दिल्ली, मंगलवार 9 सितम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 158 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



एकेटीयू दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे शुभांशु शुक्ला पेज 2



अनन्या व दिव्यांशी ने अंडर-15 युगल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता खेल टाइम्स



रिश्तों की गरिमा की पुनः स्थापना! सम्पादकीय



गाजा में इजरायली सेना का हमला 50 लोगों की मौत पेज 12

# नेताओं को मोटी चमड़ी वाला होना चाहिए: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि नेताओं को मोटी चमड़ी का होना चाहिए।

राजनीतिक लड़ाइयों के लिए सुप्रीम कोर्ट का उपयोग नहीं करना चाहिए। कोर्ट ने ये टिप्पणी भाजपा नेता द्वारा तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी के खिलाफ लगाई गई याचिका की सुनवाई के दौरान कही। 2024 लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान सीएम रेड्डी ने कहा था कि अगर बीजेपी 400 सीट जीती, तो आरक्षण समाप्त कर देगी। तेलंगाना भाजपा के महासचिव वेंकटेश्वरलू ने दावा किया था कि इससे पार्टी को नुकसान हुआ और उसने रेड्डी के खिलाफ मानहानि की याचिका दायर की गई थी। तेलंगाना हाईकोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई बीआर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन, अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने भी याचिका खारिज कर दी।

■ मुख्यमंत्री रेड्डी के खिलाफ भाजपा की याचिका खारिज

### ऑनलाइन गेमिंग की अगली चाल अब सुप्रीम कोर्ट पर निर्भर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम, 2025 को लेकर केंद्र की एक बड़ी मांग मान ली है। जिसके बाद अब ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम, 2025 को लेकर देश के अलग-अलग उच्च न्यायालयों में लंबित मामलों की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में होगी। केंद्र ने इस अधिनियम को लेकर हाईकोर्ट्स में लंबित मामलों को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।



### आधार मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र, नागरिकता के लिए नहीं

**नई दिल्ली।** बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि आधार, मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र है, लेकिन इसे नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वे आधार कार्ड को 12वां दस्तावेज मानें ताकि मतदाता वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने के लिए आधार कार्ड को भी पेश कर सकें।

# योगी ने पंजाब समेत 3 राज्यों को राहत सामग्री भेजी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ सामग्री वाहनों को हरी झंडी दिखाई

**लखनऊ/सहारनपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंजाब, हिमाचल और उत्तराखंड के आपदा प्रभावितों के लिए राहत सामग्री वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उप्र सरकार की ओर से हिमाचल और उत्तराखंड को पांच-पांच करोड़ की धनराशि भेजी।

योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत श्रेष्ठ भारत के आह्वान के साथ खड़ी है, उत्तर प्रदेश के बाढ़ पीड़ितों और किसानों को भी तत्काल सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री सोमवार को 12 घंटे के शोर्ट नोटिस पर सहारनपुर पहुंचे और उन्होंने यहां जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराई गई राहत सामग्री के वाहनों को बाढ़ एवं आपदा -शेष पृष्ठ दो पर

## एएमयू की पहली महिला कुलपति नियुक्ति पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की पहली महिला कुलपति के रूप में प्रोफेसर नईमा खातून की नियुक्ति के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखने का सोमवार को फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली प्रोफेसर मुजफ्फर उरुज रब्बानी और प्रोफेसर फैजान मुस्तफा की याचिका पर विचार करने से इन्कार कर दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने याचिकाकर्ताओं का पक्ष रखा। उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा की गई टिप्पणियों का हवाला देते हुए तर्क दिया कि कुलपति पद के लिए नामों चुनाव करने कार्यकारिणी परिषद में तत्कालीन एएमयू कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर मोहम्मद गुलरेज़ की अध्यक्षता और भागीदारी अनुचित थी।

## प्रख्यात पत्रकार व संपादक संकर्षण ठाकुर नहीं रहे

**नई दिल्ली।** प्रख्यात पत्रकार और संपादक संकर्षण ठाकुर का सोमवार को यहां निधन हो गया। वह 63 वर्ष के थे। उनके परिवार ने यह जानकारी दी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव पर 'द ब्रदर्स बिहारी' के नाम से पुस्तक लिखने वाले दिवंगत ठाकुर अपनी तीक्ष्ण राजनीतिक अंतर्दृष्टि और विचारोत्तेजक लेखन के लिए जाने जाने जाते थे। उन्होंने 'द टेलीग्राफ' में राष्ट्रीय मामलों के संपादक के रूप में कार्य किया और 2023 में इसके संपादक नियुक्त किए गए।

## एनआईए ने पांच राज्यों के 22 स्थानों पर की छापेमारी

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर और अन्य पांच राज्यों में आतंकवाद के वित्तपोषण मामले की चल रही जांच के तहत छापेमारी की है। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। एनआईए ने कहा कि पांच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में 22 ठिकानों पर तलाशी चल रही है। उन्होंने बताया कि बिहार में आठ, जम्मू कश्मीर में नौ, उत्तर प्रदेश में दो और कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में एक-एक ठिकाने पर छापेमारी चल रही है।

## भारत बनाएगा अमेरिका- रूस व इजरायल जैसी स्पेशल फोर्स

**नई दिल्ली।** सैन्य बलों की एलीट कमांडो फोर्स का संयुक्त युद्ध सिद्धांत बनाया गया है। यह साझा दस्तावेज सेना की स्पेशल फोर्स, वायुसेना की गरुड़ कमांडो फोर्स और नौसेना के मार्कोस कमांडो के लिए बनाया गया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुई इस कवायद में तीनों सेनाओं की एलीट फोर्स की तैयारी का हर पहलू स्पष्ट किया गया है। अगर किसी देश या उसकी शह में पलने वाले आतंकी, भारत विरोधी कार्रवाई करते हैं, तो उनके खिलाफ क्या होगा?

# नेपाल में लोकतंत्र धराशायी

## हिंसक विरोध प्रदर्शन के दौरान सेना ने की फायरिंग, 20 की मौत

**काठमांडू, पोखरा सहित कई शहरों में कर्फ्यू**

सोशल मीडिया फिर शुरू, बैन-भ्रष्टाचार के खिलाफ 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी युवा सुबह संसद में घुसे थे, सेना की फायरिंग में करीब 200 लोग घायल भी हुए

संसद, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति व पीएम आवास के पास के इलाकों में भी कर्फ्यू, तोड़फोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश जारी

**काठमांडू।** नेपाल में सुबह से जारी विरोध प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया फिर से शुरू कर दिया गया। इस प्रदर्शन में अब तक 20 लोगों की मौत हुई, जबकि 200 से ज्यादा घायल हो गए। इस प्रदर्शन की अगुआई 18 से 30 साल के युवाओं ने की।

सोशल मीडिया पर बैन और सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ सोमवार सुबह 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी युवा संसद भवन परिसर में घुस गए, जिसके बाद सेना ने कई राउंड फायरिंग की। नेपाल के इतिहास में संसद में घुसपैठ का यह पहला मामला है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने संसद के गेट नंबर 1 और 2 पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद संसद भवन, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम आवास के पास के इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया गया। काठमांडू प्रशासन ने तोड़फोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिए हैं। सोमवार को नेपाल के संसद भवन के बाहर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े। नेपाल सरकार ने 3 सितम्बर को फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट्स पर बैन लगाने का फैसला किया था। इन प्लेटफॉर्म ने नेपाल के संचार और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में रजिस्ट्रेशन नहीं कराया था। इसके लिए मंत्रालय ने 28 अगस्त को आदेश जारी कर 7 दिन का समय दिया था, यह समय सीमा 2 सितम्बर को खत्म हो गई। युवाओं ने अन्य लोगों से भी आंदोलन में जुड़ने की अपील की है। इसके लिए क्यूआर कोड वाले बैनर भी बनाए गए हैं। युवाओं का कहना है कि उनका बोलना भी सरकार के लिए अपराध है। बढ़ते विरोध प्रदर्शन के बीच नेपाल ने भारत से लगी कई सीमा पर कर्फ्यू लगा दिया है। तराई क्षेत्र के कई शहरों में प्रदर्शन फैल गए हैं और प्रदर्शनकारी बदलाव की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। नेपाल में जारी विरोध प्रदर्शनों में अब तक मरने वालों की संख्या 20 पहुंच गई है। जबकि 200 से ज्यादा घायल हैं। कई जगह पर प्रदर्शनकारियों ने सेना पर पथराव किया है। नेपाल में सोशल मीडिया फिर से शुरू हो गया है। नेपाल में दोपहर 3:15 बजे के बाद बिना वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) इस्तेमाल किए सारे सोशल मीडिया -शेष पृष्ठ दो पर




### उप्र के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा और सतर्कता बढ़ी

पड़ोसी देश नेपाल में शुरू हुए युवाओं के हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है और विशेष सतर्कता बरती जा रही है। उत्तर प्रदेश के महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों की सीमा नेपाल सीमा से लगती है, जहां सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस सुरक्षा निगरानी करती है। बलरामपुर जिले में नेपाल में चल रहे आंदोलन को देखते हुए सीमा की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और उधर से आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

# उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

### लोकसभा के 542 मौजूदा सदस्य व राज्यसभा के 239 मौजूदा सदस्य ही डाल सकेंगे वोट



■ किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता होगी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को मतदान होगा, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य हिस्सा लेंगे। मंगलवार को शाम तक नतीजे घोषित होंगे। इसके साथ ही देश को 50 दिन बाद जगदीप धनखड़ की जगह नया उपराष्ट्रपति मिलेगा। 21 जुलाई को धनखड़ के अचानक इस्तीफा देने के चलते चुनाव हो रहा है।

आंकड़ों में एनडीए को स्पष्ट बढ़त है। हालांकि संसद में विपक्ष की मजबूती से पिछले दो दशक में पहली बार मुकाबला करीबी हो सकता है। इस चुनाव में लोकसभा के 542 मौजूदा सदस्य और राज्य सभा के 239 मौजूदा सदस्य ही वोट कर सकेंगे। इस तरह निर्वाचन मंडल में इस समय 781 सदस्य हैं और किसी भी उम्मीदवार को जीतने के लिए कम से कम 391 वोटों की आवश्यकता होगी। मतदान नए संसद भवन में सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक होगा और मतों की गिनती शाम छह बजे से होगी।

### बीआरएस व बीजू जनता दल उपराष्ट्रपति चुनाव के मतदान में हिस्सा नहीं लेंगी

**नई दिल्ली।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान में हिस्सा नहीं लेगी। बीआरएस सांसद केआर सुरेश रेड्डी ने कहा कि बीआरएस ने मतदान में हिस्सा लेने और नहीं लेने को लेकर सभी विकल्पों पर विचार करने के बाद निर्णय लिया है कि पार्टी के सांसद मतदान में हिस्सा नहीं लेंगे। उधर बीजू जनता दल ने उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान में हिस्सा नहीं लेने का निर्णय लिया है। बीजद सांसद सस्मित पात्रा ने यहां पत्रकारों से कहा कि बीजू जनता दल ने उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को होने वाले चुनाव में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है।

## हरिद्वार-ऋषिकेश रेल रूट पर लैंडस्लाइड, लोहे का ढांचा क्षतिग्रस्त

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में हरिद्वार-ऋषिकेश रेल रूट पर सोमवार सुबह काली मंदिर के पास लैंडस्लाइड हुई। पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर ट्रैक पर बने लोहे के स्ट्रक्चर पर गिरे। इसके कारण स्ट्रक्चर क्षतिग्रस्त हो गया। मलबा ट्रैक पर आ गिरा। अब रूट बाधित है। कई ट्रेनों को रोक गया है। ट्रैक से मलबा हटाया जा रहा है।

इधर, राजस्थान में तेज बारिश के बाद कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति है। नदी-नाले ओवरफ्लो होने से सोमवार को 8 जिलों, उदयपुर, सलूंबर, जालोर, डूंगरपुर, सिरोही, बाड़मेर, जैसलमेर और बालोतरा में स्कूल बंद हैं। पंजाब के 23 जिलों के करीब 2 हजार गांव बाढ़ की चपेट में हैं। इनकी 3 लाख 84 हजार की आबादी प्रभावित है। 12 जिलों के 46 लोगों की बाढ़-बारिश में जान गई। 12 दिन बाद आज राज्य के सभी जिलों में स्कूल-कॉलेज खुले हैं। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद उत्तर प्रदेश के मथुरा के वृंदावन में हालात बिगड़े हैं।

■ पंजाब में 296.4 एमएम ज्यादा बारिश, हिमाचल में 824 सड़कें बंद

## कुलगाम में मुठभेड़ जारी, दो आतंकी ढेर एक जवान बलिदान

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच जारी मुठभेड़ में अब तक दो आतंकियों को मार गिराया गया है, जबकि भारतीय सेना का एक जवान बलिदान हो गया है। इस मुठभेड़ में दो अन्य जवान घायल भी हुए हैं। ऑपरेशन अब भी जारी है। तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाब दिया। फायरिंग में एक अफसर के घायल होने की खबर है। दोनों तरफ से तेज गोलीबारी हुई। खबर मिली है कि एक अफसर घायल हो गया है।

# मेहुल चोकसी को जेल में मिलेंगी सभी जरूरी सुविधाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ गृह मंत्रालय ने दिया भारत की ओर से बेल्जियम सरकार को मानवीय व्यवहार का आश्वासन

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक में 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी से जुड़े मामले में वांछित भगोड़े आरोपी मेहुल चोकसी के भारत प्रत्यर्पण की कवायद के बीच गृह मंत्रालय ने उसके साथ जेल में मानवीय व्यवहार का आश्वासन दिया है और बेल्जियम सरकार को जेल की व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इस संबंध में व्यक्त की गई सभी चिंताओं का जवाब दिया है।

हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी सात वर्ष पहले देश से फरार हो गया था लेकिन इससे एक वर्ष पहले ही उसने 2017 में ही एंटीगुआ-बारबूडा की नागरिकता ले ली थी। चोकसी खराब सेहत का हवाला देकर भारत में पेशी पर आने से इन्कार करता रहा है। मामले की सुनवाई के दौरान उसकी कभी-कभार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये ही पेशी हो सकी है। इस मामले में सरकार ने उसकी कई संपत्तियां भी जब्त की हैं। चोकसी को भारतीय जांच एजेंसियों के प्रत्यर्पण की अपील पर 12 अप्रैल को बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। चोकसी के साथ उसका भतीजा नीरव मोदी भी इस मामले में आरोपी है। सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने बेल्जियम के न्याय मंत्रालय को पत्र लिखकर आश्वासन दिया है कि यदि मेहुअल चोकसी का भारत प्रत्यर्पण किया जाता है, तो उसे मुंबई की आर्थर रोड़ जेल में रखे जाने की योजना है। इस जेल में उसके साथ मानवीय व्यवहार किया जाएगा और वहां सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। गृह मंत्रालय की ओर से यह भी आश्वासन दिया गया है कि चोकसी को कानूनी सहायता भी दी जाएगी। पत्र में बताया गया है कि चोकसी को मुंबई की आर्थर रोड जेल की बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। इस बैरक में छह लोगों के रहने की क्षमता है और सोने के लिए साफ, कॉटन की मोटी चटाई (गद्दा), तकिया, चादर और कंबल शामिल हैं। उसे पीने का साफ पानी और मेडिकल सुविधाएं भी दी जाएंगी। जरूरत पड़ने पर डाक्टरों की सलाह अथवा न्यायालय के आदेश पर उसे लकड़ी का बेड भी उपलब्ध कराया जा सकता है। चोकसी के वकील ने इस मामले को राजनीति से प्रेरित बताते हुए और चोकसी के खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उनके प्रत्यर्पण का विरोध किया है। चोकसी की पत्नी बेल्जियम की नागरिक हैं और उसने अपनी पत्नी की मदद से 15 नवम्बर 2023 को बेल्जियम का 'एफ रेजिडेंसी कार्ड' ले लिया था। रिपोर्टों में कहा गया है कि यह कार्ड फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लिया गया था। उसने अपनी भारतीय और एंटीगुआ की नागरिकता के बारे में भी बेल्जियम के अधिकारियों से जानकारी साझा नहीं की थी। चोकसी मई 2021 में एंटीगुआ से पड़ोसी देश डोमिनिका पहुंच गया था। वहां उसकी गिरफ्तारी की खबर मिलते ही केन्द्रीय जांच ब्यूरो की टीम उसके प्रत्यर्पण के लिए डोमिनिका पहुंच गई, लेकिन इसके पहले ही उसे एक बार फिर एंटीगुआ के हवाले कर दिया गया।

# ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट पर सोनिया गांधी ने जताया विरोध

■ कहा: आदिवासी समुदाय और वहां की विशिष्ट प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा

**नई दिल्ली।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट के फैसले का विरोध करते हुए कहा है कि इससे द्वीप पर रहने वाले आदिवासी समुदाय और वहां की विशिष्ट प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा।

श्रीमती गांधी ने एक समाचार पत्र में एक लेख के जरिये केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है कि इस मेगा प्रोजेक्ट की मंजूरी से लेकर इसके निर्माण के फ़ैसले तक में द्वीप पर रह रहे आदिवासियों के हितों की अनदेखी की गई है। श्रीमती गांधी ने ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट पर गंभीर सवाल उठाए हुए लिखा कि इस प्रोजेक्ट पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिससे इससे द्वीप पर रहने वाले आदिवासी समुदाय और वहां की अनोखी प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने लिखा कि पिछले 11 वर्षों में अधूरे नीति-निर्माण किए गए हैं। इस सुनियोजित श्रृंखला में नवीनतम है -ग्रेट निकोबार मेगा-इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना, जिस पर होने वाला 72,000 करोड़ रुपये का बेतहाशा और गलत खर्च द्वीप के मूल आदिवासी समुदायों के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### हजरतबल में राष्ट्रीय प्रतीक के दुरुपयोग पर जांच की मांग की

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस ने यहां हजरत बल दरगाह की उद्घाटन पट्टिका पर राष्ट्रीय प्रतीक के इस्तेमाल को कानून का गंभीर उल्लंघन बताते हुए इसके दुरुपयोग की जांच की मांग की है। नेशनल कांफ्रेंस प्रवक्ता एवं विधायक तनवीर सादिक ने पार्टी के संस्थापक शेख अब्दुला की 43वीं पुण्यतिथि के मौके पर यहां संवाददाताओं से कहा कि हमने पहले ही हजरतबल में हुए हिंसा की आलोचना की है। हिंसा किसी भी सवाल का जवाब नहीं हो सकता, मुद्दों को बातचित से सुलझाया जा सकता है। उन्होंने इस विवाद में पुलिस की ओर से दर्ज प्राथमिकी और लोगों को हिरासत में लिए जाने को गलत कदम बताते हुए अधिकारियों से आग्रह किया कि मामले को बल प्रयोग के बजाय संवे. दनशीलता के साथ संभाला जाना चाहिए।

### भाजपा सांसद की बहन से मारपीट ससुरालीजन गिरफ्तार

**कासगंज।** फर्रुखाबाद के भारतीय जनता पार्टी सांसद मुक. श राजपूत की बहन के साथ कासगंज मे मारपीट करने वाले उसके ससुर लक्ष्मण और देवर राजेश को सहावर थाना पुलिस ने घर से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक अन्य देवर की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। राजपूत की बहन रीना के साथ उसके ससुर लक्ष्मण व देवर राजेश व गिरीश का लाठी डंडों से पीटते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पीड़ित बहू ने नहाते वक्त ससुर लक्ष्मण और देवर गिरीश पर वीडियो बनाने का आरोप लगाया था। इसी बात को लेकर मारपीट कर गई थी। पीड़ित का विवाह 17 वर्ष पूर्व सहावर के रानीअवन्ती बाई नगर में रविन्द्र से हुआ था।

### निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन की प्रक्रिया आज नए उप्र की नई तस्वीर: योगी

# पहले एक ही परिवार पैसा लेकर करता था नियुक्तियां

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन की प्रक्रिया आज 'नए उप्र' की नई तस्वीर है। पहले एक परिवार के लोग पैसा लेकर भर्ती करते थे।

उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएससी) द्वारा नवचयनित 1,112 कनिष्ठ सहायकों एवं 22 एक्स-रे टेक्नीशियनों के नियुक्ति-पत्र वितरण के लिए आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने यह बातें कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र की जनता को लूटते थे। जांच की जाएगी, तो बहुत सारे ऐसे 'महाभारत के रिश्ते' बाकी का

**■ मुख्यमंत्री ने यूपीएसएससी द्वारा नवचयनित 1,112 कनिष्ठ सहायकों एवं 22 एक्स-रे टेक्नीशियनों के नियुक्ति-पत्र वितरित किए**

जीवन जेल में ही बिताने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि नौजवानों को आज प्रदेश के अंदर नौकरी की गारंटी मिली है। हर योग्य व्यक्ति को आगे बढ़ाने के लिए सरकार तेजी के साथ कार्य कर रही है। योगी ने कहा कि सभी नवचयनित युवाओं को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं। इतनी बड़ी संख्या में नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से संपन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता का ही परिणाम है कि आज उप्र आगे बढ़ रहा है। अब तक लगभग 80 लाख से अधिक लोगों ने 'आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' की सुविधा का लाभ लिया है। कार्यक्रम के दौरान नियुक्ति पत्र पाने वाली श्रद्धा शुक्ला ने कहा कि पहले की सरकारों में नियुक्ति के लिए रिश्वत देनी पड़ती थी, लेकिन आज नियुक्ति सिर्फ काबिलियत के दम पर मिलती है। सरकारी नौकरी के लिए रिश्वत गुजरे जमाने की बात हो गई। मुख्यमंत्री ने पारदर्शी प्रक्रिया से नियुक्ति देकर उत्तम प्रदेश का नया मार्ग बनाया है। इस नौकरी के लिए सिफारिश या एक रुपए रिश्वत भी नहीं देनी पड़ी। इसके लिए मुख्यमंत्री का दिल से आभार व्यक्त करती हूं। अयोध्या के आदित्य पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री की वजह से हम सभी निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बन पा रहे हैं।

### योगी ने दिए विवि व महाविद्यालयों के जांच का आदेश

**लखनऊ।** बीते दिनों बाराबंकी में छात्रों के साथ हुई घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालय में संचालित कोर्सों की मान्यता के जांच के आदेश दिए हैं। जांच के दौरान मान्यता व प्रवेश को शामिल किया जाएगा।

इसके लिए प्रत्येक जिले में एक विशेष जांच टीम गठित करने के निर्देश सभी मंडलायुक्तों को दिए गए हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री स्तर पर जारी आदेश में कहा गया है कि विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों की मान्यता और प्रवेश प्रक्रिया की सघन जांच के लिए मण्डलायुक्तों को प्रत्येक जिले के लिए अलग-अलग जांच टीम गठित करनी होगी। जिसकी मॉनिटरिंग स्वयं मंडलायुक्त करेंगे। जांच टीम में एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एक पुलिस अधिकारी वह एक शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।

## एकेटीयू दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे शुभांशु

लखनऊ, वार्ता



डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के मंगलवार को होने वाले दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला शामिल होंगे।

समारोह के दौरान सुभांशु को डी लिट की मानद उपाधि से भी सम्मानित किया जाएगा। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। सोमवार को विवि के रज्जू भैया सभागार में दीक्षांत समारोह को लेकर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडे ने बताया कि समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल शामिल होंगे। इस बार समझ के दौरान कुल 88 पदक दिए जाएंगे। जिसमें 37 स्वर्ण पदक 26 रजत पदक एवं 25 कांस्य पदक मेधावियों को दिए जाएंगे। इसके अलावा 53943 छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में डिग्री प्रदान की जाएगी। जबकि 86 छात्रों को पीएचडी अवार्ड होगी। प्रोफेसर जेपी पांडेय ने बताया कि प्रदेश में उद्यमिता एवं नवाचार की संस्कृति विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए दीक्षांत समारोह के दौरान इस बार 6 श्रेणियां में स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड दिया जाएगा। इसमें एक अवॉर्ड वूमेन लीड स्टार्टअप अवार्ड दूसरा बेस्ट सोशल इंपैक्ट

## आवारा कुत्तों के बेहतर प्रबंधन पर शहरी निकाय पुरस्कृत होंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार आवारा कुत्तों की नसबंदी, टीकाकरण और भोजन कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन करने वाले शहरी स्थानीय निकायों और एनजीओ को पुरस्कृत करेगी।

अधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि सरकार ने कुत्तों के जीवन के स्थानीय पहलू को ध्यान में रखते हुए 'उपयुक्त भोजन स्थलों' की पहचान करने और उन्हें चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के 22 अगस्त के आदेश के अनुरूप राज्य के व्यापक निर्णय के तहत 4 सितम्बर को जारी इस कदम का उद्देश्य एबीसी कार्यक्रम के प्रभावी और वैज्ञानिक कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है, साथ ही जमीनी

**■ उच्चतम न्यायालय के 22 अगस्त के आदेश के अनुरूप राज्य सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय**

स्तर पर उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देना भी है। दरअसल राज्य सरकार के इस आदेश का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश के प्रत्एक नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों के लिए सुरक्षित और जिम्मेदार भोजन स्थलों का निर्धारण करना है। इस कदम से यह सुनिश्चित होगा कि कुत्तों को उनके क्षेत्र में ही भोजन दिया जाए, ताकि संघर्ष कम हो, सार्वजनिक स्थानों की सुरक्षा हो और सहानुभूतिपूर्ण देखभाल को बढ़ावा मिले। राज्य सरकार के आदेश में कहा गया है, नसबंदी, टीकाकरण और आहार प्रबंधन में अच्छे परिणाम प्राप्त करने वाले शहरी स्थानीय निकायों और संगठनों को राज्य सरकार द्वारा प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। इस आदेश का उद्देश्य सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना, करुणामयी देखभाल को बढ़ावा देना, जन सुरक्षा सुनिश्चित करना और सामुदायिक भागीदारी को मज़बूत करना है। उप्र पशु जन्म नियंत्रण निगरानी समिति की सदस्य गौरी मौलेखी ने कहा कि करुणा और दया की भावना शासन का एक स्तंभ और राष्ट्र की विरासत है। वैज्ञानिक और विच. ारशील नीतियों के माध्यम से लोगों और पशुओं, दोनों की रक्षा करके, उप्र यह दर्शाता है कि प्रगति केवल बुनियादी ढांचे और आंकड़ों से नहीं, बल्कि उस सम्मान से मापी जाती है, जिसके साथ हम अपने बीच सबसे कमज़ोर लोगों के साथ व्यवहार करते हैं।

### दिल्ली में बच्चों की तस्करी करने वाला गिरोह बेनकाब

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली की विशेष अन्वेषण टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बच्चों के अपहरण और तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह में शामिल आगरा के एक डॉक्टर समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सराय काले खां बस अड्डे से अगवा किए गए छह महीने के बच्चे को मात्र 48 घंटे के भीतर आगरा से सकुशल बरामद कर लिया। इसके अलावा गिरोह द्वारा तस्करी किए गए पांच अन्य बच्चों को भी विभिन्न स्थानों से ढूंढकर बचाया गया है। दक्षिण-पूर्व ज़िले के पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी ने सोमवार को बताया कि 22 अगस्त को बान्दा, उत्तर प्रदेश निवासी शिकायतकर्ता सुरेश अपने परिवार के साथ आईएसबीटी सराय काले खां पहुंचे थे।

## भवन के निर्माण से पूर्व डिजाइन पर गंभीरता से काम करें: आनंदीबेन

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उप्र की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा है कि किसी भी भवन के निर्माण से पूर्व उसकी डिजाइन पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। भवन की उपयोगिता के अनुसार ही उसकी रूपरेखा तैयार की जानी चाहिए, ताकि उस भवन का वास्तविक लाभ मिल सके।

श्रीमती पटेल ने सोमवार को राजभवन का सभागार में लोक निर्माण विभाग तथा विद्युत विभाग द्वारा निर्मित सात निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि डिजाइन बनाते समय दीर्घकालिक उपयोग को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए, साथ ही बचत पर जोर देना चाहिए और फिजूलखर्ची से बचना चाहिए। राज्यपाल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि बहुत ही सुंदर निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के भीतर पूरे किए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी भवन की नींव (फाउंडेशन) मजबूत होने पर ही वह लंबे समय तक टिकाऊ बनता है। इसलिए निर्माण कार्यो में उत्तम गुणवत्ता के पदार्थों का उपयोग किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि लोक निर्माण विभाग और विद्युत विभाग ने समय और लागत का ध्यान रखते हुए टिकाऊ निर्माण कार्य किए हैं, यह अनुकरणीय है। जब हम कोई अच्छा कार्य करते हैं और वह सफलतापूर्वक संपन्न होता है, तो उससे संतोष की अनुभूति होती है। राज्यपाल ने खुले और हवा में लटकते विद्युत तारों पर चिता व्यक्त करते हुए कहा कि इन्हें अब अंडरग्राउंड करना चाहिए, ताकि लंबे समय तक सुरक्षित उपयोग हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि असामान्य परिस्थितियों में भी टिकाऊ और उपयोगी निर्माण की आदत विकसित करनी चाहिए। राज्यपाल ने निर्देश दिया कि राजभवन में हुए सभी निर्माण कार्यों के डिजाइन सुरक्षित रखे जाएं, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के विस्तार या नए कार्य की आवश्यकता होने पर समय की बचत हो और कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सके।



सेंसेक्स 80787.30
निफ्टी 24773.15



सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 122900
प्रति किलो



## ऑटो कंपनियों में जबरदस्त लिवाली से चढ़ा शेयर बाजार

मुंबई, वार्ता

जीएसटी सुधारों के बाद ऑटो कंपनियों में जारी लिवाली से घरेलू शेयर बाजारों में सप्ताह के पहले दिन सोमवार को तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 76.54 अंक (0.09 प्रतिशत) की मजबूती के साथ 80,787.30 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 32.15 अंक यानी 0.13 फीसदी की बढ़त में 24,773.15 अंक पर रहा। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 22 सितम्बर से मंजूर बदलावों में वाहनों पर कर और उपकर की दरों में अच्छी खासी कटौती की गई है। इससे सेक्टर को लेकर निवेशकों की धारणा लगातार मजबूत बनी हुई है। शेयर बाजार की तेजी में सबसे ज्यादा योगदान वाहन निर्माता कंपनियों का ही रहा। इसके अलावा, त्योहारी सीजन में वाहन ऋण की मांग बढ़ने की उम्मीद में बैंकों के



शेयरों में भी तेजी देखी गयी। एनएसई में अशोक लेलैंड का शेयर 5.08 प्रतिशत, टाटा मोटर्स का 4.25 प्रतिशत, बजाज ऑटो का 4.08 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 4.01 प्रतिशत बढ़ा।

टीवीएस मोटर के शेयर में 3.12 फीसदी और मारुति सुजुकी में 2.42 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हीरो मोटोकॉर्प का शेयर भी 1.43 फीसदी चढ़ा। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों के दम पर सेंसेक्स 193.64 अंक की तेजी के साथ 80,904.40 अंक पर खुला। इसका उच्चतम स्तर 81,171.38 अंक और निचला स्तर 80,733.07 अंक रहा। इसी प्रकार निफ्टी-50 भी 61.60 अंक चढ़कर 24,802.60 अंक पर खुला। यह ऊपर 24,885.50 अंक और नीचे 24,751.55 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 0.44 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.16 प्रतिशत मजबूत बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 में से 14 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। ऑटो कंपनियों के अलावा अडानी पोर्ट्स का शेयर दो प्रतिशत चढ़ा। टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, बीईएल, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक और इटरनल के शेयरों में भी तेजी रही। ट्रेंट में सबसे अधिक 3.81 प्रतिशत की गिरावट रही। एशियन पेंट्स का शेयर 1.90 फीसदी, एचसीएल टेक का 1.21 और टेक महिंद्रा का 1.13 फीसदी लुढ़क गया। एलएंडटी, टीसीएस, पावर ग्रिड, सनफार्मा, एनटीपीसी और इंफोसिस में भी आधी फीसदी से अधिक की गिरावट रही।

### अगस्त में सुस्त रही वाहनों की खुदरा बिक्री

**नई दिल्ली।** त्योहारी मौसम और जीएसटी में राहत के इंतजार में अगस्त में ग्राहकों ने अपनी खरीद टाल दी जिससे वाहनों की खुदरा बिक्री में सुस्ती देखी गयी। वाहन डीलरों के महासंघ (फाडा) के सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि अगस्त में यात्री वाहनों (कार, एसयूवी और वैन) की बिक्री अगस्त 2024 के मुकाबले मात्र 0.93 प्रतिशत बढ़ी और कुल बिक्री 3,23,256 इकाई रही। दुपहिया वाहनों में भी 2.18 फीसदी की मामूली तेजी देखी गयी और कुल 13,73,775 वाहन बिके। वाहनों की कुल बिक्री 2.84 फीसदी बढ़कर 19,64,547 इकाई रही। फाडा के अध्यक्ष सी.एस. विघ्नेश्वर बताया कि 15 अगस्त को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों की प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी खरीद टाल दी। हालांकि डीलरों के पास पूछताछ काफी आयी, लेकिन वह बिक्री में पूरी तरह से नहीं बदल सकी। उन्होंने उम्मीद जतायी कि 22 सितम्बर को जीएसटी सुधारों के लागू होने के बाद बड़ी संख्या में ग्राहक खरीद करेंगे।

## चावल मजबूत, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घटबढ़, चीनी-दालों में तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के दाम बढ़ गए, जबकि गेहूं में नरमी का रुख रहा। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखी गयी। दालों और चीनी के भाव में तेजी रही।विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवम्बर वायदा 40 रिंगिट की मजबूती के साथ 4,488 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.92 प्रतिशत चढ़कर 51.70 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 121 रुपए बढ़कर 3,833.95 रुपए प्रति क्विंटल हो गई। गेहूं 10 रुपए सस्ता हुआ और 2,849.18 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 18 रुपए टूटकर 3,306.23 रुपए प्रति क्विंटल पर आ गया। खाद्य तेलों में सरसों तेल औसतन 45 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में 56 रुपए और वनस्पति में 70 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। ग्राहकी उतरने से सोया तेल में 129 रुपए, पाम ऑयल 107 रुपए और सूरजमुखी तेल 34 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। दाल-दलहनों में आज तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 224 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 119 रुपए और मसूर दाल 155 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल की कीमत में 97 रुपए और उड़द दाल में 24 रुपए प्रति क्विंटल की मजबूती रही। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में आज तेजी का रुख रहा। गुड़ की औसत कीमत 82 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7958.04 रुपए, मसूर काली 8159.19 रुपए, मूंग दाल 10078.94 रुपए, उड़द दाल 10438.93 रुपए, अरहर दाल 10663.43 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**योगी ने...** प्रभावित तीन पड़ोसी राज्यों, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिए राहत सामग्री भरे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने यह भी घोषणा कि उत्तर प्रदेश सरकार अपनी 25 करोड़ जनता की ओर से हिमाचल और उत्तराखंड को राहत कोष में पांच-पांच करोड़ धनराशि भी दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य मंत्री बृजेश सिंह उत्तराखंड के लिए और राज्य मंत्री जसवंत सिंह हिमाचल प्रदेश के लिए और सहारनपुर के नगर विधायक राजीव गुंबर पंजाब के लिए राहत सामग्री और पांच-पांच करोड़ की धनराशि का चैक के साथ भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इन तीनों राज्यों की आपदा पीड़ित जनता के साथ खड़ा हुआ है। योगी ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के आह्वान को साकार करने में जी-जान से संकल्पबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल और उत्तराखंड में कई स्थानों पर बादल फटने से भयंकर विभीषा आई। हमारी गहरी संवे. दनाएं तीनों राज्यों के पीड़ितों के साथ हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश का जिक्र करते हुए कहा कि हमने बाढ़ और भारी वर्षा से होने वाली आपदाओं से बचाव को व्यापक स्तर पर ऐहतियाती कदम उठाए थे, जिससे प्रदेश के 25 करोड़ लोगों को बड़े पैमाने पर राहत मिली। राज्य सरकार भारी बारिश से खेतों में हुए जलभराव के कारण हुए नुकसान की पड़ताल करा रही है और रिपोर्ट मिलते ही नियमानुसार किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

**नेपाल में....** प्लेटफॉर्म चल रहे हैं। नेपाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को 7 दिन के भीतर रजिस्ट्रेशन कराने का आदेश दिया था। सरकार का तर्क था कि रजिस्ट्रेशन के बिना ये प्लेटफॉर्म्स देश में फेक आई, हेट स्पीच, साइबर क्राइम और गलत सूचनाएं फैलाने के लिए इस्तेमाल हो रहे थे। तय समय सीमा के भीतर रजिस्ट्रेशन नहीं कराने पर सरकार ने 4 सितम्बर को 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया था। इसमें व्हाट्सअप, फेसबुक, यूट्यूब जैसे बड़े प्लेटफॉर्म थे। टिकटॉक, वाइबर जैसे प्लेटफॉर्म पर बैन नहीं लगा, क्योंकि उन्होंने समय पर रजिस्ट्रेशन करा लिया था। नियमों के मुताबिक हर कंपनी को नेपाल में लोकल ऑफिस रखना, गलत कंटेंट हटाने के लिए लोकल अधिकारी नियुक्त करना और कानूनी नोटिसों का जवाब देना जरूरी कर दिया गया है। इसके साथ ही सरकार के साथ यूजर डेटा शेयर करने के नियम भी मानना जरूरी कर दिया गया। कंपनियों को डेटा-प्राइवेसी और अभिव्यक्ति की आजादी के मामले में ये शर्तें बहुत सख्त लग रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत या यूरोप जैसे बड़े देशों में कंपनियां लोकल प्रतिनिधि रख लेती हैं, क्योंकि वहां यूजर बहुत ज्यादा हैं। लेकिन नेपाल का यूजर बेस छोटा है, इसलिए कंपनियों को यह बेहद खर्चीला लगा। अगर कंपनियां नेपाली सरकार की यह शर्त मान लेती हैं, तो उन पर अन्य छोटे देशों में भी इन नियमों को पालन करने का दबाव पड़ता, जो काफी खर्चीला है। यही वजह रही कि पश्चिमी कंपनियों ने नेपाल सरकार की शर्त नहीं मानी और तय समय पर रजिस्ट्रेशन नहीं कराया। पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने सरकार से 18 से 30 साल के युवाओं की मांगों पर ध्यान देने की अपील की है। पूर्व पीएम ने एक प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए सरकार को जिम्मेदारी से ठोस कदम उठाने चाहिए। संसद में मुख्य विपक्षी दल के नेता प्रचंड ने पुलिस गोलीबारी में मारे गए युवाओं को श्रद्धांजलि भी दी। नेपाल के पूर्व वित्त सचिव रामेश्वर खनाल ने कहा कि सरकार के मनमाने और गलत फैसले और सुशासन देने में नाकामी के चलते युवाओं का गुस्सा बढ़ गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# निवेश, नवाचार और औद्योगिक विकास की ऊंचाइयों को छू रहा

देवभूमि

# उत्तराखण्ड

सतत् विकास को गति





उत्तराखण्ड में दिसंबर 2023 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के बाद निवेश के रूप में हुए, एक लाख करोड़ रुपए की सफल ग्राउंडिंग का उत्सव मनाया गया। इस मौके पर गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य सरकार के प्रयासों की जमकर तारीफ करते हुए, केंद्र सरकार से भरपूर सहायता का आश्वासन दिया।

केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा कुल 1342.84 करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया जिसमें 1263.5 करोड़ की 16 योजनाओं का शिलान्यास और 79.34 करोड़ की 04 योजनाओं का लोकार्पण किया गया।

**ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के दौरान हुए एमओयू और ग्राउंडिंग**

**ऊर्जा** - कुल 1,03,459 करोड़ के 157 एमओयू (रोजगार 8,472) में ग्राउंडिंग 40341 करोड़ रुपए

**उद्योग** - कुल 78,448 करोड़ के 658 एमओयू, (रोजगार 44,663) में ग्राउंडिंग 34086 करोड़ रुपए

**आवास** - कुल 41,947 करोड़ के 125 एमओयू, (रोजगार 5,172) में ग्राउंडिंग 10055 करोड़ रुपए

**पर्यटन** - कुल 47,646 करोड़ के 437 एमओयू, (रोजगार 4694) में ग्राउंडिंग 8635 करोड़ रुपए




## उत्तराखण्ड निवेश उत्सव - 2025
## ₹1 लाख करोड़ के निवेश की ग्राउंडिंग

**उच्च शिक्षा** - कुल 6,675 करोड़ के 28 एमओयू, (रोजगार 4428) में ग्राउंडिंग 5116 करोड़ रुपए

**अन्य**- कुल 79,518 करोड़ के 374 एमओयू, (रोजगार 13898) में ग्राउंडिंग 3292 करोड़ रुपए।

"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की उपस्थिति में ₹1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ। यह हमारी सरकार की विकास और रोज़गार के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मैं सभी निवेशकों और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करता हूँ। यह निवेश उत्तराखण्ड को आत्मनिर्भर बनाने और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने में मील का पत्थर साबित होगा।"

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

"मैं उत्तराखण्ड सरकार को पिछले कुछ वर्षों में हासिल की गई उपलब्धियों के लिए बधाई देता हूं। यह पर्यटन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर निरंतर नीतिगत प्रोत्साहन और इस पर ध्यान देने से ही संभव हुआ है। साथ ही, राज्य ने बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो सतत् विकास के लिए नए मानक स्थापित करता है। अपने प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग और पर्यटन को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता ने न केवल यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती दी है, बल्कि वैश्विक मंच पर राज्य ने अपनी क्षमता को प्रदर्शित किया है। मैं समावेशी विकास के लिए राज्य के समर्पण की सराहना करता हूँ और आने वाले वर्षों में इसकी निरंतर सफलता की आशा करता हूँ।"

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## आयुष नीति 2023 स्वास्थ्य और पर्यटन का समग्र विकास



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मिशन के अनुरूप आयुष नीति 2023 का लक्ष्य उत्तराखण्ड को समग्र स्वास्थ्य केंद्र के रूप में स्थापित करना है।**

उत्तराखण्ड अपने आध्यात्मिक महत्व और हिमालयी खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध है। साथ ही, यह योग और प्राकृतिक उपचार के केंद्र के रूप में भी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर चुका है। आयुष नीति 2023 इस विरासत को आगे बढ़ाती है, ग्रामीण और शहरी दोनों स्थानों पर आयुष वेलनेस सेंटर, रिट्रीट और थेरेपी हब के निर्माण को बढ़ावा देकर राज्य को एक समग्र वेलनेस डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की सुविधा प्रदान करती है।

नीति का एक मूलभूत उद्देश्य आयुष आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एक मजबूत बुनियादी ढांचा तैयार करना है।

इसमें विशेष रूप से पर्यटन स्थलों पर एकीकृत आयुष अस्पताल और पंचकर्म केंद्र स्थापित करना शामिल है। साथ ही, यह नीति स्वास्थ्य पर्यटन सुविधाओं को विकसित करने और प्रबंधित करने के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) की सुविधा भी प्रदान करती है, जिससे गुणवत्ता, मापनीयता और स्थिरता सुनिश्चित होती है।

**राज्य सरकार स्थानीय युवाओं को आयुष चिकित्सक, योग प्रशिक्षक और स्वास्थ्य मार्गदर्शक के रूप में प्रशिक्षित करना चाहती है, जिससे नौकरी की संभावनाएं बढ़ेंगी और यहां आने वाले यात्रियों के अनुभव में भी सुधार होगा।**

यह नीति आयुष प्रथाओं में अनुसंधान और मानकीकरण का समर्थन करती है, जिससे वैश्विक ग्राहकों में भरोसे को बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। राज्य सरकार आयुष पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मार्केटिंग कंपेन, यात्रा एजेंसियों, वेलनेस रिसॉर्ट्स व अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठनों के साथ सहभागिताओं को प्रोत्साहित करने के संकल्प के साथ बढ़ रही है। आयुष सेवाओं को स्वास्थ्य बीमा योजनाओं एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से जोड़ने का प्रस्ताव भी दिया गया है, जिससे इन सेवाओं की सुलभता बढ़े और वेलनेस पैकेजों की बुकिंग प्रक्रिया सरल हो सके।

आयुष नीति 2023 उत्तराखण्ड को समग्र उपचार और सतत् पर्यटन का वैश्विक केंद्र बनाने की परिकल्पना पर आधारित है। यह नीति राज्य को न केवल प्राकृतिक स्वास्थ्य साधनाओं के लिए एक शांतिपूर्ण आश्रय स्थल के रूप में स्थापित करती है, बल्कि पारंपरिक ज्ञान प्रणाली को आधुनिक पर्यटन के साथ जोड़ने की दिशा में एक मानक भी स्थापित करती है। इसके माध्यम से राज्य आर्थिक समृद्धि एवं सतत् विकास की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा रहा है।

#ExploreUttarakhand
@DIPR_UK

अधिक जानकारी के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
#udyoguttarakhand

## उद्योग एवं निवेश: पारिस्थितिकी विकास को मिल रही गति

**उत्तराखण्ड सरकार ने निवेशकों और उद्यमियों के लिए राज्य को पंसदीदा गंतव्य बनाने के लिए सक्रिय पहल की है। इसके अंतर्गत अनुकूल कारोबारी माहौल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई नीतियों और पहलों को लागू किया है।**

उत्तराखण्ड सरकार ने निवेश आकर्षित करने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियों को लागू किया है, जिससे राज्य कारोबार और नवाचार का केंद्र बन गया है।

**वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन:** वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन में 3.56 लाख करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश की ग्राउंडिंग हो चुकी है।

**स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप:** केंद्र सरकार ने उधम सिंह नगर के खुरपिया फार्म में एक स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाउनशिप के निर्माण को मंजूरी दी।

**एमएसएमई नीति:** सरकार ने नए औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ उद्यमिता और वित्तीय विकास को बढ़ावा देने के लिए एमएसएमई नीति पेश की।

**हाउस ऑफ हिमालयाज:** राज्य ने जैविक उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड की स्थापना की, जिसमें 27 उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त हुए।




देहरादून में आयोजित वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2023 में उत्तराखण्ड सरकार के ब्रांड 'हाउस ऑफ हिमालयाज' का शुभारंभ करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



इंवेस्टर्स समिट

## उत्तराखण्ड मेगा इंडस्ट्रियल और इन्वेस्टमेंट नीति 2025 बड़े निवेश और औद्योगिक विकास को नई दिशा

**इस नीति का उद्देश्य हिमालयी राज्य को निवेशकों की पहली पसंद बनाने के लिए तैयार करना है**

उत्तराखण्ड मेगा इंडस्ट्रियल और निवेश नीति 2025 का उद्देश्य राज्य को बड़े पैमाने पर निवेश के लिए पंसदीदा गंतव्य बनाना है। यह नीति सूचना की तारीख से पांच वर्ष तक प्रभावी रहेगी। यह नीति सिंगल-विंडो सिस्टम के माध्यम से आवेदन करने वाली इकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है।

इसमें उद्यमों को चार निवेश श्रेणियों में विभाजित किया गया है, जिसमें बड़े (50 200 करोड़ रुपये), अल्ट्रा लार्ज (200-500 करोड़ रुपये), मेगा (500-1000 करोड़ रुपये) और अल्ट्रा मेगा (1000 करोड़ रुपये से अधिक) को शामिल किया गया है। इसमें से हर एक के लिए रोजगार और निवेश सीमाएं पहले से ही तय करी गई हैं। इस नीति में 10% से 20% तक की पूंजीगत सब्सिडी शामिल है, जो संचालन के 8वें से 15वें वर्ष तक किस्तों में वितरित की जाती है। पहाड़ी जिलों (श्रेणी ए और बी) में निवेश के लिए 1-2% की अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जाती है। यह स्टांप शुल्क प्रतिपूर्ति में 50 लाख रुपये तक की पेशकश भी करता है।



**उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023**

## नवाचार और समावेशी विकास की ओर सकारात्मक पहल

उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023 एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य राज्यभर में रोजगार सृजन और स्टार्टअप्स को सशक्त बनाकर एक मजबूत उद्यमशील पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है।

उत्तराखण्ड स्टार्टअप नीति 2023 राज्य सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य हर साल 1,000 नए स्टार्टअप की शुरुआत कर सशक्त उद्यमिता पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना है। यह नीति नवाचार को प्रोत्साहित करने, रोज़गार के अवसर बढ़ाने और स्थानीय प्रतिभा को आगे लाने का सशक्त माध्यम है।

इस नीति के माध्यम से वित्तीय सहायता और प्रोत्साहन प्रदान की जा रही है। नीति के तहत स्टार्टअप्स को विभिन्न चरणों में यह सहायता दी जाती है। इसमें प्रति माह 15,000 रुपये का भत्ता, विशेष श्रेणियों (SC/ST/दिव्यांग) के लिए 20,000 रुपये प्रतिमाह प्रदान की जाती है। वहीं 10 लाख रुपये तक का सीड फंड भी उपलब्ध कराया जाता है, जिससे शुरुआती दौर में स्टार्टअप के संचालन को स्थिरता मिलती है।

इसके साथ ही इस पॉलिसी के माध्यम से इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स के लिए भी सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय पेटेंट में आवेदन करने के लिए 1 लाख रुपये तक की सहायता, अंतरराष्ट्रीय पेटेंट कराने के लिए 5 लाख रुपये तक की सहायता, वहीं ट्रेडमार्क और इंडस्ट्रियल डिज़ाइन के लिए 10,000 रुपये तक की सहायता प्रदान की जाती है।

यह नीति उन्हीं स्टार्टअप्स को कवर करती है, जो 10 वर्ष की अवधि के अंदर स्थापित हुए हों और उत्पाद, सेवा या प्रक्रिया में नवाचार या सुधार ला रहे हों। इसके अलावा रोज़गार और संपत्ति सृजन की मजबूत क्षमता रखते हों। इस नीति के अंतर्गत राज्य सरकार हर ज़िले में इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित कर रही है, जिसमें कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। इसमें मेंटरशिप और नेटवर्किंग के अवसर, बुनियादी ढांचा और तकनीकी सहायता व शिक्षण और जागरूकता कार्यक्रम शामिल है। यह नीति उत्तराखण्ड को स्टार्टअप इंडिया अभियान में प्रमुख रूप से स्थापित करने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम है।

## उत्तराखण्ड पर्यटन नीति 2023: सतत् विकास और निवेश को प्रोत्साहित करता सशक्त रोडमैप



**उत्तराखण्ड पर्यटन नीति 2023 एक परिवर्तनकारी खाका प्रस्तुत करती है, जिसका उद्देश्य राज्य को एक प्रमुख सतत् और निवेश-अनुकूल पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना है। यह नीति नवाचार, बुनियादी ढांचे के विकास और समावेशी वृद्धि को बढ़ावा देने पर आधारित है।**

उत्तराखण्ड पर्यटन नीति 2023 राज्य को वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त पर्यटन केन्द्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक व्यापक और परिवर्तनकारी दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है। यह नीति 31 मार्च 2030 तक प्रभावी रहेगी और पर्यटन आधारित विकास को गति देने के साथ आर्थिक समावेशन, पर्यावरणीय स्थिरता और निवेशक अनुकूलता सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई है।

इस नीति के अंतर्गत सभी अनुमोदन और प्रोत्साहन दावों को सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम के माध्यम से आगे बढ़ाया जाएगा। इसमें केवल उन्हीं परियोजनाओं को लाभ मिलेगा, जिनकी वाणिज्यिक परिचालन तिथि (सीओसी) नीति की अवधि के अंतर्गत होगी।

### संस्थागत ढांचा और नीति की प्राथमिकताएं

यह नीति पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) को सक्षम बनाने और हॉस्पिटैलिटी, वेलनेस, एडवेंचर, हेरिटेज और ग्रामीण पर्यटन जैसे विविध क्षेत्रों में निवेश लाने पर केन्द्रित है।

नीति के क्रियान्वयन के लिए उत्तराखण्ड पर्यटन विकास बोर्ड (यूटीडीबी) को नोडल एजेंसी बनाया गया है। इसमें 50 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं के लिए राज्य स्तरीय सशक्त समिति (एसएलईसी) का गठन किया गया है। साथ ही, 50 करोड़ रुपये तक की एमएसएमई परियोजनाओं के लिए जनपद स्तरीय सशक्त समितियां (डीएलईसी) बनाई गई हैं। वहीं, परियोजनाओं की भौतिक जांच और सत्यापन के लिए जनपद स्तरीय पर्यटन समितियां (डीएलसीटी) गठित की गई हैं।

- सिंगल विंडो पोर्टल
- ईज़ ऑफ डूईंग बिजनेस
- हॉस्पिटैलिटी और वेलनेस
- योग एवं वेलनेस सेंटर
- साहसिक पर्यटन
- रोपवे और ईको-लॉज
- एडवेंचर और हेरिटेज
- ग्रामीण पर्यटन

### योग्य परियोजनाएं और निवेश प्रोत्साहन

इस नीति के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की पर्यटन इकाइयों को योग्य माना गया है। इसमें होटल, रिसॉर्ट, विरासत भवन, रोपवे, ईको-लॉज, योग एवं वेलनेस सेंटर, मनोरंजन पार्क, साहसिक पर्यटन सुविधाएं आदि शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक श्रेणी के लिए न्यूनतम निवेश और बुनियादी ढांचे की शर्तें तय की गई हैं, जिससे गुणवत्ता और निवेश को बढ़ावा मिले। साथ ही, सभी इकाइयों को राष्ट्रीय सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा।

### पूंजीगत और गैर-पूंजीगत प्रोत्साहन

इस नीति के तहत निवेशकों को दो श्रेणियों में प्रोत्साहन दिए जाएंगे।



इसके अंतर्गत प्रोत्साहनों को पूंजी निवेश सब्सिडी और अतिरिक्त प्रतिपूर्ति में विभाजित किया गया है, जैसे कि

- **एसजीएसटी की वापसी (नेट आउटपुट लायबिलिटी पर)**
- **भूमि पट्टे और मोर्गेज दस्तावेजों पर स्टांप शुल्क से छूट**
- **नई इकाइयों के लिए विद्युत शुल्क में छूट**
- **ब्याज अनुदान और विपणन सब्सिडी, व्यय के आधार पर प्रशिक्षण और कौशल विकास प्रोत्साहन**
- **देशी पर्यटकों, MICE कार्यक्रमों और ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन**

पिछड़े और दूरस्थ क्षेत्रों में स्थापित इकाइयों को पूंजीगत परिसंपत्तियों की लागत पर 50% तक की सब्सिडी दी जाएगी, जिससे क्षेत्रीय असंतुलन को दूर किया जा सके।

### मोदीनगर पुलिस व स्वाट टीम को मिली बड़ी सफलता

# 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मोदीनगर पुलिस और स्वाट टीम ग्रामीण जोन को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चोरी के अभियोग में वांछित व फरार चल रहे 25,000 के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक चोरी का मोबाइल फोन, एक मोटर साइकिल तथा दो नंबर प्लेट बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त चोरी की वारदातों में लिप्त था और लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर



चल रहा था। अभियुक्त पर चोरी और आपराधिक गतिविधियों के चलते गाजियाबाद पुलिस ने 25,000 का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस व स्वाट टीम लगातार उसकी तलाश में थी।

मोदीनगर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि इनामी अभियुक्त क्षेत्र में आने वाला है। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस व स्वाट टीम ग्रामीण जोन ने संयुक्त रूप से घेराबंदी की और अभियुक्त को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी का मोबाइल फोन, एक मोटर साइकिल और दो फर्जी नंबर प्लेट बरामद की गईं। थाना प्रभारी मोदीनगर ने बताया कि पुलिस लगातार अपराधियों के खिलाफ सक्रिय है और जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फरार अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इनामी अभियुक्त की गिरफ्तारी से यह साबित होता है कि अपराध कर फरार रहने वाले लोग अब ज्यादा दिनों तक बच नहीं सकते। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त अन्य मामलों में भी संदिग्ध पाया गया है। बरामद मोटरसाइकिल और नंबर प्लेट की जांच की जा रही है ताकि यह पता चल सके कि इन्हें कहां और किस उद्देश्य से इस्तेमाल किया जा रहा था। संभावना है कि अभियुक्त चोरी की वारदातों को अंजाम देने के बाद पहचान छिपाने के लिए फर्जी नंबर प्लेट का प्रयोग करता था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आवश्यक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# भोजपुर पीएचसी में हुआ राष्ट्रीय छयरोग उन्मूलन पर कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर में राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षयरोग (टी०बी०) से पीड़ित मरीजों को 40 पैकेट विशेष आहार वितरित किए गए, जिससे उन्हें बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो सके। यह पहल न केवल मरीजों के उपचार में सहायक सिद्ध होगी बल्कि "क्षयरोग मुक्त भारत" के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में विधायक डॉ मंजू शिवाच, ब्लॉक प्रमुख सुचेता



सिंह, विधायक प्रतिनिधि डॉ. करणवीर सिंह, बीडीओ पीयूष राय, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रवि (MOIC), डॉ. दीपक, डॉ. विवेक, संजय चौधरी सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन की नवीन कार्यकारिणी का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारतीय वैश्य ग्लोबल फाउंडेशन की महत्वपूर्ण बैठक सुधीर कुमार गोयल के मार्गदर्शन एवं अजय कुमार गोयल की अध्यक्षता में पिलखुवा नगर के लिए सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारियों को उनके उत्तरदायित्व सौंपे गए।

जिनमे धीरज गर्ग वाडीलाल महामंत्री, प्रशांत मित्तल कोषाध्यक्ष, नीरज गर्ग उपाध्यक्ष, बंटी भैया (टैक्स एडवोकेट) उपाध्यक्ष, अभिषेक अग्रवाल सह मंत्री, नीरज अग्रवाल सह मंत्री, तरंग मित्तल सह



कोषाध्यक्ष, दीपक गर्ग सह कोषाध्यक्ष, साथ ही निम्नलिखित सदस्यों को कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया जिनमे अर्पित सिंघल, सतीश सिंघल, नीरज गुप्ता, रजत गोयल, मनीष मित्तल, अमित मित्तल, विवेक सिंघल, हर्षित गर्ग, ललित मित्तल, शुभम माहेश्वरी को मनोनीत किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय मित्तल एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र गर्ग द्वारा सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।


## दीवार गिरने से मलबे में दबकर चार घायल

**गाजियाबाद।** नगर कोतवाली के पक्की मोरी मोहल्ले में सोमवार को दीवार भरभराकर गिर गई। मलबे में दबकर चार मजदूर घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। पुलिस का कहना है कि दीवार पुरानी होने के चलते उसकी मरम्मत का काम चल रहा था। जानकारी के मुताबिक नगर कोतवाली के पक्की मोरी मोहल्ले में रहने वाले मदनपाल अपने मकान दीवार की मरम्मत कराने के लिए उसे उखड़वा रहे हैं। बुधवार सुबह मजदूर दीवार की ईंटे उखाड़ रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान दीवार भरभराकर गिर पड़ी और चार मजदूर उसके मलबे में दबकर घायल हो गए।

# ब्लॉक भोजपुर में हुआ क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विकास खण्ड भोजपुर गाजियाबाद स्थित शहीद भगत सिंह सभागार में क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ . मंजू शिवाच विधायक मोदिनगर रही एवं बैठक की अध्यक्षता सुचेता सिंह ब्लॉक प्रमुख भोजपुर ने की बैठक में मुख्य रुप से वित्तीय वर्ष 2025 एव 2026 के विकास कार्यों पर चर्चा हुई खंड विकास अधिकारी पीयूष चंद्र राय ने बैठक की शुरुआत की जिसमें उन्होने वितय खर्च्च के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी एवं मंच का ADO ISB JN Roy ने किया तथा समस्त ग्राम प्रधान गण एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य गुणों को समस्त विभागों से विभिन्न विभिन्न प्रकार की योजनाओं के



बारे में जानकारी दी गई।

बैठक में सुचेता सिंह के द्वारा अपने चार साल के कार्यकाल में कराए गए विकास कार्यों की प्रशंसा समस्त ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र सदस्यगुणों द्वारा की गई डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि जैसे राज्य एवं केंद्र की सरकारें डबल इंजन की सरकार एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं ठीक उसी प्रकार हम भी अपने विकास खण्ड भोजपुर एवं विधान सभा मोदीनगर में हम दोनों ही डबल इंजन बनकर विकास की गाड़ी को निरंतर ग्रामीण क्षेत्र से होकर शहर तक जन जन तक पहुँचाने का काम कर रहे हैं लक्ष्य है कि आगामी वर्षों में कोई भी गाँव या शहर का मोहल्ला विकास से अछूता नहीं रहेगा।

वहीं सुचेता सिंह ने विधायक का धन्यवाद करते हुए अपने वख्तावय में बताया कि मैंने निरंतर प्रधान के अपने ंति से ब्लॉक प्रमुख तक का सफर विकास के दम पर तय किया है और मेरी प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम छोर में रहने वाले व्यक्ति के जीवन व्यापन से लेकर उसकी सभी सुविधाओं तक का विकास करने का लक्ष्य रहेगा एवं सभी ग्राम प्रधान बीडीसी को अपने रीढ़ की हड्डी बताते हुए कहा कि आप सब मेरी ताकत हैं जिनसे मुझे इस ग्रामीण क्षेत्र की सभी समस्याओं के बारे में पता चलता है तथा राज्य एवं केंद्र सरकार के द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं को क्रियान्वयन करने में आपकी अहम भूमिका रहती है।

### पंजाब में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए जमा की राशि

# रालोद पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपे चेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री चौधरी जयन्त सिंह के निर्देशानुसार पंजाब में आई भीषण बाढ़ आपदा से प्रभावित लोगों की सहायता हेतु सहका. रिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने अपने गन्ने के पेमेंट में से दो लाख ईकयावन हजार (251000) रुपए का चेक राहत कार्यों के लिए चौधरी जयंत सिंह को समर्पित किया। गाजियाबाद से ही देवेंद्र व योगेंद्र पतला के अलावा रालोद के अनिल कुमार मंत्रीश सांसद डॉ राजकुमार सांग. वानश सांसद चंदन चौहान, नेता



सदन रालोद राज्यपाल बालियान, विधायक अशरफ अली खान, विधायक प्रसन्न चौधरी, विधायक मिथिलेश पाल, विधायक अजय कुमार, विधायक गुलाम मोहम्मद, एमएलसी योगेश नौवार, विधायक मदन भैया, पूर्व विधायक नूर सलीम राणा, पूर्व विधायक राव वारिसश मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, वरिष्ठ नेता सुनील रोहटा, पीतम प्रमुख, प्रमुख प्रतीक भरंगर, प्रदेश सचिव विजय कौशिक, रालोद के वरिष्ठ नेता विश्वास आदि जिम्मेदार साथियों नें चौधरी जयंत सिंह को चेक देकर सहयोग किया।

यह सहयोग एक जुटता का प्रतीक है इस कठिन समय में हम सबका नैतिक दायित्व है कि पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए आगे आएं। इस कठिन घड़ी में राष्ट्रीय लोकदल परिवार सभी बाढ़ पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा हुआ है।

## मामा विधायक हैं हाथ कैसे लगाया

**गाजियाबाद।** लोहिया नगर में चाप विक्रेता से विवाद के बाद युवकों ने हंगामा किया। इस दौरान पुलिसकर्मी पहुंचे तो एक युवक ने रौब गांठते हुए कहा कि विधायक हैं मेरे मामा, हाथ कैसे लगाया। इसके बाद पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की भी की। पुलिस ने सात युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक लोहियानगर चौकी क्षेत्र में कुछ युवक रविवार देर शाम चाप की एक दुकान पर गए थे। वहां किसी बात को लेकर युवकों की चाप विक्रेता से कहा. सुनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई। दुकानदार ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी।

# आरएसएस जिलाध्यक्ष लिखी इनोवा गाड़ी पर लोगों को डराने वाला युवक गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट गाजियाबाद की स्वाट टीम क्राइम ब्रांच और थाना विजयनगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जो अपनी इनोवा कार पर "आरएसएस जिलाध्यक्ष" लिखवाकर आम जनता पर रोब जमाता था। पुलिस ने गिरफ्तार व्यक्ति के कब्जे से इनोवा वाहन, आरएसएस का झंडा और संगठन का स्टिकर बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार व्यक्ति विजयनगर क्षेत्र में अपनी इनोवा गाड़ी पर "आरएसएस जिलाध्यक्ष" लिखवाकर घूमता था। वाहन पर लगे संगठन के झंडे और स्टिकर का इस्तेमाल कर वह लोगों को अपनी धाक दिखाता और प्रशासनिक दबाव का माहौल बनाने की कोशिश करता था। इससे वह आम लोगों को प्रभावित कर अवैध तरीके से फायदा उठाने की फिराक में रहता था। स्वाट टीम और थाना विजयनगर पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति गाड़ी पर आरएसएस का नाम लिखाकर लोगों को धमकाता है और गलत तरीके से प्रभाव जमाने की को. शिश करता है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। मौके पर पुलिस ने इनोवा वाहन को कब्जे में लिया और वाहन से आरएसएस का झंडा व स्टीकर बरामद किए। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी किसी भी प्रकार से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ा हुआ नहीं है। उसने केवल लोगों को गुमराह करने और अपने निजी स्वार्थ के लिए संगठन के नाम का इस्तेमाल किया। वाहन पर जिलाध्यक्ष लिखवाकर वह आम नागरिकों और अधिकारियों के बीच भय पैदा करता था, जोकि गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। थाना विजयनगर प्रभारी ने बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और उससे पूछताछ जारी है।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई ने की कमेटी की घोषणा

### नवनियुक्त पदाधिकारियों को विधयक ने वितरित किए सदस्यता प्रमाण पत्र



**वहीं इसी क्रम में जिलाध्यक्ष प्रीतम लाल ने युवा इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारियों को सयुक्त रूप से शपथ दिलाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई के जिलाध्यक्ष आशीष शर्मा ने कार्यक्रम आयोजित कर अपनी कमेटी की घोषणा की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहर के लोकप्रिय विधायक संजीव शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, जिलाध्यक्ष प्रीतम लाल उपस्थित रहें।

सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों व कार्यक्रम में आए लोगों ने उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक व पूर्व सांसद स्वर्गीय श्याम बिहारी मिश्रा जी के चित्र पर पुष्पर्पित कर उन्हें नमन किया गया, वहीं व्यापारियों द्वारा मुख्य अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

जिलाध्यक्ष आशीष शर्मा ने कार्यक्रम में आये मुख्य अतिथियों व अन्य लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने व्यापार मंडल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहर विधायक संजीव शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, जिला अध्यक्ष प्रीतम लाल, मेरठ मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल सवारियां, युवा महामंत्री प्रदेश कमेटी राजू छाबड़ा द्वारा युवा इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारियों को सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किये।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई के जिलाध्यक्ष आशीष शर्मा द्वारा बड़ी माला के साथ में मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया। वही इसी क्रम में जिलाध्यक्ष प्रीतम लाल ने युवा इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारियों को सयुक्त रूप से शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विधायक संजीव शर्मा, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में मनाया गया शिक्षक सप्ताह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आई.टी.एस डेन्टल कॉलेज के पीडीऐट्रिक एण्ड प्रिवेंटिव डेन्टिस्ट्री विभाग के द्वारा शिक्षक सप्ताह बहुत धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे भारत वर्ष में शिक्षक दिवस 5 सितंबर को मनाया जाता है। 5 सितम्बर, 1888 को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन है, जो भारत के दूसरे राष्ट्रपति थे।

इस सप्ताह समारोह के दौरान गाजियाबाद और उसके आसपास के 40 से अधिक स्कूलों के शिक्षकों और छात्रों के लिए दंत चिकित्सा शिविर लगाये गये जिसमे उनकी मौखिक जांच और उपचार किया गया। इसके साथ ही शिक्षकों को मौखिक स्वच्छता और रखरखाव



के महत्व के लिए एक स्वास्थ्य वार्ता भी दी गयी। इसके साथ ही संस्थान में डेंटल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों और उनके परिवार के लिए डेंटल चेकअप और उनका उपचार किया गया।

शिक्षकों को खेल की चोट के लिए जागरूकता, निवारक उपायों और चोट के बाद क्षेत्र में संभावित प्राथमिक उपचार के बारे में खेल शिक्षकों के लिए भी अहम चर्चा का आयोजन किया गया। विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, नेत्रहीन स्कूलों और विशेष स्वास्थ्य देखभाल की जरूरत वाले बच्चों के लिए स्कूलों के शिक्षकों के लिए शि. विर आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों को मौखिक स्वास्थ्य और बीमारी के प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया। पीडीऐट्रिक एण्ड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग ने कार्यक्रम के दौरान बच्चों को कक्षा में सर्वश्रेष्ठ और दर्द रहित दंत अनुभव प्रदान करने तथा बच्चों को विभिन्न नवीनतम सुविधाएं प्रदान करने के लिए पहल की है। जिसमें लेजर ट्रीटमेंट, नाइट्रस-ऑक्साइड (लाफिंग गैस) डे केयर सिडीशन, कम्प्यूटरीकृत एनेस्थीसिया, आदि है।

बच्चों और किशोरों के लिए दंत चिकित्सा आज के समय में पूर्ण रूप से दर्द रहित है। संस्थान के पीडीऐट्रिक एंड प्रिवेंटिव डेंटिस्ट्री विभाग में बच्चों के दंत चिकित्सा के इलाज को ध्यान में रखते हुए विभाग में प्रत्येक डेंटल चेयर एलईडी टीवी से युक्त है जिसमें बच्चों के मनोरंजन के लिए कार्टून की सुविधा भी उपलब्ध है।

इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।

# आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस वर्ष का विषय ''स्वस्थ एवं बुढापा'' रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ रूचि वार्श्रेय (कोषाध्यक्ष, भारतीय फिजियोथेरेपिस्ट संगठन एवं राष्ट्रीय प्रमुख, महिला प्रकोष्ठ) तथा विशिष्ट अतिथि डॉ चारुस्मिता जेमिनी (प्रमाणित पिलोटेस प्रशिक्षक एवं निदेशक वैष्णो फिजियोथेरेपी तथा खेल चोट उपचार केन्द्र) एवं प्रधानाचार्य डॉ एम थंगराज द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर अतिथियों




का स्वागत एवं सम्मान प्रधानाचार्य द्वारा किया गया डॉ एम थंगराज ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए इस वर्ष की थीम ''स्वस्थ एवं बुढापा'' पर प्रकाश डाला तथा स्वस्थ जीवनशैली और रोग-निवारण में फिजियोथेरेपी की भूमिका को विस्तार से समझाया। रगोली, मुख्य-चित्रण, बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट तथा चिन्ह निर्माण जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। पोस्टर प्रस्तुति नाटिका, विज्ञापन नाटिका, लघु चलचित्र एवं फिजियो खेल का आयोजन हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने निर्देशन, अभिनय और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि डॉ रुचि वार्श्रेय ने अपने व्याख्यान में बढ़ती आयु में होने वाली सामान्य बीमारियों, उनके निवारण तथा जीवन को सक्रिय और स्वस्थ बनाए रखने में फिजियोथेरेपी की महत्ता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य और उनके दीर्घकालिक देखभाल में फिजियोथेरेपी की उपयोगिता पर जोर दिया।

डॉ चारुस्मिता जेमिनी अपने सत्र में पिलोटस और व्यायाम पद्धतियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित अभ्यास से वृद्धावस्था में भी लचीलेपन संतुलन और मान. सिक स्वास्थ्य को बनाए रखा जा सकता है। कार्यक्रम के अन्त में प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया साथ ही साथ हाल ही में विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में सम्मानित हुए एमपीटी फिजियोथेरेपी पाठ्यक्रम 2021-22 बैच की परीक्षा में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली छात्रों को संस्थान की तरफ से रू0 15000/- की धनराशि एवं सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाली छात्रा भारती अग्रवाल को रू0 10000/- की धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सभी विद्यार्थियों ने आईटीएस - दी एजूकेशन ग्रुप के अध्यक्ष डॉ आरपी चड्ढा तथा उपाध्यक्ष अर्पित चड्ढा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। अध्यक्ष जी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और उपाध्यक्ष के निरंतर प्रोत्साहन से ही संस्थान सदैव विद्यार्थियों को सर्वोत्तम अवसर उपलब्ध कराता है। उनके सहयोग और प्रेरणा ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## छज्जा गिरने से चार साल के बच्चे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नरेला इलाके में छज्जा गिरने से एक चार साल के बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नरेला पुलिस को शाम चार बजे गली नंबर ३, प्रेम कॉलोनी, खसरा नंबर २९/०५ पर पुराना छज्जा गिरने से बच्चे के घायल होने की पीसीआर कॉल मिली थी।

पुलिस मौके पर पहुंची। बारिश के कारण मकान के एक पुराने छज्जे का एक हिस्सा गिर गया था। पहली मंजिल पर लोहे के गर्डरों पर टिका एक पुराना छज्जा है जिसके दोनों ओर शौचालय था। बच्चे को परिवार वाले पहले ही सत्यवादी राजा हरिशचन्द्र अस्पताल ले गए थे। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हादसे वाली जगह से फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये।

# विकसित दिल्ली बनाने में सरकार की पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की रेखा सरकार ने देश की राजधानी को सही मायनों में 'विकसित दिल्ली' बनाने के लिए एक और महत्वपूर्ण पहल की है। दिल्ली की तीन बड़ी चुनौतियों जैसे यमुना का प्रदूषण, कूड़े के पहाड़ व वायु प्रदूषण को प्रभावी रूप से खत्म करने के लिए उद्योग व कॉरपोरेट जगत को भी जोड़ा जाएगा। सरकार का मानना है कि यह पहल माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के संदर्भ में सरकार और उद्योग की साझेदारी के अंतर्गत किए गए कई सफल प्रयासों की ही कड़ी है। मुख्मंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यमुना नदी को स्वच्छ व निर्मल बनाना हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर राजनिवास में दि 'यमुना और दिल्ली का पुनर्जीवन- एक सीएसआर संवाद' का आयोजन किया गया। उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना के साथ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने इसकी अध्यक्षता की। संवाद में सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के अतिरिक्त शीर्ष उद्योग संघों के प्रतिनिधि, भारतीय उद्योग, कॉरपोरेट जगत, सार्वजनिक उपक्रमों के प्रमुख भी शामिल हुए। संवाद में दिल्ली जल बोर्ड की ओर से उन क्षेत्रों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जहां उद्योग जगत के साथ साझेदारी स्थापित की जा सकती है। संवाद में उपराज्यपाल श्री वीके सक्सेना ने कहा कि नई सरकार को विरासत में मिली तीन बड़ी समस्याएं- यमुना नदी का प्रदूषण, ठोस कचरे के पहाड़ और वायु प्रदूषण, दिल्ली की मुख्य चुनौतियाँ हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय राजधानी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनामी दिलाई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इन समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी दिखने लगे हैं। उपराज्यपाल ने कहा कि इस दिशा में प्रयास तभी सफल होंगे जब समाज के हर वर्ग, विशेषकर कॉरपोरेट क्षेत्र, सीएसआर के माध्यम से अपनी भूमिका निभाएं।

संवाद में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी उपरोक्त तीन विरासत में मिली समस्याओं का उल्लेख किया और कहा कि समस्याओं से निपटने के लिए उद्योग जगत से अपेक्षित सहयोग मुख्य रूप से सीवेज ट्रीटमेंट की तकनीक एवं प्रौद्योगिकी और ऐसी कार्य-संस्कृति का विकास है, जिससे यमुना नदी का प्रदूषण स्थायी रूप से समाप्त हो सकता है। श्रीमती गुप्ता ने सुझाव दिया कि उद्योग अपने सीएसआर उपक्रमों के अंतर्गत एक 'कॉर्पस फंड' स्थापित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड उद्योगों को ऐसी परियोजनाओं की सूची उपलब्ध कराएगा, जिनमें वे अपने सीएसआर फंड का सीधा उपयोग कर सकें। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना था कि यमुना को निर्मल व स्वच्छ रखना उनकी सरकार की प्राथमिकता है। हमारी सरकार उसे फिर से पुराने रूप में लौटाना चाहती हैं, जिसकी इच्छा दिल्ली के लोग भी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की चुनौतियां बड़ी हैं, लेकिन सरकार, उद्योग और समाज एक साथ काम करें तो किसी भी समस्या का समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पूरी नीयत और ईमानदारी से दिल्ली को स्वच्छ, हरित और प्रदूषण-मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी कार्य-संस्कृति विकसित करनी होगी, जिसमें परियोजनाएं अगले ५० वर्षों तक पर्यावरण की रक्षा करती रहें।

## नहर में डूबने से दो की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शालीमार बाग स्थित हैदरपुर नहर में दो नाबा. लिगों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान ९ साल के अनिकेत और १३ साल के कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। दोनों अपने परिवार के साथ आयुर्वेदिक अस्पताल के पास बनी झुग्गी बस्ती में रहते थे। अनिकेत के परिवार में पिता और दो भाई हैं,जबकि मां का पहले ही देहांत हो चुका है। जबकि कृष्ण कुमार की भी मां का देहांत हो चुका है। परिवार में पिता, १ बड़ा भाई, १ छोटा भाई और १ बहन है। दोनों के पिता मजदूरी करते हैं। शालीमार बाग पुलिस को रात दस बजकर १७ मिनट पर हैदरपुर नहर में दो बच्चों के डूबने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला कि दो बच्चों को नहर से अचेतावस्था में बाहर निकालकर नजदीक के बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अस्पताल पहुंची। डॉक्टरों ने दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। जांच में पता चला कि दोनों बच्चे अपने साथियों के साथ नहर में नहाने गए थे। उस वक्त उनके पिता नौकरी पर गए हुए थे। परिवार को भी किसी ने मामले की जानकारी नहीं दी थी। जब नहा रहे थे। उसी वक्त दोनों का पैर फिसल गया था। जिससे दोनों डूब गए थे। उनके साथियों ने शोर मचाकर उनको बचाने की कोशिश की थी।

## कारोबारी के घर चोरी करने वाला नौकर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाराखंभा रोड स्थित कारोबारी के घर से लाखों के आभूषण, भारतीय और विदेशी करेंसी चोरी कर फरार नौकर को बाराखंभा रोड पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान सीतापुर यूपी के रिंकू के रूप में हुई है। मोबाइल जांच से संदिग्ध यूपीआई लेनदेन और डिजिटल साक्ष्य भी मिले हैं। संगम विहार स्थित उसके घर से चोरी के सामान भी बरामद हुए। कुछ सामान आरोपित ने अपने गांव भेजा था। जिसकी बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है। उपायुक्त देवेश कुमार महला के मुताबिक, सतेन्द्र सिंह छाबड़ा ने बाराखंभा रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि कस्तुरबा गांधी मार्ग स्थित उनके घर से घरेलू नौकर रिंकू भारतीय व विदेशी करेंसी के अलावा और लाखों रुपये मूल्य के आभूषण चोरी कर फरार हो गया है। उनकी शिकायत पर छह सितंबर को मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। इसके बाद टीम ने उसे रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके मोबाइल फोन की जांच में बड़े पैमाने पर संदिग्ध यूपीआइ लेनदेन पाए गए। उससे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने चोरी की बात कबूल कर ली।



दिल्ली के प्रेस क्लब में आयोजित दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता के दौरान विशिष्ट अतिथिगण के साथ प्रतिभागी फोटोग्राफर्स।

## दो दिवसीय फोटो एग्जिबिशन व प्रतियोगिता संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मीडिया फोटो जर्नलिस्ट ट्रस्ट एवं प्रेस क्लब ने साथ मिल कर के प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में दो दिवसीय फोटो एग्जिबिशन एवं प्रतियोगिता आयोजित की।

इस अवसर पर नेशनल मीडिया के 25 फोटो जर्नलिस्टों ने भाग लिया इस अवसर पर अति विशिष्ट अथितियों आकाश कुमार बीइंग हार्ट फाउंडेशन संस्थापक , विपिन गोयल बीजेपी मेंबर,डॉ. संजय सोलंकी, सर गंगा राम अस्पताल , निशी सिंह नाद फाउंडेशन संस्थापक ,सिंगर. नित्यानंद तिवारी वीएल मीडिया पब्लिकेशन और पी आर सलेश गिरी , मनोज जैन पार्षद बीजेपी, परमजीत सिंह पम्मा ,नीरज ठाकुर सेक्रेटरी जर्नल, संतूर वादक अभय सोपोरी, सूफी गायक रागिनी रेनू,डॉक्टर धीरेन्द कुबेर आर एम एल हॉस्पिटल दीपक तंवर पूर्व प्रत्यासी देवली विधान जी सतेंद्र त्रिपाठी, रविन्द्र कुमार एग्जीक्यूटिव मेम्बर पीसीआई डॉ. आमना मिर्जा आदि ने ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मीडिया जगत से जुड़े अनेक प्रतिभाशाली फोटोग्राफर्स की कला और समर्पण देखते बनता था उनकी मेहनत और दृष्टिकोण समाज को सही दिशा में प्रेरित करने का कार्य कर रही हैं। वंही नवल हंस अध्यक्ष ट्रस्ट ने अति उत्तम काम कर रहे इस अवसर पर कमर सिबतेंन विजय वंर्मा वसीम सरवर हेमन्त रावत जगजीत सिंह सुरेंद्र सिंह कनन सरन ट्रस्ट के पदधिकारी मौजूद रहे इस अवसर पर कमलजीत सिंह सुनील मल्होत्रा शंकर चक्रवर्ती जी एन झा इन सभी ज्यूरी मेम्बर ने अवार्डीयो को जज किया जिसे प्रथम पुरस्कार। मानवेन्द्र। वशिष्ट (पीटीआई) दूसरा मुकेश अग्रवाल (ट्रिब्यून ) तीसरा पुरस्कार विवेक निगम (अमर उजाला) ओर साथ ही पांच फोटो जर्नलिस्टों कोनशूलेशन प्राइस दिए गए जिसमे इम्तियाज खान मिहिर सिंह धुर्व कुमार नीरज कोली सुमित पाल को दिया गया।

## 'आप' चीफ संजीव झा ने सीएम को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आई बाढ़ के चलते निचले इलाकों में यमुना नदी का पानी भर जाने के कारण फसलें जलमग्न हो गई हैं और इससे सैकड़ों किसानों को बड़ा नुकसान हुआ है। किसानों के सामने आजीविका का गंभीर संकट पैदा हो गया है। लिहाजा, इससे बचाने के लिए आम आदमी पार्टी विधायक दल के चीफ व्हिप संजीव झा ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को चिट्ठी लिखी है और फसलों के नुकसान के लिए किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा देने की मांग की है। संजीव झा ने कहा कि यमुना नदी में आई बाढ़ के कारण बुराड़ी समेत दिल्ली के निचले इलाकों में किसानों की फसलें जलमग्न हो गई हैं।

# छोटी सी बात पर हुए विवाद में दोस्ता को पीटकर मार डाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लाउंज में पार्टी,शराब और फिर छोटी सी बात पर हुए विवाद में सर्जिकल आइटम का कारोबार करने वाले दोस्त की लाठी डंडों से पीट पीटकर हत्या। साउथ रोहिणी पुलिस ने मामले में मृतक के तीन दोस्तों को गिरफ्तार किया है। जबकि दो की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन का कहना है कि यह मामला नशे और छोटे विवाद से शुरू हुआ, जो हत्या तक पहुंच गया। २ अन्य आरोपी अभी फरार हैं। जिनको पकड़े के लिये उनके ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते शनिवार की दोपहर करीब एक बजे बुराड़ी पुलिस को एक पीसीआर कॉल मिली थी। बताया गया कि संत नगर मैंन मार्किट,गली नंबर २२ में रहने वाले हबीब रहमान (२७) की उसके दोस्तों ने पिटाई की और बाद में अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया है।

पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। मामला दर्ज किया। जांच में पता चला कि हबीब सर्जिकल आइटम का कारोबार करता था। परिवार में माता पिता,दो भाई,पत्नी और डेढ साल का बेटा है। बीते शुक्रवार की देर शाम हबीब अपने पुराने पांच दोस्तों के साथ उनमें से एक की कार से रोहिणी स्थित ग्रीन फ्यूजन लाउंज में एक पार्टी में गया था। अक्सर वह महीने में एक दो बार चला जाता था। बाद में, रोहिणी के डब्ल्यू मॉल स्थित यश बार में, कुछ मामूली विवाद हुआ, जिसमें हबीब ने मुख्य आरोपी को बीयर की बोतल से मारा। आरोपी ने अपने चचेरे भाई के साथ मिलकर उस पर हमला किया। इस वक्त दो दोस्तों ने ऐसा करने से मना भी किया था। उनको धमकी मिली थी कि बीच में पडने की जरूरत नहीं हैं,अंजाम यहीं होगा।

बताया गया कि हबीब रहमान जहां पर रहता था। वह एरिया वजीराबाद थाने में आता है। वजीराबाद की भी पुलिस

**तीन दोस्तों को गिरफ्तार किया, दो की तलाश में छापेमारी**

मौके पर पहुंची थी। परिवार वालों से पूछताछ की,जिसके बाद बुराड़ी और वजीराबाद पुलिस ने मामले को साउथ रोहिणी पुलिस को सौंप दिया। जिसके बाद तीनों की गिरफ्तारी संभव हो सकी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने रोहिणी के ग्रीन फ्यूजन लाउंज के कर्मचारियों से पूछताछ की है। उनके बयान दर्ज किये है,साथ ही सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी कब्जे में लिया है। आरोपी लाउंज के बाद गाजीपुर किस रूट से गए थे। उस रूट के बारे में भी पता किया है। यही नहीं आरा. पी विक्की की गाजीपुर फॉर्म डेयरी के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और डेयरी के अंदर से सबूत और वारदात में इस्तेमाल डंडों को भी सबूत के तौर पर कब्जे में लिया है।

हबीब को कार की डिक्की में जबरन डालकर, अपनी एक डेयरी फार्म में ले जाया गया और बंधक बनाने के बाद उसकी लाठी डंडों से बुरी तरह से पिटाई की। उसके चेहरे और गर्दन को छोडकर शरीर के बाकी हिस्से पर डंडो के अनगिनत निशान थे। जब पिटाई करते करते तीनों थक गए और हबीब को अचेतावस्था में कर दिया। उसके बाद तीनों ने दोबारा से हबीब को डिक्की में डाला और उसके घर के लिये निकल गए थे।

रात को घर पर बोलकर गए थे कि वो दोस्तों के साथ फंक्शन व शादी में जा रहे हैं। तडके करीब साढ़े तीन बजे उनके तीनों दोस्त लेकर आए थे। बोला कि थाने में नहीं बताना,परेशानी हो जाएगी। उसके बाद तीनों चले गए थे। हबीब के शरीर पर अनगिनत निशान थे। उनको शक है कि बांधकर पीटा गया था। उन्होंने वजह तक नहीं बताई थी। बस यह बताया था कि पीतमपुरा में वारदात हुई थी।

## वकीलों ने अपनी हड़ताल वापस ली

**शा ह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अदालत में सुनवाई के दौरान पुलिस अधिकारियों को मिलने वाली छूट का विवाद में वकीलों के विरोध के चलते एलजी के इस आदेश को निरस्त करने पर सहमति बन गई है। इसीलिए अब से सभी पुलिस अधिकारी प्रत्यक्ष रूप से अदालत में उपस्थित होकर गवाही देंगे। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली बार एसोसिएशन की कोऑर्डिनेशन कमेटी की लंबित मांग का स्वीकार कर लिया गया है। अब से सभी पुलिस अधिकारी प्रत्यक्ष रूप से अदालत में उपस्थित होकर गवाही देंगे।



फूलवालों की सैर की तैयारियों को लेकर दिल्ली सचिवालय में कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

## 'फूलवालों की सैर' को भव्य रूप से मनाएगी दिल्ली सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को बताते त्योहार 'फूलवालों की सैर' को एक बार फिर भव्य रूप से मनाने की दिशा में दिल्ली सरकार ने कदम उठाये हैं। इस संबंध में आज दिल्ली सचिवालय में कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, राजस्व विभाग, दिल्ली वक्फ बोर्ड एवं अंजुमन सैर-ए-गुल फरोशन सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।बैठक के दौरान मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि त्योहार 'फूलवालों की सैर' दिल्ली की पहचान है और दिल्ली सरकार की पूरी कोशिश है कि सदियों से चली आ रही इस परंपरा को फिर से जीवंत किया जाए। इस वर्ष यह उत्सव 2 नवम्बर से 8 नवम्बर तक भव्य तरीके से मनाया जाएगा। उन्होंने आगे निर्देश दिए कि एक सप्ताह तक चलने वाले इस आयोजन में सभी विभाग अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहा. सिक बनाने के लिए ठोस योजना प्रस्तुत करें।

## उम्रकैद का फरार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रेम विवाह को लेकर उपजी दुश्मनी में दो हत्याएं करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। आजीवन कारावास की सजा काट रहा आरोपी पैरोल मिलने के बाद पिछले छह वर्षों से फरार था।

आरोपी की पहचान जनता कॉलोनी, वेलकम के नौशाद के रूप में हुई है। २०१९ में दो हफ्ते की पैरोल मिलने के बाद वह फरार हो गया था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लोनी गाजियाबाद में रह रहा था। उपायुक्त संजीव कुमार यादव के मुताबिक, शनिवार को हेड कांस्टेबल ललित चौधरी को आरोपी के बारे में गुप्त जानकारी मिली। जांच करने पर पता चला कि नौशाद पैरोल जंप करने के बाद फरार हो गया था और वर्तमान में लोनी देहात में रह रहा है। तकनीकी निगरानी से उसके स्थान का पता लगाया गया और उसे पकड़ने के लिए इंस्पेक्टर के.के. शर्मा के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित की गई।

वहीं, टीम ने जाल बिछाते हुए शादतपुर एक्सटेंशन, डीपीए वजी. राबाद के पास, मेन पुश्ता रोड से नौशाद को गिरफ्तार कर लिया। २७ मार्च २००६ को, जनता कालोनी, वेलकम में झगड़े की सूचना पुलिस को मिली थी। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि पप्पू (शिकायतकर्ता इमरान का भाई) और अनीशा (मां) के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और हीना (बहन) को चाकू के कई घावों से गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। वहीं, जांच करने पर पता चला कि पड़ोसी नौशाद, दिलशाद, इसरार, हसीन, रानू, शमीम और एक किशोर की पीड़ितों के परिवार के साथ लंबे समय से दुश्मनी थी, जो २००६ की शुरुआत में आरोपित शमीम की बेटी और कई सह-आरोपितों की बहन शबनम और शिकायतकर्ता के भाई इशरत के बीच हुए प्रेम विवाह से उपजी थी। इस शादी का शबनम के परिवार ने कड़ा विरोध किया था और बार-बार धमकियां दीं। घटना वाले दिन आरोपित पीड़ितों के घर में जबरन घुस गए, पप्पू और अनीशा को करीब से गोली मार दी और हीना पर चाकू से हमला किया।

# दिव्यागजनों को नि:शुल्क उपकरण प्रदान करने को लेकर पंजीकरण परीक्षण शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा शाहदरा जिला के कार्यालय 'अटल भवन' 1, विज्ञान लोक दिल्ली में दिव्यागजनों के लिए (कृत्रिम अंग, बैसाखी, वॉकर, ट्राइसाइकिल, व्हील चेयर, वॉकिंग स्टीक आदि) एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए (छड़ी, वॉकर, व्हीलचेयर, कान की मशीन, चश्मा, कृत्रिम दांत आदि) नि:शुल्क उपकरण प्रदान करने हेतु पंजीकरण परीक्षण शिविर लगाया गया जिसमें दोपहर 2 बजे तक १५६ पंजीकरण हो गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने बताया पूर्वी दिल्ली लोकसभा स्तर पर भाजपा शाहदरा जिला व मयूर विहार जिला- दोनों जिलों के सभी विधायक एवं पार्षद साथियों के साथ आगामी सेवा पखवाड़ा (17 सतंबर 25 से 2 अक्टूबर 25 तक) जोकि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के पावन जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाएगा और पूर्वी दिल्ली लोकसभा में विशाल स्तर पर मनाया जाएगा।



यह पंजीकरण शिविर सभी विधानसभाओं और निगम वार्डों में क्षेत्रीय जनता की आवश्यकता व सुविधा प्रदान करने के लिए लगाए जा रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा 17 सितंबर 25 से सभी विधानसभाओं में पंजीकृत लोगों को फिर से शिविर लगाकर नि:शुल्क वित. रित किए जाएंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी का संकल्प है कि समाज के अंतिम व्यक्ति के साथ साथ दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक के कल्याण के लिए सरकार की हर योजना का लाभ उन्हें मिलें, यह सुनिश्चित करना हमारा लक्ष्य है। हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि 'सेवा पखवाड़ा' जनसेवा और समाजहित के कार्यों को बढ़ावा देने का अभियान हैं।

इस दौरान रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसका उद्देश्य समाज में सेवा भावना, सहयोग और जनकल्याण की सोच को बढ़ाना है। भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा हैं ष्सेवा पखवाड़ाष हर वर्ष 17 सितम्बर से २ अक्टूबर तक मनाया जाता है। यह प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू होकर महात्मा गांधी जयंती तक चलता है। समय देशवा. सियों को ष्सेवा ही संगठनष और ष्सबका साथ, सबका विकासष के मंत्र से जोड़ने का अवसर देता है।

सेवा पखवाड़ा हमें सिखाता है कि राष्ट्र निर्माण में सबसे बड़ा योगदान सेवा और समर्पण से होता हैइस अवसर पर भारत सरकार में केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक मदनलाल गाबा, उपाध्यक्ष सुशील उपाध्याय व भूषण ठक्कर, महामंत्री रमेश गुप्ता व गीता शर्मा,शाहदरा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, पार्षद ड्रॉ मोनिका पंत, मण्डल अध्यक्ष सचिन शर्मा, पवन वर्मा, वार्ष्णेय संयोजक पूनम अरोड़ा, डिंपल खन्ना, ड्रॉ अनीता, रामअवतार भट्ठे वाले सहित सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

## भक्तों की भावनाएं कुचलने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित श्री दुर्गा मंदिर में चार दशकों से निरंतर आयोजित हो रहा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव इस बार विवादों में आ गया। 16 अगस्त की रात जैसे ही आयोजन शुरू हुआ, अमर कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुँची और कार्यक्रम को जबरन रोक दिया। पुलिस ने मंदिर परिसर की लाइट्स बंद कराईं, साउंड सिस्टम जब्त कराया और श्रद्धालुओं को दर्शन तक से रोक दिया। रातों-रात मंदिर के चारों ओर बैरिकेडिंग कर दी गई, पंडाल हटवा दिया गया और भक्तों को बाहर सड़क पर खड़ा रहने को मजबूर होना पड़ा, शिकायतकर्ता सुनील दत्त कनो. जिया महासचिव श्री दुर्गा मंदिर



ईस्ट ऑफ कैलाश का कहना है कि उनके पास ट्रैफिक पुलिस की लिखित अनुमति मौजूद थी, बावजूद इसके दिल्ली पुलिस ने आयोजन पर रोक लगा दी। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बार-बार अनुरोध किया और परमिशन कॉपी दिखाई, लेकिन पुलिस ने एक न सुनी। सुनील दत्त कनोजिया कहा कि दूसरी ओर आईएसकॉन मंदिर के लिए न केवल पार्क की दीवार तोड़कर जूते-चप्पल रखने का स्टैंड बनाया गया, बल्कि श्री दुर्गा मंदिर के सामने ही स्वचालित शौचालय भी लगवा दिए गए। इससे श्रद्धालुओं को भारी परेशानी और अपमानजनक स्थिति का सामना करना पड़ा।

# बच्चा चोरों का इंटरस्टेट गिरोह बेनकाब

**बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों से बच्चों को चुराने वाले 10 गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व जिले की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने बच्चों के अपहरण और तस्करी में लिप्त एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया। वे बस अड्डों और रेलवे स्टेशनों से बच्चों को चुराते थे। इस ऑपरेशन में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में दिल्ली के सराय काले खां से चुराए गए एक ६ महीने के बच्चे को आगरा से और पांच अन्य बच्चों को अलग-अलग स्थानों से बरामद किया गया। बच्चा चुराने का ऑर्डर आगरा के एक डॉक्टर ने दिया था। पूछताछ के बाद खुलासा होते-होते इस रैकेट के तार दिल्ली से शुरू होकर हरियाणा, राजस्थान और यूपी होते हुए उत्तराखंड तक जा पहुंचे। इस तरह दिल्ली पुलिस ने एक बच्चे की तलाश शुरू करते हुए ६ बच्चों को तस्करों से सुरक्षित बचा लिया। इस संबंध में पुलिस की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते २२ अगस्त एक शिकायतकर्ता सुरेश ने बताया कि वह यूपी के बांदा जनपद का रहने वाला है। वह अपने परिवार के साथ आईएसबीटी सराय काले खां पर रुका हुआ था। उनके परिवार में पत्नी और चार बच्चे शामिल थे, जिनमें सबसे छोटा छह महीने का बच्चा था। पीड़ित ने बताया कि रात करीब ११ बजे, जब वे प्लेटफॉर्म नंबर दो पर सो रहे थे तब उनका बच्चा गायब हो गया।

इसके बाद तहरीर के आधार पर पुलिस थाना सनलाइट कॉलोनी में एफआईआर दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए, स्पेशल स्टाफ और पुलिस थाना सनलाइट कॉलोनी की टीम गठित की गई। इसका नेतृत्व एसीपी लाजपत नगर मिहिर सकारिया और एडिशनल डीसीपी ऐश्वर्या शर्मा के मार्गदर्शन में इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह डागर ने किया। पुलिस ने बताया कि फिर टीम ने आईएसबीटी सराय काले खां के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। इसमें संदिग्धों को बच्चे को ले जाते देखा गया। फुटेज से मिली जानकारी के आधार पर टेक्नोलॉजी और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी वीरभान को हरियाणा के फतेहाबाद के पिनहट दबोच लिया गया।

पूछताछ के दौरान, आरोपी वीरभान ने बताया कि आगरा के बाह में रहने वाले रामबाबू ने उसे एक ५-६ महीने का बच्चा अपहरण करके लाने के लिए कहा था, जिसे बेचा जा सके। उसने यह भी बताया कि वह अपने फतेहाबाद निवासी ससुर कालीचरण के साथ आईएसबीटी सराय काले खां गया था। उन्होंने रात १०:३० बजे बच्चे का अपहरण किया और फतेहाबाद वापस लौट आए थे। इसके बाद कालीचरण को पकड़ लिया गया। यह भी पता चला कि वीरभान और कालीचरण दोनों रामबाबू के साथ मिलकर बच्चे को आगरा स्थित केके हॉस्पिटल के मालिक डॉ. कमलेश के पास ले गए थे।

फिर टीम के सदस्य केके अस्पताल के परिसर में घुस गए। वहां पर इंस्पेक्टर डागर खुद को हार्ट पेशेंट बताकर पहुंचे। वहीं, एसआई शुभम और एसआई मुनेश उनके तीमारदार बन गए। उन्होंने सिर्फ डॉ. कमलेश से ही इलाज करवाने की जिद की। फिर डॉ कमलेश ने उन्हें इलाज के लिए अपने चेंबर में बुलाया। इस तरह, टीम के सदस्यों ने डॉ. कमलेश को पकड़ लिया। डॉ. कमलेश ने बताया कि उसने बच्चे को सुंदर नामक एक व्यक्ति को जो राम नगर की नई आबादी में रहता था, को बेच दिया था। इसी बीच सुंदर को केके अस्पताल पर रेड की खबर मिल गई और वह फरार हो गया। फिर पुलिस ने नेटवर्क का सहारा लेकर सुंदर को यूपी-राजस्थान बॉर्डर पर ५० किमी तक पीछा करने के बाद पकड़ लिया। वह राजस्थान भागने की कोशिश कर रहा था।इसके बाद सख्ती से पूछताछ में आरोपी सुंदर ने बताया कि उसने अगवा किए गए बच्चे को आगरा के राजनगर में रहने वाले कृष्णा शर्मा और प्रीति शर्मा को बेचा था। इसके बाद उनके घर पर छापा मारकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उनके ही घर में बच्चा भी बरामद कर लिया गया। अब पुलिस के सवालों का जवाब देने की बारी इन दोनों की थी। पूछताछ में कृष्णा शर्मा और प्रीति शर्मा ने बताया कि अगवा किए गए बच्चे को बिचौलिया रितु के जरिए एक ज्योत्सना नामक महिला को बेचा जाना था।

# लाल किला ग्राउंड से चोरी हुआ 1 करोड़ का कलश बरामद, पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लाल किला के आगे के ग्राउंड में चल रहे जैन समाज के धार्मिक अनुष्ठान से एक करोड़ से अधिक कीमत का कलश चोरी मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से कीमती कलश भी बरामद कर लिया गया है। आरोपी का नाम भूषण वर्मा है और वो हापुड़ का रहने वाला बताया जा रहा है। बता दें कि आरोपी की तलाश के लिए १० टीमों का गठन कर दिया था। शुरुआत में चार टीमों को ही जांच में लगाया गया था।

जिले के स्पेशल स्टाफ, एएटीएस, एंटी नारकोटिक्स सेल समेत तेज तर्रार पुलिस अधिकारियों को आरोपी की तलाश में लगा दिया गया। दरअसल, कलश चोरी होने के बाद जैन समाज में भारी रोष था। कलश की कीमत को भी दर. किनार कर दिया जाए तो कलश पूरे जैन समाज के लिए खासा धार्मिक महत्व रखता था। लाल किला के ठीक सामने १५ अगस्त पार्क में २८ अगस्त से जैन समाज का अनुष्ठान चल रहा था। कार्यक्रम ९ सितंबर तक चलेगा। इसके लिए विशेष मंच तैयार किया गया है। अनुष्ठान में धोती और अंग वस्त्र पहनना अनिवार्य है। इन वस्त्रों को धारण करने के बाद ही अनुष्ठान में शामिल हुआ जा सकता है। पूजा के लिए सिविल लाइंस के कारोबारी सुधीर जैन अपना कीमती कलश रोजाना अनुष्ठान में लेकर पहुंचते थे।

# उत्तर-पूर्वी दिल्ली में विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में आज दिल्ली सचिवालय में उत्तर-पूर्वी संसदीय क्षेत्र से संबंधित विकास कार्यों और प्रस्तावों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद मनोज तिवारी, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा, दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, दिल्ली के मेयर राजा इकबाल सिंह, एमसीडी स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, विधायकगण एवं पार्षदों सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान घोषणा की कि दिल्ली के कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा को उत्तर-पूर्व संसदीय क्षेत्र का प्रभारी मंत्री नियुक्त किया गया है। वह नियमित रूप से जनप्रति. निधियों से संवाद स्थापित कर विकास कार्यों की प्रगति पर नजर रखेंगे और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गति तेज करने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए क्षेत्रवार जिम्मेदारियाँ तय की जाएंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्पष्ट किया कि दिल्ली सरकार क्षेत्रीय विकास के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सांसद, विधायक और पार्षद अपने-अपने प्रस्ताव और समस्याएँ लिखित रूप में प्रस्तुत करें, तभी उन पर तेजी से कार्यवाही संभव होगी। इस दौरान उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी पार्षद अपने द्वारा प्रस्तावित कार्यों की जानकारी सांसद और विधायक को लिखित में उपलब्ध कराएं, ताकि कार्यों में दोहराव न हो और जिम्मेदारी स्पष्ट बनी रहे।




**उत्तर-पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों की समीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भाग लेते सांसद मनोज तिवारी, कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा आदि।**

## एक नजर

### यमुना का जलस्तर कम होने से राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यमुना का जलस्तर कम होने से राहत तो जरूर मिली है लेकिन मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। बाढ़ पीड़ितों के लिए बिना संसाधन के टेंट में रात-दिन गुजारना परेशानी का सबब बनता जा रहा है। जलस्तर कम होते ही लोग पानी में गोता लगाते हुए अपने घरों की ओर जा रहे हैं ताकि बचा हुआ सामान निकाल सकें। पीड़ितों का कहना है कि बाढ़ की वजह से जो कुछ भी था, सब बर्बाद हो चुका है। अब संसाधनों की कमी है। यमुना खादर निवासी सुमित कुमार ने बताया कि बाढ़ में सब कुछ खो दिया है। यहां तक कि जो जरूरी कागजात थे, जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड और स्कूल की मार्कशीट के साथ अन्य सभी जरूरी प्रमाण पत्र सब यमुना में बह गए। वहीं, पुराना उस्मानपुर निवासी लवकुश ने बताया कि इन टेंटों में जिंदगी बसर करना बहुत मुश्किल है। खाने से लेकर पीने के पानी तक के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। उसने कहा कि यहां कुछ एनजीओ वाले आते हैं, जो अभी मदद कर रहे हैं लेकिन यह नाकाफी है। टेंट में कुछ लोगों को खाना मिलता है कुछ को नहीं मिलता है। इसके अलावा कैंपों में चिकित्सा सेवाओं की भी कमी है।

### बहुउदेशीय शैक्षणिक साझेदारी का ऐलान किया

**नई दिल्ली।** एक्सएलआरआई ने यूनिवर्सिटी ऑफ पेरिस-1 पैंथियन सोरबॉन, यूनिवर्सिटी ऑफ बोर्डो, यूनिवर्सिटी ऑफ पेरिस नानटरे के यूनेस्को चेयर, डेनिश कंसोर्टियम फॉर एकेडमिक क्राफ्ट्समैनशिप और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन कंसोर्टियम ऑफ यूनिवर्सिटीज के साथ मिलकर एक महत्वपूर्ण बहु-देशीय सहयोग का ऐलान किया है। इस अवसर पर इंडिया हबिटैट सेंटर, नई दिल्ली में कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक्सएलआरआई की ओर एस जे फ्र. नेल्सन ए. डी'सिल्वा (अभिनिर्वाही निदेशक, दिल्ली-एनसीआर कैंपस), प्रोफेसर संजीव वार्ष्णेय, फ्र. एल्विन रोड्रिग्ज (एडमिनिस्ट्रेटर) और डॉ. संतोष सांगेम (इंटरनेशनल रिलेशंस और कोलैबोरेशन के चेयरपर्सन) उपस्थित थे। विदेशी विश्वविद्यालयों की ओर से डॉ. एरिक लामार्क (डीन, आईएई पेरिस सोरबॉन बिजनेस स्कूल), डॉ. अल्बर्टो अरुबुलु (एमबीए प्रोग्राम्स के डायरेक्टर और इंटरनेशनल ऑफिस के असिस्टेंट डायरेक्टर, आईएई बोर्डो), प्रो. माइकल क्रिस्टेंसन (इंटरनेशनल रिलेशंस हेड, आईबीसी इंटरनेशनल बिजनेस स्कूल), डॉ. जॉर्ज कार्डोसो (यूनेस्को चेयर, यूनिवर्सिटी ऑफ पेरिस नानटरे और आईआईई कंसोर्टियम के चां. सलर) और डॉ. अश्वनी गोयल (डायरेक्टर, आईआईई कंसोर्टियम) शामिल थे। सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।

### रियल एस्टेट घोटाले में 9 सितंबर तक सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा में दर्ज बहुचर्चित मल्टी-करोड़ रियल एस्टेट घोटाले के मामले की सुनवाई साकेत कोर्ट में हुई। यह मामला वर्ष 2022 में हुई एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें आरोपियों पर कई निवेशकों से पैसे लेकर उन्हें फ्लैट्स और कमर्शियल प्रॉपर्टीज न देने का आरोप है। सुनवाई में अदालत के समक्ष राज्य की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक जुनैद खान मौजूद रहे। वहीं, शिकायतकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद फराज, पूनम सिंह, भानु गुलाटी और अन्य वकील पेश हुए। आरोपी सुमित खनेजा की ओर से अधिवक्ता अभय गुप्ता ने पैरवी की। अदालत ने पाया कि जांच अधिकारी अनुपस्थित थे। इस पर कोर्ट ने आदेश दिया कि उन्हें अगली सुनवाई की तारीख 9 सितंबर 2025 को अनिवार्य रूप से पेश होना होगा और अपनी रिपोर्ट दाखिल करनी होगी।

### अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 23 से

**नई दिल्ली।** अमेजन ने आज घोषणा की कि अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 23 सितम्बर 2025से शुरू होगा। प्राइम मेंबर्स को इस शॉपिंग एक्स्ट्रावैगेंजा का 24 घंटे पहले एक्सक्लूसिव एक्सेस मिलेगा। जैसे-जैसे भारत त्योहारी सीजन की तैयारी कर रहा है, ग्राहक सबसे व्यापक चयन, बेहतरीन कीमतों और सबसे तेज डिलीवरी का आनंद ले पाएंगे। अमेजन इंडिया के वीपी ख्र कैटेगरीज सौरभ श्रीवास्तव ने कहा इस साल ग्राहक एक लाख से अधिक प्रोडक्ट्स पर साल की सबसे कम कीमतों, ब्लॉकबस्टर डील्स, रोमांचक नए लॉन्च, मनोरंजन और बहुत कुछ का आनंद ले सकेंगे।

# युवक को मारी गोली, लड़की के परिवार पर जताया शक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के न्यू उस्मानपुर थानांतर्गत रविवार शाम को दो बाइकसवार बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दी ओर मौके से फरार हो गए स युवक का इलाज अस्पताल में चल रहा है, परिजनो का आरोप है कि युवक की किसी युवती से दोस्ती थी उसके परिजनों का इस वारदात में हाथ हो सकता है।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घायल युवक की पहचान अब्दुल वाहिद (२४) के रूप में हुई है, अब्दुल वाहिद की सीलमपुर में कपड़े की दुकान है, ओर वह अपने परिवार के साथ ई-५, गली नंबर-१, जगजीत नगर में रहता है स रविवार शाम वह अपनी दुकान बंद करके स्कूटी से अपने घर लौट रहा था उसके साथ कलाम (२४) ओर जाहिद (१५) भी थे स जब इनकी स्कूटी उस्मानपुर के दूसरे पुस्ते के पास पहुंची तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने अब्दुल वाहिद पर गोली चला दी,ओर फरार हो गए, गोली उसकी जांघ में लगी ओर वह लहूलुहान हो गया। अब्दुल वाहिद के साथ मौजूद दोनों रिस्तेदार उसे राहगीरों की मदद से इलाज के लिए जगप्रवेश चंद अस्पताल लेकर गए,जहां उसका उपचार चल रहा है स घायल युवक के पिता



अब्दुल रऊफ ने बताया की युवक की किसी लड़की से दोस्ती है,जिससे वह शादी करना चाहता था,घरवाले लड़की के घर रिश्ता लेकर गए थे,लेकिन लड़की वालो ने रिश्ते को मना कर दिया था ओर देख लेने की धमकी दी थी।

पुलिस मौके पर पहुंची तब तक युवक को उपचार के लिए जगप्रवेश चंद अस्पताल ले जा चुके थे,पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता १०९(१)/ ३(५) ओर २५/२७ की धारा के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# एआईसीटीई के साथ साझेदारी की घोषणा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ब्लू ओशियन कॉर्पोरेशन ने अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत एसोसिएशन फॉर सप्लाई चेन मैनेजमेंट (एएससीएम), अमे. रिका द्वारा मान्यता प्राप्त, अपने फाउंडेशन्स ऑफ सप्लाई चेन मैनेजमेंट (एफओएससीएम) पाठ्यक्रम को भारतीय विश्व. विद्यालयों के लिए एआई सीटीई-अनुमोदित कार्यक्रमों की सूची में औपचारिक रूप से शामिल किया जाएगा। ब्लू ओ. शियन कॉर्पोरेशन के ग्रुप सीईओ डॉ. सत्य मेनन ने कहा, एआईसीटीई के साथ यह साझेदारी भारतीय छात्रों के लिए वैश्विक मानकों पर आधारित शिक्षा को बड़े स्तर पर सुलभ बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। एआईसीटीई के चीफ कोऑर्डिनेटिंग ऑफिसर डॉ. चंद्रशेखर बुद्धा ने कहा एआईसीटीई के नेशनल इंटर्नशिप पोर्टल तक पहुंच के साथ, विद्यार्थियों को अग्रणी उद्योग वातावरण का अनुभव प्राप्त होगा।

## युवक को ट्रक ने रौंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केशवपुरम थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे बैठे एक शख्स को कुचल दिया। इस हादसे में २८ साल के सुरेश की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि ट्रक का ड्राइवर नशे में धुत था। वारदात को अंजाम देने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

हालांकि, लोगों ने करीब १५ से २० किलोमीटर दूर ट्रक का पीछा कर चालक को पकड़ लिया। ड्राइवर को इस बीच लोगों ने जमकर पीटा भी। इसके बाद आरोपित को पुलिस के हवाले कर दिया गया। केशवपु. रम थाना पुलिस ने मृतक केशव के शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ऐश्वर्य ठाकरे ने किया म्यूजिकल डेब्यू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अमेजन स्टूडियोज इंडिया की आने वाली फिल्म निशानची के साउंडट्रैक से एक और जबरदस्त पिजन कबूतर रिलीज हो गया है। जी म्यूजिक कंपनी ने इस ऑफबीट और बेहद कैची ट्रैक का म्यूजिक वीडियो रिलीज कर दिया है।

बता दें कि इस गाने को जहां भूपेश सिंह ने गाया है, वहीं इसे कंपोज करने से लेकर बोल लिखने तक का काम ऐश्वर्य ठाकरे ने किया है, जो फिल्म में बतौर लीड एक्टर डबल रोल में नजर आने वाले हैं। ऐश्वर्य ठाकरे इस ऑफबीट लिरिक्स, मस्ती भरे हिंग्लिश फ्लो और धमाक. ेदार एनर्जी से भरपूर इस गाने संग अपना म्यूजिकल डेब्यू कर रहे हैं। यह गाना फिल्म में बेबाक और अनोखी दुनिया को बिल्कुल खूबसूरती से दिखाता है। गाने का हुक लाइन पिजन कबूतर भइया, उड़न फ्लाई, लुक देखो आसमान इस्काई पहले से ही लोगों की जुबान पर चढ़ गया है। गाना पिजन कबूतर तेजी से एक जबरदस्त ईयरवर्म यानी सभी का पसंदीदा बनने की ओर है।

# पैगम्बर-ए-इस्लाम कॉफ्रेंस में गूंजा अमन व इत्तेहाद का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के नया मोहल्ला स्थित हसीन महल समुदाय भवन में फेस इस्लामिक कल्चरल कम्युनिटी इंटीग्रेशन (फिक्की) द्वारा 'पैगम्बर-ए-इस्लाम, अमन और इत्तेहाद के पैगम्बर' विषय पर छठी वार्षिक कांफ्रेंस का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ किया गया।

फिक्की के फाउंडर चेयरमैन डॉ. मुश्ताक अंसारी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों के विद्वान, समा. जसेवी और स्थानीय लोग मौजूद रहे। कांफ्रेंस की अध्यक्षता भाई चारा समिति के अध्यक्ष भाई मेहरबान कुरैशी ने की। मंच संच. ालन का दायित्व मशहूर शायर दानिश अय्यूबी और मौलाना अब्दुल माजिद मजाहिरी ने निभाया। कारी फजलुर्रहमान द्वारा तिलावत कुरान से कॉन्फ्रेंस की शुरुआत हुई उसके बाद नात-ए-पाक का कलाम पेश करने का सम्मान विश्व विख्यात माजिद देवबंदी और शरफ नानपारवी को प्राप्त हुआ।

इस कॉन्फ्रेंस में मौलाना मेहंदी हसन एनी कासमी (देव. बंद), नूरुल्लाह मस्जिद आराम पार्क के इमाम मुफ्ती सालिम कासमी, भारतीय सर्व धर्म संसद के राष्ट्रीय संयोजक गोस्वामी सुशील महाराज, मुफ्ती नासिर मजहरी, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति चीफ एडवाइजर परमजीत सिंह चंधोक आदि वक्ताओं ने अपने खयालात का




इजहार किया। इस मौके पर हाफिज सलीम अहमद, नफीस मलिक, फैसल मेहरबान, अबूजर कुरैशी, सैयद फरहत अली, डॉ. परमिंदर कौर, मुस्तफा कुरैशी, डॉ. अबूजार खघन, पूजा शर्मा, डॉ. हारून खान, डॉ. शाहजहाँ काजी, डॉ. फहीम मलिक, हकीम मौहम्मद शाहिद, नदीम सैफी, मौहम्मद जावेद मलिक, नियाज खान, रहीमुद्दीन, डॉ. रूही सुल्ताना, श्वेता चुग, शमीम खान, मौहम्मद शाकिर, इकबाल हुनर, जरीफुर्रहमान, डॉ. मुस्तफा गुड्डू, अशोक निठारी, जावेद सिद्दीकी, मोहम्मद आशकीन आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा रेलगाड़ी सं. 22481 / 22482 जोधपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला-जोधपुर एक्सप्रेस (प्रतिदिन) को बड़ी खाटू स्टेशन पर दिनांक 10.09.2025 से ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

रेलगाड़ी सं. 22481/22482 जोधपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला-जोधपुर (प्रतिदिन) एक्सप्रेस का बड़ी खाटू स्टेशन पर अतिक्ति ठहराव

| रेलगाड़ी सं. 22481 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 22482 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| 20:26 | 20:29 | डेगना जं. | 07:01 | 07:04 |
| 20:44 | 20:46 | बड़ी खाटू | 06:44 | 06:46 |
| 20:52 | 20:54 | छोटी खाटू | 06:36 | 06:38 |

रेलयात्रियो से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2723/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# अग्रहरि समाज ने चिंतन शिविर में दिया एकता का परिचय



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अग्रहरि समाज और अग्रहरि फाउंडेशन एक नई पहल के तत्वाधान में अग्रहरि समाज का चिंतन शिविर मालवीय नगर के आर्य समाज मंदिर के सभागार में किया गया। इस चिंतन शिविर का मुख्य उद्देश्य अग्रहरि समाज के अलग-अलग चल रहे सामाजिक संगठनों को एकजुट करना, समाज में एकता और भाईचारे को लेकर प्रयास, राजनीति और समाज में अग्रहरि समाज की भागीदारी और हिस्सेदारी सुनिश्चित करना था। जिसमें केंद्रीय अग्रहरि समाज के संस्थापक संरक्षक सूरज प्रसाद अग्रहरि, संरक्षक दिनेश अग्रहरि, संरक्षक रामजी अग्रहरि, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष अग्रहरि, महामंत्री अशोक अग्रहरि, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश अग्रहरि, उत्तर प्रदेश संरक्षक बनर्जी लाल अग्रहरि, प्रदेश संरक्षक बिंदेश्वरी प्रसाद अग्रहरि, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रमेश अग्रहरि, महामंत्री श्रीधर अग्रहरि, बंगाल के अध्यक्ष मृगांक अग्रहरि, उत्तराखंड के अध्यक्ष सुनील अग्रहरि, संपादक मानिक चंद्र अग्रहरि आदि लोगों ने अग्रहरि चिंतन शिविर में अपने विचार व्यक्त किए और समाज को मजबूत बनाने के लिए सुझाव दिए। यह कार्यक्रम अग्रहरि वैश्य समाज संस्था के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष और अग्रहरि फाउंडेशन एक नई पहल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव प्रसाद अग्रहरी के तत्वाधान में आयोजित किया गया था जिसमें दिल्ली प्रदेश महामंत्री अनिल अग्रहरि, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश अग्रहरि बंटी और कोषाध्यक्ष माधव प्रसाद अग्रहरि ने प्रमुख भूमिका निभाई। चिंतन शि. विर को संबोधित करते हुए सूरज प्रसाद अग्रहरी ने कहा कि एकता में बड़ी ताकत है इसलिए किसी भी कीमत पर समाज को बिखरने नहीं देना चाहिए और इसके लिए समाज के युवाओं को सामने जाना चाहिए।

## सांस्कृतिक अभियान के साथ जश्न मनाए

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे प्रिय हेयरकेयर ब्रांड्स में से एक, सनसिल्क ने अपने ब्रांड रिफ्रेश और सांस्कृतिक अभियान के साथ एक नया साहसिक अध्याय शुरू किया है। मोहन सिस्टर्स के सहयोग से किए गए इस अभियान ने एशियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा प्रमाणित विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है। इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए, सनसिल्क और मोहन सिस्टर्स ने "नचदी कुड़ी" लॉन्च किया। सैराम सुब्रमणियन, वाइस प्रेसिडेंट, हेयरकेयर, यूनिलीवर ने कहा, मोहन सिस्टर्स के साथ बनाया गया यह रिकॉर्ड-तोड़ म्यूजिक वीडियो 'नचदी कुड़ी' संगीत, नृत्य, बहनचारे और आत्म-अभिव्यक्ति का सांस्कृतिक उत्सव है।


शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़

■ तीन गिरफ्तार, डेढ़ हजार किलो विस्फोटक मिला



शाह टाइम्स ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने बोडाकी गांव में एक निर्माणाधीन मकान में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने आईएएनएस से बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने बोडाकी गांव में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान बड़े पैमाने पर पटाखे बनाने का सामान और उनकी पैकिंग करने का सामान बरामद किया गया। पुलिस ने मौके से करीब 20 से 25 लाख रुपए की कीमत के पटाखे और पटाखे बनाने का सामान बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि लोग पटाखे बनाकर पैकिंग कर रहे थे। वहां से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गाजियाबाद के रामलखन (33), फरकनगर के आजाद (20), और बहराइच के राजेंद्र (19) के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके से 1,004 किलोग्राम तैयार अनार पटाखे, 100 बोरी नलकी और लगभग 1,500 किला. ग्राम पटाखे बनाने की सामग्री जब्त की है। जब्त सामग्री में मैग्नीशियम पाउडर, स्मैक लेस पाउडर, कटन पाउडर और टीआई पाउडर जैसे खतरनाक रासायनिक पदार्थ शामिल हैं।

इसके अलावा, पुलिस ने मौके से छह दाब मशीनें, एक इलेक्ट्रॉनिक दाब मशीन, एक स्प्रे मशीन और एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा भी जब्त किया है। पटाखों के सामानों की कीमत लाखों में बताई जा रही है। एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने आगे बताया कि आरोपी दशहरा और दीपावली के लिए पटाखे तैयार कर रहे थे और इन्हें आगे सप्लाई करने की फिराक में थे। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है और इस गोरखधंधे से जुड़े अन्य सदस्यों की भी तलाश जारी है। उनको भी जल्दी गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जहां-जहां भी इस तरह फैक्ट्री में अवैध रूप से पटाखा बनाया जा रहा है, उनकी निशानदेही की जा रही है, जल्द ही सभी फैक्ट्रियों पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस की टीम का भी गठन किया जाएगा। इस फैक्ट्री से जुड़े सभी लोगों की भी तलाश की जा रही है।

# मिलावटखोरों पर 58 लाख से अधिक का जुर्माना

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की अगस्त की रिपोर्ट में नमक से नमकीन तक में मिलावट मिली। न्यायालय ने सोमवार को 26 मिलावटखोरों पर 58.15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। जिला प्रशासन के अधिकारी ने बताया कि एडीएम मंगलेश दुबे की कोर्ट ने खाद्य पदार्थों में मिलावट के 26 मामलों में फैसला सुनाया है। कोर्ट में मिलावटखोरों के खिलाफ करीब सात वर्षों से यह मामले विचाराधीन थे। इसमें सबसे गंभीर मामला नमक में की गई मिलावट का है। न्यायालय ने दुकान मालिक सौरव यादव पर त्रिशूल ब्रांड के काले नमक का नमूना फेल होने पर आठ लाख रुपये का जुर्माना लगाया।




वहीं, ग्रेटर नोएडा डेल्टा-2 के भुमेश कुमार पर भी सरसों के तेल में मिलावट पर आठ लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

इसके अलावा सेक्टर-22 निवासी नरेंद्र पर चिप्स में मिलावट मिलने पर चार लाख रुपये जुर्माना लगाया। कोर्ट ने कासना निवासी बहादुर सिंह पर दूध का नमूना फेल होने पर तीन लाख, तरुण कुमार पर गुलाब जामुन और रफाकत पर पनीर का नमूना फेल होने पर साढ़े तीन-तीन लाख का जुर्माना लगाया। ग्रेटर नोएडा के अनुज पर बेसन का नमूना फेल होने पर तीन लाख का जुर्माना लगाया। इसके अलावा मीट के दो नमूने फेल होने पर दो दुकानदारों पर 1.75 लाख, नमकीन का नमूना फेल होने पर 4,10,000 का जुर्माना, इसके अलावा शाही चिकन, बिस्कुट, दाल समेत अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी पर कुल 26 विक्रेताओं पर 58.15 लाख का जुर्माना लगाया।

# हर पांचवें छठे मरीज में हो रही डेंगू की पुष्टि

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। डेंगू के मरीजों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। जिला अस्पताल में जांच के लिए आने वाले हर पांचवें या छठे मरीज में डेंगू की पुष्टि हो रही है। अब तक जिला अस्पताल में कुल 704 लोगों की जांच की गई है, जिनमें से 128 मरीज डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। वहीं, बुधवार को जिले भर में 13 नए मरीजों की पुष्टि हुई, जिससे कुल मरीजों की संख्या बढ़कर 189 पहुंच गई है।



हालांकि राहत की बात यह है कि फिलहाल जिले में सिर्फ 14 एक्टिव केस हैं और इनमें से 8 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। सभी मरीजों के घरों के आसपास एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कर दिया गया है। जिला अस्पताल के पैथोलॉजिस्ट डॉ एचएम लवानिया ने बताया कि डेंगू की जांच के लिए एलाइजा किट का इस्तेमाल किया जा रहा है। 704 नमूनों में से 128 में डेंगू की पुष्टि हुई है। इसके अलावा मलेरिया के भी 1790 सैंपलों की जांच की गई, जिनमें 62 मरीज मलेरिया पॉजिटिव पाए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि भर्ती सभी मरीज पूरी तरह ठीक होकर घर लौट चुके हैं और किसी भी मरीज को प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत नहीं पड़ी है।

**486 स्थानों पर मिला लार्वा:** स्वास्थ्य विभाग और मलेरिया नियंत्रण विभाग की ओर से चलाए जा रहे निरीक्षण अभियान में जनवरी से अब तक 486 स्थानों पर लार्वा मिलने की पुष्टि हुई है। इनमें से 95 प्रतिशत मामले सिर्फ अगस्त और सितंबर महीने में सामने आए हैं, जो इस बात का संकेत है कि बरसात के मौसम में डेंगू के मच्छर तेजी से पनप रहे हैं। विभाग की ओर से अब तक 188 लोगों को लार्वा और गंदा पानी जमा होने के कारण नोटिस भी जारी किए गए हैं।

**स्कूलों को सर्कुलर जारी:** डेंगू संक्रमण की बढ़ती स्थिति को देखते हुए मलेरिया विभाग ने बेसिक शिक्षा विभाग से अपील की थी कि स्कूलों में डेंगू से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं। इसके तहत अब बेसिक शिक्षा विभाग ने सभी स्कूलों को सर्कुलर जारी कर निर्देश दिए हैं कि छात्र-छात्राएं पूरी बाजू के कपड़े पहनकर स्कूल आएं। इसका उद्देश्य बच्चों को मच्छरों के काटने से बचाना है। स्कूल प्रशासन से भी परिसर में साफ-सफाई रखने और पानी जमा न होने देने के निर्देश दिए गए हैं।

# ग्रेनो की सोसाइटी में बुजुर्गों ने प्रस्तुत की मिसाल

ग्रेटर नोएडा। जहां एक ओर आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बुजुर्ग खुद को अकेला महसूस करने लगे हैं, वहीं ग्रेटर नोएडा के सेक्टर जीटा-1 स्थित एसोटेक स्प्रिंगफील्ड सोसाइटी के वरिष्ठ नागरिकों ने मिलकर एक ऐसी मिसाल पेश की है, जो पूरे समाज के लिए प्रेरणा बनी हुई है। इस सोसाइटी के 65 वर्ष से अधिक आयु के रिटायर्ड नागरिकों ने एक समूह की ओर से रोजाना सुबह-शाम दो-दो घंटे योग और व्यायाम की चाय पर चर्चा का आयोजन किया जाता है। इतना ही नहीं, इस समूह में हर सदस्य का जन्मदिन सामूहिक रूप से मनाया जाता है। इससे सभी को परिवार जैसा माहौल महसूस होता है। निवासी दिलीप सिंह ने बताया कि उनके पिताजी (उम्र 72 वर्ष) पिछले 7-8 महीनों से स्थायी रूप से उनके साथ रह रहे हैं। जब 04 सितंबर को उनके जन्मदिन पर सोसाइटी के बुजुर्ग साथियों ने उन्हें विशेष अंदाज में बधाई दी और केक काटा। तो घर लौटते समय वो मुस्कान और ऊर्जा से भरे हुए थे, जैसे वे फिर से अपने जवानी के दिनों में लौट गए हों। उनकी आंखों में जो चमक थी, उसने मेरा दिल छू लिया। मैं समझ गया कि यह पहल बुजुर्गों के लिए केवल दिनचर्या नहीं, बल्कि जीवन की नई शुरुआत है। यह पहल न केवल बुजुर्गों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखती है, बल्कि उन्हें मानसिक रूप से भी प्रसन्न और सक्रिय बनाए रखती है। एक बुजुर्ग सदस्य का कहना है, हममें से कई लोग अपने बच्चों के साथ रहते हैं, लेकिन उन पर जिम्मेदारियां बहुत होती हैं। तब यह समूह हमारे लिए एक-दूसरे का सहारा बनाता है।

## एक नजर

### टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक 10 और 16 सितम्बर को ज्ञापन सौंपेंगे

नोएडा (शाह टाइम्स)। सभी शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद पैदा हुई स्थिति को लेकर जिलेभर के शिक्षक 10 और 16 सितंबर को ज्ञापन सौंपेंगे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मेघराज सिंह ने कहा कि एक सितंबर के सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से शिक्षकों की नौकरी पर आए संकट से सभी दुखी हैं। टीईटी को लेकर केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानून के क्रम में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए निर्णय से जिलेभर के ढाई हजार से अधिक शिक्षकों के सामने संकट खड़ा हुआ है। संघ इसके लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगा। उन्होंने कहा कि संघ के प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों ने पिछले दिनों केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए कानून में संशोधन के लिए 16 सितंबर को प्रदेश के सभी जिलाधिकारी कार्यालयों पर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया था। इसी कड़ी में प्रदर्शन की तैयारियां की जा रही है। जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा जाएगा। इसमें सभी शिक्षक शामिल होंगे। वहीं, शिक्षकों का दूसरा गुट टीईटी की अनिवार्यता को समाप्त करने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पर 10 सितंबर को प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेगा।

### 10 युवकों ने महिला के घर में घुसकर सामान बाहर फेंका, कब्जा करने का प्रयास

ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)। ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में सोमवार दोपहर एक महिला के मकान पर कब्जा करने का मामला सामने आया है। धनौरी रोड पर स्थित मकान में करीब 10 युवक जबरन घुस गए। उन्होंने घरेलू सामान को बाहर फेंक दिया और मकान पर ताला लगा दिया। पीड़ित महिला रिंकी ने बताया कि वह अपने छोटे बच्चों के साथ घर में थी। युवकों ने उनके विरोध करने पर उन्हें घर से बाहर खींचकर मारपीट की। आरोपियों द्वारा किए गए कथित पथराव में एक छात्रा और पड़ोसी महिला समेत 5 लोग घायल हुए। घटना के दौरान घर के शीशे भी टूट गए। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित महिला तथा कुछ आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने विवादित मकान पर दूसरा ताला लगा दिया है। जांच में पता चला कि यह मकान पीड़िता के ससुर ने कई साल पहले एक व्यक्ति को बेच दिया था। इसी को लेकर महिला के पति और खरीदार के बीच कोर्ट में केस चल रहा है। खरीदार पहले भी कई बार मकान पर कब्जा करने का प्रयास कर चुका है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि पथराव की घटना नहीं हुई है। मकान विवाद की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### करंट लगने से युवक की मौत, युवती घायल

ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)। बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के गिरधरपुर गांव में किराये पर रहने वाले युवक की बिजली की लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई थी। वहीं युवती गंभीर रूप से घायल हो गई थी। करीब एक महीने बाद घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई गई है। कौशांबी जनपद के उन्नो गांव निवासी दयाशंकर मिश्रा बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के गिरधरपुर गांव में किराये पर रहते हैं। 11 अगस्त को उनकी भांजी अदिति पांडे व भाई अभिषेक मिश्रा घर पर थे। दोपहर के समय कपड़े धुलाई के बाद सुखाने के लिए छत पर डालने चले गए। कपड़े सुखाते समय अदिति मकान के पास से जा रही बिजली के लाइन से कपड़ा टच होने पर करंट लग गया। बचाने के लिए पहुंचे अभिषेक मिश्रा बिजली की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि घटना की रिपोर्ट करीब एक माह बाद कोतवाली में दर्ज कराई गई है।

### नामी स्कूल में क्रिकेट खेल रहा इंजीनियर मूर्छित होकर गिरा, अस्पताल में मौत

नोएडा (शाह टाइम्स)। नोएडा के एक नामी स्कूल के खेल मैदान में क्रिकेट खेलते समय एक इंजीनियर बेहोश होकर मैदान पर गिर पड़ा। आनन-फानन में इंजीनियर को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि राहुल जायसवाल 41 वर्ष पुत्र सुशील जायसवाल निवासी ग्रेट वैल्यू शरण सोसायटी सेक्टर-107, सेक्टर-105 स्थित फॉर्चून स्कूल में बने खेल मैदान में क्रिकेट खेल रहे थे। क्रिकेट खेलते समय वह अचानक मूर्छित होकर ग्राउंड पर गिर गए। अत्यंत गंभीर हालत में उपचार के लिए उन्हें नोएडा के फेलिक्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# चाइल्ड पीजीआई की मरम्मत के लिए बजट स्वीकृत

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर संस्थान (चाइल्ड पीजीआई) की मरम्मत के लिए शासन ने बजट की स्वीकृति दे दी है। चाइल्ड पीजीआई प्रबंधन को राशि मिलते ही काम शुरू होगा। मरम्मत के अभाव में सात साल से अस्पताल के बेसमेंट में पानी भरता रहा है। चाइल्ड पीजीआई की मरम्मत के लिए आईआईटी रुड़की की टीम ने पांच महीने पहले अस्पताल का जायजा लिया था। आईआईटी की टीम और सरकारी निर्माण एजेंसी ने इसकी मरम्मत में 27 करोड़ खर्च आने की रिपोर्ट तैयार की थी। रिपोर्ट शासन को भेज दी गई थी। हालांकि अभी तक यह तय नहीं कि मरम्मत के काम के लिए कितनी राशि स्वीकृत हुई है।

मरम्मत के अभाव में दो सालों से अस्पताल के कई चिकित्सकीय विभाग का काम प्रभावित हुआ है। अभी भी कई बार परेशानी आती है। ऑपरेशन थियेटर के आसपास सीलन के कारण करीब चार महीने तक बच्चों के हृदय से संबंधित ऑपरेशन प्रभावित हुए थे। इसके अलावा बरसात में पानी टपकने से भी अन्य चिकित्सकीय विभाग के ऑपरेशन थियेटर को भी संक्रमणमुक्त करना पड़ा था। साथ ही ऑपरेशन की तिथि बढ़ाई गई थी। इसके अलावा पहले, दूसरे और तीसरे तल पर कई बार फॉल्स सीलिंग भी गिरी थी। कई बार वार्ड की फॉल्स सीलिंग भी गिरी थी, जिसमें मरीज बाल-बाल बचे थे। चाइल्ड पीजीआई के निदेशक डॉ. एके सिंह ने बताया कि शासन ने मरम्मत के लिए बजट की स्वीकृति दे दी है।

## भंगेल सीएचसी में एंटी रेबीज वैक्सीन खत्म

नोएडा। भंगेल स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटी रेबीज वैक्सीन की सिरिंज खत्म हो गई है, जिससे लोगों को टीका लगवाने के लिए जिला अस्पताल जाना पड़ रहा है। इस साल पांचवीं बार भंगेल में सिरिंज खत्म हुई है। स्वास्थ्य केंद्र में पांच दिनों से सि. रिंज खत्म है। इसकी उपलब्धता के लिए सीएचसी प्रभारी ने स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखा है, लेकिन अबतक सिरिंज नहीं मिली। ऐसे में सीएचसी के आसपास के लोगों को छह सात किलोमीटर दूर जिला अस्पताल आकर वैक्सीन लेनी पड़ रही है। स्वास्थ्य केंद्र में प्रत्येक दिन करीब 100 लोगों को एंटी रेबीज टीका दिया जाता है। सिरिंज खत्म होने के कारण एंटी रेबीज टीका लगवाने वालों की संख्या जिला अस्पताल में बढ़ गई है। सोमवार को 300 से अधिक लोगों ने टीका लगवाया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 60 शिकायतें हुईं दर्ज, आठ का किया निस्तारण

शाह टाइम्स संवाददाता

गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु आज जनपद गौतमबुद्धनगर की तीनों तहसीलों जेवर, दादरी एवं सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 160 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 08 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया।



जिलाधिकारी मेधा रूपम के निर्देशानुसार जेवर तहसील में उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनता की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान 72 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 03 शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया गया। इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इसी क्रम में दादरी तहसील में अपर जिलाधिकारी भू/आ बच्चू सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। यहां 85 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, जिसमें 03 शिकायतें दर्ज की गईं।

# लखनावली में गाजीपुर जैसा कूड़े का पहाड़ रोजाना निस्तारित होने से ज्यादा डल रहा कूड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। लखनावली गांव में पड़ा लाखों टन लिगेसी कूड़ा (विरासत कूड़ा) ने पहाड़ का रूप ले लिया है। वह दिन भी दूर नहीं जब यहां एकत्रित लाखों टन कूड़ा दिल्ली के गाजीपुर की तरह ऊंचे-ऊंचे कूड़े के पहाड़ जैसा रूप ले लेगा।

दरअसल लखनावली डंपिंग साइट में जिस तेजी से कूड़े का निस्तारण किया जा रहा, उससे कहीं अधिक तेजी से कूड़ा डाला जा रहा है। अस्तौली गांव में बन रहे डंपिंग साइट को अभी बनने में वक्त लगेगा, ऐसे में लखनावली में ही कूड़ा डलता रहेगा। यह हाल तब है कि जब लखनावली डंपिंग साइट से कुछ ही दूर पर पुलिस आयुक्त आवास, जिलाधिकारी आवास, सीआइएसएफ बटालियन, आइटीबीपी बटालियन और उनका आवास, सीआरपीएफ का ग्रुप केंद्र, लखनावली गांव, मलकपुर गांव, मलकपुर गांव स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम, औद्योगिक इकाइयां हैं।

करीब दो से तीन किलोमीटर परिधि में 25 हजार के करीब लोग कूड़े की गंद से रोज 24 घंटे त्रस्त रहते हैं। वर्षा का मौसम चल रहा, ऐसे में हालात और भी बदतर हो गए हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पिछले चार वर्षों से लखनावली में पड़े कूड़े को जल्द निस्तारण और अस्तौली में डंपिंग साइट शुरू होने के वादा कर रहा है, लेकिन आज तक उसे पूरा नहीं कर सका है।

**10 दिन में 127 करोड़ बढ़ी टेंडर की कीमत:** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इसी वर्ष अगस्त के पहले सप्ताह में टेंडर जारी किया था, जिसमें लखनावली डंपिंग साइट से प्रतिदिन 800 टन कूड़ा प्रतिदिन निस्तारित करने वाले प्लांट को लगाने की जानकारी दी गई थी।

यह टेंडर 55.07 करोड़ का था। करीब 10 दिन बाद टेंडर में संशोधन कर इसकी कीमत 182.94 करोड़ रुपये कर दी गई। यानी 127.87 करोड़ रुपये बढ़ा दी गई है। इसकी बिड 10 सितंबर को खुलनी है।

**प्रतिदिन डल रहा 700 टन कूड़ा, निस्तारित हो रहा 450:** सूत्रों के मुताबिक लखनावली डंपिंग साइट में इस दौरान तीन लाख टन लिगेसी कूड़ा डाला हुआ है। पिछले दो वर्षों में 4.82 लाख टन कूड़ा निस्तारित हो चुका है। यहां हर दिन पूरे शहर से 700 टन कूड़ा डाला जाता है, जबकि 450 टन ही प्रतिदिन कूड़ा निस्तारित होता है।

डंपिंग साइट में बायोमाइनिंग प्लांट लगा हुआ है, जिसकी क्षमता दो हजार मीट्रिक टन प्रतिदिन की है। मीट्रिक टन क्षमता वाले प्लांट में प्रतिदिन कूड़ा निस्तारण घट-बढ़ सकता है। सवाल ये उठता है कि जब दो हजार मीट्रिक टन की क्षमता है, तो 450 टन ही क्यों निस्तारित किया जा रहा है। यही हाल रहा, तो यहां गाजीपुर की तरह ऊंचे ऊंचे कूड़े के पहाड़ खड़े हो जाएंगे।

# 39 अवैध इमारतों में पानी कनेक्शन लेने वालों पर होगा ऐक्शन, बढ़ेगी सख्ती

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। नोएडा के सलारपुर में अवैध रूप से बनी 39 इमारतों में भूमिगत पानी कनेक्शन लेने वालों पर कार्रवाई होगी। इसे लेकर नोएडा प्राधिकरण मंगलवार को एसडीएम दादरी को पत्र लिखेगा। इन इमारतों को ध्वस्त भी किया जाएगा।

यहां बिना नोएडा प्राधिकरण की मंजूरी के लिए अवैध रूप से इमारतें खड़ी की जा रही हैं। इन इमारतों में काम रोकने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने 25 अधिकारियों की एक टीम तैनात कर दी है। हर अधिकारी को अलग-अलग दिन देखरेख के लिए ड्यूटी लगाई गई है।

**भूमिगत पानी कनेक्शन लेने की कोशिश:** इसके बावजूद यहां निर्माण चल रहा है। अब इमारतों के मालिकों ने भूमिगत पानी कनेक्शन लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसकी जानकारी नोएडा प्राधिकरण को मिली है। एसडीएम दादरी को पत्र लिखने का निर्णय: ऐसे में प्राधिकरण ने कार्रवाई के लिए एसडीएम दादरी को पत्र लिखने का निर्णय लिया है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि एक-दो दिन में एसडीएम को पत्र लिख दिया जाएगा।

**भूमाफिया घोषित करने की प्रक्रिया चल रही:** सलारपुर में अवैध इमारतें बनाने वाले 39 मालिकों को भूमाफिया घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है। प्राधिकरण के सीईओ की तरफ से डीएम को पत्र लिखा जा चुका है। भूमाफिया घोषित होने के बाद इमारतों के मालिकों पर शिकंजा कसा जाएगा।

**एफआईआर का इंतजार:** नोएडा प्राधिकरण ने करीब दो महीने पहले इमारतों के मालिकों पर एफआईआईआर दर्ज करने के लिए कोतवाली सेक्टर-39 में शिकायत दी थी। दो महीने बाद भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है।

# ट्रक की टक्कर से मां की मौत और बेटा घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। बिसरख क्षेत्र में जीटी रोड पर लाल कुआं के समीप रविवार को बेकाबू ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसके बेटे को हल्की चोट आई। हादसे के बाद ट्रक चालक भाग गया। पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। बिसरख कोतवाली पुलिस के मुताबिक मूलरूप से स्याना बुलंदशहर के रहने वाले पुष्पेंद्र रविवार को अपनी मां कस्तूरी देवी के साथ बाइक से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के चिपियाना बुजुर्ग गांव आ रहे थे। जीटी रोड पर लाल कुआं के समीप शाम को बेकाबू ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

हादसे में कस्तूरी देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पुष्पेंद्र को हल्की चोट आई। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि इस मामले में घायल पुष्पेंद्र की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# नोएडा एयरपोर्ट के पास क्या महंगी होगी जमीन

शाह टाइम्स संवाददाता

ग्रेटर नोएडा। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (ल्प्म्ब) ने एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास 20 किलोमीटर के दायरे में किसी भी तरह का निर्माण नियमों के तहत ही होगा। ल्प्म्ब ने एक प्रस्ताव पास किया है, जिसके तहत नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाली बिल्डिंगों के निर्माण पर रोक लगा दी गई है।

इसका मतलब है कि अब इस इलाके में कोई भी नई बिल्डिंग नहीं बन पाएगी, जब तक वह एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (AAI) के नियमों का पालन सुनिश्चित करेगी, अगर कोई बिल्डिंग AAI के दिशा-निर्देशों के हिसाब से नहीं बनी है, तो उसका नक्शा पास नहीं किया जाएगा। इसको लेकर ल्प्म्ब के सीईओ आरके सिंह ने बताया कि बोर्ड ने एयरपोर्ट के पास उड़ान के रास्ते को साफ रखने के लिए AAI (एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया) के नियमों को लागू करने का फैसला लिया है। उन्होंने आगे बताया कि AAI ने एक कलर-कोडेड जो. निंग मैप जारी किया है, जिसे चर्चा के बाद लागू किया जाएगा। इसके अलावा, YEIDA इस 20 किलोमीटर के पूरे इलाके का सर्वे कराने के लिए एक विशेषज्ञ कंसलटेंट को भी नियुक्त करने की योजना बना रही है।

# नोएडा-ग्रेनो में आएगी आईटी भूखंड योजना

## बड़ी कंपनियां कर सकेंगी निवेश, जमीन चिह्नित, मिलेगा निवेश और रोजगार

शाह टाइम्स संवाददाता

नोएडा। आईटी कंपनियों को ग्रेटर नोएडा में निवेश करने का मौका मिलेगा। ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण आईटी सेक्टर के लिए भूखंडों की योजना लाने जा रहा है। इसके लिए सेक्टर टेकजोन और नॉलेज पार्क-5 में जगह चिह्नित कर ली गई है। इस महीने योजना शुरू कर दी जाएगी। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक आईटी भूखंडों की योजना में 1, 4, 10 और 20 एकड़ के कुल पांच भूखंड होंगे। 10-10 एकड़ के दो, 20 एकड़ का एक भूखंड सेक्टर टेकजोन और एक एकड़ और चार एकड़ के 1-1 भूखंड सेक्टर नॉलेज पार्क-5 में होंगे।




अधिकारी के मुताबिक आईटी सेक्टर की कई बड़ी कंपनियों ने यहां निवेश करने की इच्छा जताई है। इससे संबंधित प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसको देखते हुए फिलहाल पांच बड़े भूखंडों की योजना शुरू करने की तैयारी चल रही है। बड़ी कंपनियों के आने से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। वहीं, उद्योगों के लिए भी 39 भूखंडों की योजना शुरू की गई थी। इससे भी भारी भरकम निवेश आने की संभावना है।

**नोएडा में भी आएगी योजना:** इसके अलावा नोएडा में भी औद्योगिक भूखंडों की लाई योजना के तहत आवंटन प्रक्रिया होने के साथ नए भूखंड आएंगे। वहीं सेक्टर-164 में छह आईटी व आईटीईएस भूखंडों की योजना आने जा रही है। इसके लिए सेक्टर में चल रहा जमीन विवाद पूरी तरह से समाप्त हो गया है। जिसके बाद यहां आने वाले भूखंड 6 हजार वर्गमीटर तक के होंगे। जिनका आवंटन यूनी फाइड पॉलिसी के तहत किया जाएगा।

# ट्रैक्टर और बाईक की भिड़ंत में दो किसानों की मौत

## बाईक पर सवार खाद के कट्टे लेकर खेत पर जाते समय हुआ हादसा, परिवारों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खट्टा प्रहलादपुर पांची मार्ग पर सोसायटी के समीप ट्रेक्टर और बाईक की भिड़त में दो बाईक सवार व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया जहां उन्हें तुरंत मेरठ के एक अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनो के शवो को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



मृतक का फाइल फोटो



मृतक का फाइल फोटो

खट्टा प्रहलादपुर निवासी 50 वर्षीय अशोक पुत्र रामबीर व 40 वर्षीय अमरपाल पुत्र रामसहाय दोनो पडौसी है। सोमवार सुबह दोनो बाईक पर खाद के कट्टे लेकर खेत पर जा रहे थे। दोनो के खेत भी पास पास है, जब वह खट्टा प्रहलादपुर में खाद गोदाम के समीप पहुंचे तो तभी एक बच्चा बाईक के सामने आ गया जिससे बचाने के प्रयास में वह समीप की आ रहे ट्रेक्टर से भिड़त हो गयी, जिससे दोनो सड़क किनारे



जा गिरे और गम्भीर रूप से घायल हो गये। राहगीरों ने देखा तो तुरंत उनके पास पहुंचे। वही उनके परि. जनों को भी सूचना दी। सूचना मिलते ही दोनो के परिजन मौकें पर पहुंचे और घायल अवस्था में दोनो को मेरठ के केएमसी अस्पताल लेकर पहुंचे जहा डाक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया जिससे परि. जनों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो बुरा हाल है। गांव के लोग पीड़ित परिजनों को सांत्वना देने मे



लगे है। ग्रामीणों ने बताया कि अशोक के दो लड़के है। वही अमरपाल के भी दो बच्चें है। एक लड़का और एक लड़की जिनके सामने परिवार चलाने की समस्या खड़ी हो गयीहै।

थाना प्रभारी अतर सिंह ने बताया कि सूचना मिली है अभी कोई तहरीर नही आयी है पुलिस टीम जांच कर रही है।

## बदमाशों ने छात्र को गोली मार किया घायल, पुलिस ने खंगाले सीसीटीवी कैमरे

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बागपत।** मेरठ के जानी थाना क्षेत्र में बदमाशों ने एक छात्र को गोली मार दी है। घायल छात्र का नाम फैसल है। वो सुभारती यूनिवर्सिटी में होटल मैनेजमेंट का छात्र है। जो बागपत जिले का रहने वाला है। फैसल को पेट में गोली लगी है। उसे सुभारती अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। रोजाना बागपत से मेरठ में पढ़ने आता है।

बताया जा रहा है कि सोमवार को बाइक पर दो अज्ञात बदमाश आए। बदमाशों ने सुभारती चौकी से लगभग 200 मीटर की दूरी पर फायरिंग की है। फायरिंग मेरठ दिल्ली हाईवे की मास रिजॉर्ट के पास की गई। फायरिंग में गोली फैसल पुत्र अजीज निवासी बागपत के पेट में लगी है। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। मामले की जांच की जा रही है। बड़े भाई साकिब ने तहरीर दी है। एसपी देहात डा.राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि एक छात्र पढ़ने के लिए आया था और आगे जा रहा था तभी उनको गोली मारी गई है। पेट के पास गोली लगी है। उनका इलाज चल रहा है। छात्र की हालत सही है। उसके परिजनों से संपर्क किया है। घायल छात्र के बड़े भाई साकिब की मेरठ में ससुराल है। ससुराल में साकिब का विवाद चल रहा है। इस विवाद को लेकर पहले भी इस तरह की घटना हो चुकी है। साकिब और परिजनों ने ससुराल पक्ष पर इस हमले का शक जताया है। सीसीटीवी भी चैक किए जा रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज में दो हमलावर सामने आए हैं, जिसमें वो एक व्यक्ति भी नजर आ रहा है जो साकिब के ससुराल से ताल्लुक रखता है। उसकी पहचान हो चुकी है। पुलिस की टीमें आरोपियों की तालाश में जुटी है।

## सांसद ने सौपा जयंत चौधरी को चैक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** सांसद डा.राजकुमार सांगवान में राष्ट्रीय लोकदल सुप्रीमो जयंत चौधरी को चौक सौपा। राष्ट्रीय लोकदल पार्टी द्वारा घोषणा की गई थी कि पार्टी के सांसदों एवं विधायकों के द्वारा एक एक माह की सैलरी बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए दी जाएगी। सांसद डा.राजकुमार सांगवान ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी से मिलकर अपनी एक माह की तनख्वाह का चेक सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी को बागपत में यमुना नदी के खादर में जिन जिन गांवों के किसानों को बाढ़ से नुकसान हुआ है। चाहे फसलों का नुकसान हो चाहे ज़मीन का नुकसान हो उससे अवगत कराया तथा बागपत के किसानों को सहायता राशि तुरंत उपलब्ध कराई जाए। जैसा के कई गांवों शबगा, जगोस, कोताना, लुहारी, खेड़ी प्रधान, निनाना के हज़ारों बीघा ज़मीन यमुना नदी के कटाव से नदी में बह गई तथा कई हज़ार बीघा गन्ना एवं ज्वार, हरा चारा की फसलों का किसानों को भारी नुक़सान हुआ है। उससे भी राष्ट्रीय अध्यक्ष को अवगत कराया।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत, एक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** पांची चमरावल मार्ग पर एक ट्रक की टक्कर लगने से दो बाईक सवार युवक घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिए पहले पिलाना सीएचसी पर भर्ती कराया गया जहां से मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया जहां एक युवक की मौत हो गयी जिससे परिजनों मे कोहराम मचा है।

ओगटी निवासी अंकुर पुत्र लोकेन्द्र व सुराना निवासी अभिषेक पुत्र सुनील दोस्त है। दोनो बाईक पर सवार होकर रविवार शाम पांची से चमरावल की और आ रहे थे जहां रास्ते मे ही एक ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी जिसमे दोनो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। राहग. ीरों ने देखा तो तुरंत 112 पर काल कर पुलिस को सूचना दी। वही युवक के परिजनों को भी सूचना दी, जहा मौकें पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को पिलाना सीएचसी पर भर्ती कराया जहा से हालत गम्भीर देखते हुए दोनो को मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा अंकुर की उपचार के दौरान मौत हो गयी जिससे परिजनों मे कोहराम मचा है। उधर थाना प्रभारी अतर



सिंह ने बताया कि अंकुर की उपचार के दौरान मौत हुई है। अभी परिजनों ने थानें मे कोई तहरीर नही दी है।

## एक नजर

## राज्य मंत्री ने किया जागौस गांव की यमुना नदी का निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव में सोमवार को राज्य मंत्री केपी मलिक ने यमुना नदी पर निरीक्षण किया। यमुना नदी ये हुए कटान पर गहरी चिंता प्रकट करते हुए राज्य मंत्री केपी मलिक ने गांव के लोगों से नुकसान के बारे में जानकारी ली। किसानों ने राज्य मंत्री को बताया कि खेतों में खड़ी गन्ने की हजारों बीघा फसल नष्ट हो गई है। किसानों की जमीन यमुना नदी में समा गई है। किसानों ने राज्य मंत्री केपी मलिक से नुकसान की भरपाई प्रदेश के मुख्यमंत्री से कराने की मांग की। गांव के किसानों ने केपी मलिक से यमुना नदी पर पत्थरों से लगी लोहे के जाल की ठोकर बनवाने, तट बांध बनवाने किसानों का कर्ज माफ करवाने व अन्य समस्याओं से अवगत कराया। राज्य मंत्री केपी मलिक ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर किसानों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। इस मौके पर गांव के भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दो पक्षों में हुआ खूनी संघर्ष, पुलिस कर रही मामले की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बागपत।** बिनौली थाना क्षेत्र में दीवार की ईंटों के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। सोनू पुत्र रामचंद के अनुसार, उनके घर पर निर्माण कार्य के दौरान पड़ोसी की दीवार से कुछ ईंटें निकल गईं। पड़ोसी की शिकायत पर पुलिस ने उनके परिवार को थाने बुलाया और बाद में छोड़ दिया।

पीड़ित परिवार के सदस्य अक्षय ने बताया कि पड़ोसी युवक लाठी-डंडे और धारदार हथियारों के साथ उनके घर पहुंचे। एक आरा. ेपी, जो एक निजी स्कूल का प्रिंसिपल है, कुछ स्कूली बच्चों को भी साथ लेकर आया। हमले में वीरमती, गुड्डन, पप्पू, राजवीर, संजय, महेश और आकाश घायल हुए। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि मारपीट के बाद से उनके परिवार का सदस्य गौरव लापता है। साथ ही आरोपियों ने उनके मकान में आग लगा दी, जिसे किसी तरह काबू में किया गया। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पीड़ित परिवार की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।





## पोते ने दादी को घसीट- घसीटकर पिटा, वीडियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिले के बसौदा गांव से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले इस गांव में एक पोते ने अपनी 80 वर्षीय दादी के साथ मारपीट की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

वीडियो में फरमान नाम का युवक अपनी दादी को घसीटते और पीटते हुए दिखाई दे रहा है। सूत्रों के अनुसार यह वीडियो कुछ समय पुराना है। दुखद तथ्य यह है कि वृद्ध महिला की एक सप्ताह पहले मृत्यु हो चुकी है। वीडियो के वायरल होने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी का चालान कर दिया है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। सोशल मीडिया पर लोग आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## यमुना में लगातार कटान जारी, 45 हजार क्यूसेक फिर छोड़ा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** यमुना का जलस्तर घट कर 180 मीटर पर पहुंच गया है। इससे किनारों पर मिट्टी कटान होने से खतरा भी बढ़ गया, लेकिन अभी कटान नहीं रुक रहा है, जिससे किसानों को परेशानी हो रही है। पहाड़ों पर बारिश बंद होने के बाद यमुना का जलस्तर भी कम होने लगा है। हथिनीकुंड बैराज से रविवार रात को फिर दोबारा से छोड़ा गया 60 हजार क्यूसेक पानी यमुना नदी में पहुंचने के बाद जलस्तर बढ़ गया था, लेकिन अब जलस्तर एक मीटर कम हो गया है। रविवार को 45 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है और देर रात तक पहुंच गया है। जलस्तर कम होने के बाद यमुना का जलस्तर180 मीटर पर आ गया है। उधर, सिंचाई विभाग के कर्मियों ने शबगा और जागोस में कटान को रोकने के लिए यमुना किनारे बल्ली लगानी शुरू कर दी है। इसके अलावा मिट्टी से भरकर प्लास्टिक के कट्टों के बोरे रखे गए। जिस स्थान पर अधिक काटन की स्थिति है वहां पर पेड़ों को काटकर पानी रोका जा रहा है। इसलिए पेड़ों को काटकर डाला जा रहा है क्योंकि पेड़ों से पानी की फुहार सामने से रोक देती है। यमुना कटान पर पेड़ काटकर डालने से धार भी अपना मुंह मोड़ लेती है। इसलिए पेड़ काट कर डाले जाते हैं। वहीं सिंचाई विभाग के अधिकारी ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के जागौश गांव में डेरा डाले हुए है।

## छेड़छाड़ के विरोध में चले दो पक्षों में धारदार हथियार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** लड़की से छेड़छाड़ के आरोप के बाद दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई है। मारपीट का पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मामला सिंघावली अहीर थाना क्षेत्र के सैडभर गांव का है।



पहले लड़की पक्ष ने आरोपी युवक को पकड़कर पीटा और फिर विरोध में दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडों और थप्पड़ों से जमकर बवाल हुआ। ये वायरल वीडियो फ्रेम में साफ दिख रहा है कि एक पक्ष के लोग युवक को पकड़कर पीट रहे हैं। इसके बाद गली में दोनों पक्षों के एक दर्जन से ज्यादा लोग आमने-सामने आकर लाठी-डंडों से भिड़ते नजर आते हैं। गाली-गलौज और हाथापाई के बीच भगदड़ का माहौल दिखाई देता है। सैडभर गांव में छेड़छाड़ के आरोप के बाद दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। पहले लड़की पक्ष ने युवक को पकड़कर उसकी पिटाई की, लेकिन मामला यहीं नहीं रुका, देखते ही देखते दोनों पक्षों के एक दर्जन से ज्यादा लोग आमने-सामने आ गए। लाठी-डंडों और थप्पड़ों से जमकर मारपीट हुई और पूरा मामला कैमरे में कैद हो गया। वायरल वीडियो सामने आने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है और दोनों पक्षों पर कार्रवाई की तैयारी कर रही है। सैडभर गांव में छेड़छाड़ के आरोप ने तूल पकड़ लिया और मामला बड़े बवाल में बदल गया। पुलिस ने अब वायरल वीडियो के आधार पर दोनों पक्षों पर 307 जैसी गंभीर धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर लिया है और कई लोगों की गिरफ्तारी के चुकी है।

## सकल जैन समाज द्वारा वार्षिक रथ यात्रा महोत्सव आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** श्रीदिगंबर जैन मंदिर में सकल जैन समाज बागपत के द्वारा वार्षिक रथ यात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम श्री 1008 अजित नाथ भगवान, श्रीशान्ति नाथ, श्रीनेमि नाथ भगवान का मयंक जैन के निर्देशन में अभिषेक हुआ। उसके उपरान्त भगवान श्रीपारस नाथ की प्रतिमा का मंजन किया गया।



रथ यात्रा के लिए इंद्रो का चयन लकी ड्रा द्वारा किया गए, जिसमें श्रीजी को शीश पर धारण कर चलने का सौभाग्य अतुल जैन, अभिषेक जैन, सारथी बने का सौभाग्य नीरज जैन, कुबेर बनने का सौभाग्य कुम. रेश जैन, अंकित जैन, चवर ढूराने का सौभाग्य विनित जैन, को मिला प्राप्त हुआ। इसके उपरान्त श्रीदिगंबर जैन मंदिर बागपत के मूलनायक भगवान अजित नाथ भगवान से देव आज्ञा प्राप्त कर श्रीजी को पालकी में विराजमान कर बड़े बाजार में स्वर्ण रथ पर विरा. जमान किया गया जहां पर रथ यात्रा ने अपना भव्य रूप लिया और समाज के सभी लोगों ने जगह जगह रथ यात्रा का आरती की और देश के जाने माने बैंड बाजों ने अपने सुंदर सुंदर भजनों से सभी को भक्ति में झूमने को मजबूर कर दिया। रथ यात्रा नगर भ्रमण करते हुए श्रीजैन इण्टर कॉलेज बागपत पहुंची जहां स्थित पांडुशिला पर इन्द्रओ द्वारा भगवान का शुद्ध जल से मंत्रोंचार द्वारा अभिषेक और पूजन किया गया। पूजन के उपरान्त रथ यात्रा पुनः नगर भ्रमण करते हुए श्रीदिगंबर जैन मंदिर बागपत पर आ कर सम्पन्न हुई।

## छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और युवाओं की आकांक्षाओं को रखा सामने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश /2047 अभियान के अंतर्गत सोमवार को जनपद में विभिन्न वर्गों के साथ विचार-विमर्श एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर प्रबुद्धजनों ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज, बागपत में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य से जुड़े महानुभावों एवं स्थानीय बुद्धिजीवियों के साथ संवाद किया। विकसित उत्तर प्रदेश विजन की तीन प्रमुख थीमों अर्थ शक्ति सृजन शक्ति और जीवन शक्ति से जुड़े 12 प्रमुख सेक्टर जैसे कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी एवं उभरती प्रौद्योगिकी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन पर चर्चा हुई। शासन से नामित प्रबुद्धजनों ने बताया कि सभी विषयों पर प्राप्त सुझावों के आधार पर राज्य के विकास की दीर्घकालिक रणनीति तय की जाएगी। छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और युवाओं की आकांक्षाओं को सामने रखा।

श्री नेहरू इन्टर कॉलेज पिलाना के प्रधानाचार्य डा.सत्यवीर सिंह ने प्रत्येक जनपद में सैनिक स्कूल स्थापित करने और शिक्षा में नवाचार को बढ़ावा देने की बात कही। कविता चौधरी ने कंप्यूटर लैब और कंप्यूटर ऑपरेटर की व्यवस्था की आवश्यकता बताई, जबकि नीतू ने कौशल विकास कार्यक्रमों को और व्यापक बनाने पर बल दिया। मुकेश शर्मा ने विद्यालयों में ध्यान केंद्र स्थापित करने का सुझाव रखा। विद्यार्थियों में पूजा ने हिन्दी और अंग्रेज़ी, दोनों ही माध्यमों में उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने की बात रखी। अभिनव ने कौशल विकास और नादिस ने समग्र विकास पर ोकस करने का सुझाव दिया। सागर ने प्रदूषण नियंत्रण, कनक ने कानून व्यवस्था को और मज़बूत करने, तथा ग्रामीण क्षेत्र में इंटर कॉलेज स्थापित करने की मांग रखी।

## साढ़े आठ लाख युवाओं को मिला पुलिस, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन आदि विभागों में सरकारी सेवा का अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की भर्ती व्यवस्था से यह सुनिश्चित हुआ है कि केवल परिश्रमी और योग्य अभ्यर्थियों को अवसर मिले और वे समाज की सेवा कर सकें। स्वस्थ व्यक्ति ही सशक्त समाज और राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकता है। इसी प्रकार प्रदेश में अब तक लगभग साढ़े आठ लाख युवाओं को पुलिस, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन आदि विभागों में सरकारी सेवा का अवसर मिला है। अब योग्य अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरी की जा रही है। प्रदेश में अब तक कुल 2 लाख 19 हजार पुलिस कार्मिकों की भतद्ध की जा चुकी है। हाल ही में 60 हजार 200 पुलिस कार्मिकों की भर्ती सम्पन्न हुई है। पिछले आठ वर्षों में प्रदेश की विकास गति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और इसी का परिणाम है कि चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था 35 लाख करोड़ रुपये तक पहुँचने की ओर अग्रसर है। यह उपलब्धि संभव हो सकी है क्योंकि युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग में हाल ही में पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हुई नियुक्तियाँ इसका सशक्त उदाहरण हैं, जो आज प्रदेश के विकास में अहम योगदान दे रही हैं। आज उत्तर प्रदेश में वन डिस्ट्रिक्ट, वन मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है।

## कनिष्ठ सहायकों और एक्स-रे टेक्नीशियनों को दिया गए नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन रोजगार अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर में युवाओं को सरकारी सेवाओं में अवसर प्रदान करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी क्रम में कनिष्ठ सहायकों एवं एक्स-रे टेक्नीशियन की नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। सोमवार को लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1112 कनिष्ठ सहायकों और 22 एक्स-रे टेक्नीशियनों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार, बागपत में भी किया गया, जहां जनपद से चयनित पाँच अभ्यर्थियों को वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री केपी मलिक तथा जिला.



धिकारी अस्मिता लाल ने नियुकित पत्र सौंपे। इस अवसर पर बागपत से चयनित अभ्यर्थी प्रशांत (तैनाती-मुजफ्फरनगरक्त, शुभांशु (तैनाती-गाजियाबाद), सोनू राठी (तैनाती-संजय नगर जिला संयुक्त चिकित्सालय, गाजियाबाद), विजय कुमार (तैनाती- मुजफ्फरनगर) और विकास तोमर (तैनाती-मुजफ्फरनगर) को नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्प है।

यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विक. सित भारत के संकल्प को गति प्रदान कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भर्ती प्रक्रिया अब पूरी तरह पारदर्शी, तकनीक आधारित और निष्पक्ष हो चुकी है। पहले की तरह न तो किसी प्रकार का भेदभाव है और न ही किसी प्रकार की सिफारिश चलती है। योग्यतानुसार चयन की यह व्यवस्था न केवल युवाओं में विश्वास जगा रही है, बल्कि प्रदेश के प्रशासनिक और स्वास्थ्य तंत्र को नई ऊर्जा भी प्रदान कर रही है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा.तीरथ लाल डिप्टी सीएमओ डा.रोबिन अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# लाल किले से चोरी हुए करोड़ों के कलश के साथ आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच और हापुड़ पुलिस ने मिलकर लाल किला परिसर से चोरी हुए करोड़ों रुपये के सोने-हीरे जड़े कलश मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने हापुड़ जिले से मुख्य आरोपी भूषण वर्मा को गिरफ्तार किया है। जबकि पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को हिरासत में लिया है।

लाल किले में 3 सितंबर को हुए जैन धार्मिक अनुष्ठान के दौरान चोरी की यह घटना हुई थी। सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद पुलिस ने एक व्यक्ति को धोती और चुन्नी पहने हुए कलश को एक झोले में छिपाकर ले जाते हुए देखा। इसी फुटेज के आधार पर पुलिस ने भूषण वर्मा की पहचान की और उसे हापुड़ की वैशाली कॉलोनी से गिरफ्तार किया। इसी के साथ



पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को भी हिरासत में लिया है। पूछताछ में भूषण ने बताया कि उसने सोची-समझी साजिश के तहत इस चोरी को अंजाम दिया। उसने जैन समुदाय से न होने के बावजूद, धार्मिक परिधान पहनकर भीड़ में घुलने-मिलने की रणनीति अपनाई ताकि किसी को शक न हो। पुलिस ने भूषण वर्मा के पास से 760 ग्राम सोने और 150 ग्राम हीरे, माणिक्य, और पन्ना जड़ा हुआ एक कलश बरामद किया है। इस कलश की



कीमत लगभग एक करोड़ रुपये आंकी गई है। भूषण ने खुलासा किया कि उसने कुल तीन कलश चुराए थे। पुलिस अब बाकी दो कलशों की तलाश में गाजियाबाद और आसपास के इलाकों में छापेमारी कर रही है। यह घटना लाल किले जैसे हाई-सिक्योरिटी जोन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाती है। आयोजन के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस चोरी से जैन समुदाय में भी रोष है, जिन्होंने इसे अपनी धार्मिक आस्था पर हमला बताया है। समुदाय के सदस्यों ने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अब मामले में अन्य दो संदिग्धों की तलाश कर रही है और यह भी जांच कर रही है कि क्या यह कोई बड़ा रैकेट है।

# प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए मिली एक करोड़ रुपये की मंजूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार ने हापुड़ जिले के ग्राम सरावनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए एक करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। यह राशि राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप के प्रस्ताव पर स्वीकृत हुई है।

राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने उनके प्रस्ताव को स्वीकार किया है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य मंदिर के सौंदर्यकरण के साथ-साथ श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

इसके अतिरिक्त, इस पहल से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने सरकार के इस कदम



पर खुशी जताई है। स्थानीय निवासी अजय ने कहा कि लंबे समय से मंदिर में बुनियादी सुविधाओं की कमी थी, जो अब पूरी हो जाएगी। एक अन्य ग्रामीण सुनीता ने इसे संस्कृति और आस्था के प्रति सम्मान बताया। राशि की स्वीकृति के बाद, राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने खुद मंदिर स्थल का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक की और परियोजना की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। माना जा रहा है कि इस निरीक्षण के बाद मंदिर के जीर्णोद्धार का काम जल्द ही शुरू हो जाएगा।

# गौमाता को लेकर सोशल मीडिया पर विवादित पोस्ट करने वाला युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर एक विवादित पोस्ट डालने का मामला सामने आया है। जिसमें एक युवक ने गौमाता को लेकर सोशल मीडिया पर एक विवादित पोस्ट कर डाली थी। पुलिस ने मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले अंकुर कुमार नामक युवक ने गौमाता को लेकर एक विवादित पोस्ट सोशल मीडिया पर साझा किया। यह पोस्ट तुरंत वायरल हो गई, जिससे विभिन्न धार्मिक संगठनों और आम लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। राष्ट्रीय गौ सेवा संघ सहित कई हिंदू संगठनों ने इस पर कड़ी नाराज़गी जताई। लोगों का एक बड़ा समूह हापुड़ नगर कोतवाली पहुँचा और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो समाज में सां. प्रदायिक तनाव बढ़ सकता है। माहौल की संवेदनशीलता को देखते हुए, नगर कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने तुरंत कार्रवाई की। पुलिस ने तकनीकी और स्थानीय जानकारी का उपयोग करके आरोपी अंकुर कुमार को ग्राम अच्छेजा से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी और कहा कि वह भविष्य में ऐसी कोई हरकत नहीं करेगा। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग नफरत फैलाने के लिए बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पुलिस ऐसे मामलों से सख्ती से निपटेगी।

## चैकिंग के दौरान चाकू के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया है पुलिस ने युवक के कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया है। बहादुरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के गांव सदरपुर की मडैया के पास चेकिंग की जा रही थी तभी पुलिस को एक संदिग्ध युवक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया और पुलिस थाने ले आई। पुलिस के मुताबिक आरोपी युवक की पहचान हरीश पुत्र डोरीलाल निवासी ग्राम सदरपुर थाना बहादुरगढ जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने संबंधित मामले में आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया है।

# पीईटी परीक्षा में फर्जीवाड़ा करने वाला अभ्यर्थी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पीईटी यानी प्रारंभिक अर्हता परीक्षा में फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर दो बार परीक्षा देने की कोशिश करने वाले एक अभ्यर्थी को हापुड़ कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सहारनपुर के सुनील कुमार प्रजापति के रूप में हुई है।

यह घटना 7 सितंबर को हापुड़ के दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित पीईटी परीक्षा की दूसरी पाली के दौरान सामने आई। स्टेटिक मजिस्ट्रेट डॉ. विनीत कुमार को मुख्यालय से एक अलर्ट मिला, जिसमें बताया गया था कि एक ही व्यक्ति ने 6 सितंबर को मेरठ में और 7 सितंबर को हापुड़ में परीक्षा दी है। जांच करने पर पता चला कि सुनील कुमार प्रजापति नाम के इस अभ्यर्थी ने अपने आधार कार्ड में जन्मतिथि बदलकर दो अलग-अलग प्रवेश पत्र बनवाए थे। पूछताछ के दौरान, सुनील ने स्वीकार किया कि उसने धोखाधड़ी की थी। उसने बताया कि पहले प्रवेश पत्र में उसका नाम सुनील कुमार पुत्र विनयपाल और जन्मतिथि 02-09-1987 दर्ज थी। वहीं, दूसरे प्रवेश पत्र में उसका नाम सुनील कुमार प्रजापति पुत्र विजयपाल प्रजापति और जन्मतिथि 12-08-1996 थी। उसने अपने आधार कार्ड में जन्मतिथि बदलकर दोनों बार परीक्षा दी थी। स्टेटिक मजिस्ट्रेट की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने सुनील के खिलाफ धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेजों के उपयोग से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी



निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी के दस्तावेजों और आधार कार्ड में की गई हेराफेरी की गहन जांच की जा रही है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि क्या वह किसी बड़े रैकेट का हिस्सा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसी धोखाधड़ी को रो. कने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# समर्थ व विकसित उत्तर प्रदेश अभियान की हुई शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** उत्तर प्रदेश सरकार ने समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य 2047 तक राज्य को एक विकसित राज्य बनाना है। इस अभियान में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नागरिक अपने सुझाव सीधे ऑनलाइन पोर्टल और क्यूआर कोड के माध्यम से भेज सकते हैं।

इस अभियान का लक्ष्य हर परिवार से कम से कम एक सुझाव प्राप्त करना है। इसमें विद्यार्थी, शिक्षक, किसान, व्यापारी, उद्यमी, श्रमिक संगठन, मीडिया और आम नागरिक सभी भाग ले सकते हैं। नागरिक अपने सुझाव ऑनलाइन पोर्टल या सूचना सेतु ऐप के जरिए दे सकते हैं। इसके अलावा, क्यूआर कोड स्कैन करके भी फीडबैक साझा करने की सुविधा उपलब्ध है। यह अभियान 5 सितंबर से 5 अक्टूबर, 2025 तक चलेगा। इस दौरान ग्राम पंचायत और विकास खंड स्तर पर गोष्ठियों का भी आयोजन किया जाएगा। प्राप्त सुझावों के आधार पर एक विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जाएगा, जो अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति नामक तीन प्रमुख थीमों और 12 प्रमुख सेक्टरों पर केंद्रित होगा। इस अभियान के तहत हापुड़ के सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल कॉलेज और जीएस मेडिकल कालेज में एक कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें जनपद के नोडल अधिकारी अजय चौहान और शासन से नामित प्रबुद्धजनों विनोद कुमार शर्मा, विगनेश कुमार और डा. सहस्त्रपाल सिंह की टीम ने डॉक्टरों, प्रोफेसरों और अन्य लोगों के साथ संवाद किया और उनसे सुझाव लिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, विधायक धर्मेश तोमर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित राज्य से विकसित भारत की थीम से प्रेरित है।

# किसान उत्पादक संगठनों के सदस्यों व कृषि वैज्ञानिकों की हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर के विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश 2047 अभियान के तहत किसानों, एफपीओ यानी किसान उत्पादक संगठनों के सदस्यों और कृषि वैज्ञानिकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक का नेतृत्व जनपद के नोडल अधिकारी और प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान ने किया।

बैठक में सरकार द्वारा नामित प्रबुद्धजन सेवानिवृत्त विशेष महा. निदेशक विनोद कुमार शर्मा, सेवा. निवृत्त शिक्षाविद विगनेश कुमार और सेवानिवृत्त प्रोफेसर डाक्टर सहस्त्रपाल सिंह भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को विक. सित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को



साकार करने के लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों से सरकार द्वारा जारी पोर्टल और क्यूआर कोड का उपयोग करके अपने संकल्प और सुझाव देने का आग्रह किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय और मुख्य विकास अधिक. ारी हिमांशु गौतम समेत अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे। इस पहल का उद्देश्य कृषि क्षेत्र के विकास के लिए जमीनी स्तर से सुझाव इकट्ठा करना है।

# ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में गढ़ रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसके बाएं पैर का पंजा और बायां कान कट गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एसपीएफ पुलिस टीम ने घायल को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की जाँच में जुट गई।

मिली जानकारी के अनुसार गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला घोसियान सेगेवाला निवासी 45 वर्षीय बाबू पुत्र भ्रम सिंह मुरादाबाद की ओर जा रही एक तेज रफ्तार मालगाड़ी की चपेट में आ गए। इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका बाएं पैर का पंजा और बायां कान कट गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना आरपीएफ पुलिस दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहाँ घायल बाबू ही हालात गंभीर बताई जा रही है। आरपीएफ प्रभारी राकेश यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह हादसा रेलवे ट्रैक पार करते समय लापरवाही के कारण होना माना जा रहा है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। उन्होंने लोगों से रेलवे ट्रैक को पार करते समय सावधानी बरतने की अपील की है।

# सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के छात्रों ने जीते तीन पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ के तीन छात्रों ने 4 सितंबर, 2025 को अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ में आयोजित एक समारोह में अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए पदक जीते।

यह सम्मान उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा प्रदान किया गया। 2021 के पोस्ट ग्रेजुएट बैच के जिन छात्रों को यह सम्मान मिला, वे इस प्रकार हैं। डा. जुगल किशोर ने जनरल मेडिसिन में स्वर्ण पदक जीता, डा. अंबिका अग्रवाल ने पैथोलॉजी में स्वर्ण पदक और डॉ. आयशा क़ायनात ने प्रसूति एवं स्त्री रोग में रजत पदक जीता। यह उपलब्धि न केवल इन छात्रों की व्यक्तिगत प्रतिभा को दर्शाती है, बल्कि संस्थान के उच्च-स्तरीय शैक्षणिक वातावरण और अनुभवी शिक्षकों के मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। सरस्वती इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेज के चेयरमैन डा. जे. रामचंद्रन और वाइस चेयरपर्सन राम्या रामचंद्रन ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान मेडिकल शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और भविष्य के योग्य स्वास्थ्यकर्मियों को तैयार करने की उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। प्रधानाचार्य डा. बर्खा गुप्ता और सीनियर एडवाइजर डा. आरके सेहगल ने भी छात्रों के कठोर परिश्रम और अनुशासन की सराहना की, जिसने संस्थान का नाम रोशन




किया है। इसके अलावा, महाप्र. बंधक, निदेशक प्रशासन और अस्पताल प्रशासक ने भी इस सफलता को छात्रों, शिक्षकों और प्रशासन के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया।

# शिक्षा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर वीडीकेपी पब्लिक स्कूल में हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** वीडीकेपी पब्लिक स्कूल में क्षेत्रीय विद्यालयों और महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों की एक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक का उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करना था। एमएलसी श्री चंद शर्मा इस बैठक के मुख्य अतिथि थे, जिन्होंने सभी समस्याओं को ध्यान से सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया।

बैठक में एमएलसी श्री चंद शर्मा ने केंद्र और राज्य सरकार की नई शिक्षा नीतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सरकारें गरीब और कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए कई नई योजनाएं चला रही हैं ताकि उन्हें बेहतर शिक्षा के अवसर मिल सकें। उन्होंने सभी शिक्षकों और प्रबंधकों से छात्रों के सर्वांगीण विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। इस बैठक में शिक्षा के साथ-साथ खेल के महत्व पर भी जोर दिया गया। पीएसडी मुदाफरा के विद्यालय प्रबंधक लोकेश शर्मा ने सभी स्कूलों से खेल को शिक्षा का एक अभिन्न अंग बनाने का आग्रह किया। वीडीकेपी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य कोमल त्यागी ने अपनी मेधावी छात्राओं की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया। यशी मावी ने अंडर 14 क्लस्टर 19 की 400 मीटर दौड़ में स्टेट लेवल गोल्ड मेडल जीता। खुशी मावीं ने जूडो प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता। एमएलसी श्री चंद शर्मा ने इन छात्राओं को मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया और भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# हिमगिरि अपार्टमेंट में चेयरमैन रविकांत शर्मा ने परिवार सहित किया गणपति विसर्जन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** विश्व ब्राह्मण संघ भारत के चेयरमैन पंडित रविकांत शर्मा के आवास, हिमगिरि अपार्टमेंट में गणपति विसर्जन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पंडित रविकांत शर्मा ने अपनी पत्नी प्रीति शर्मा, पुत्र मणिकांत शर्मा, पुत्री स्वस्ति शर्मा और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम में परिवार के साथ-साथ कई गणमान्य व्यक्ति और मित्रगण भी उपस्थित रहे, जिनमें बहन पुष्पा शर्मा, जीजा विजेंद्र वशिष्ठ, भाई श्रीकांत शर्मा और सुशील शर्मा मुरथल शामिल थे। इसके अतिरिक्त, मामा राधेश्याम शर्मा, माया शर्मा और उनके सुपुत्र अभिनव शर्मा भी अपनी पत्नी पूजा शर्मा और बेटी दक्शिता के साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पंडित गोपाल शर्मा ने चेयरमैन रविकांत शर्मा को शॉल ओढ़ाकर और हापुड़ के सबली शिव मंदिर का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इस भव्य आयोजन में पूर्व सांसद पंडित महाबल मिश्रा, विश्व ब्राह्मण संघ के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, प्रोफेसर मनोज कुमार शर्मा, गाजियाबाद के अंबिका प्रसाद शर्मा सहित कई अन्य पदाधिकारियों और समाजसेवियों ने भी भाग लिया। सभी उपस्थित लोगों ने गणपति का पूजन किया और कार्यक्रम के बाद प्रसाद ग्रहण किया।

## एक नजर

### राह चलती महिलाओं पर कसी अश्लील फब्तियां, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली पुलिस की एंटी रोमियो टीम ने लड़कियों व महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तीयां कसने वाले एक मनचले को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि थाने की एंटी रोमियो टीम ने लड़कियों और महिलाओं को देखकर अश्लील फब्तीयां कसने वाले एक मनचले को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि एंटी रोमियो की टीम नगर कोतवाली क्षेत्र के मेरठ रोड फ्लाईओवर के आसपास गश्त कर रही थी। इस दौरान एक युवक मेरठ रोड फ्लाईओवर के पास खड़े होकर आने जाने वाली लड़कियों और महिलाओं के साथ अश्लील हरकतें और फब्तियां कस रहा था। जिसको टीम ने मौके से दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी युवक की पहचान संजय पुत्र रामचंद निवासी मीनाक्षी रोड कन्हैयापुरा थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके चालान कर दिया है।

### बुखार से बच्ची की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** रटौल में एक सात वर्षीय बच्ची की बुखार के चलते मौत हो गयी जिससे कस्बें में कोहराम मचा है कस्बें के लोग पीड़ित के परिजनों को सांत्वना देने मे लगे है।




रटौल निवासी कामरान की सात वर्षीय पुत्री मायरा गांव के ही सलमा पब्लिक स्कूल में कक्षा एक में पढ़ती थी। परिजनों ने बताया की पिछले एक सप्ताह से बुखार आ रहा था जिसका ईलाज कस्बें में ही एक निजि चिकित्सक के यहा चल रहा था। आराम न मिलने पर परिजनों ने उसे चिकित्सक के यहां दिखाया लेकिन वहा से भी आराम नही लगा तो परिजनों ने एक दिन पहले उसे दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी जिससे परिजनों मे कोहराम मच गया। कस्बें के लोग पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है। खेकड़ा चिकित्सक प्रभारी डाक्टर ताहिर ने बताया की उन्हें जानकारी नही टीम भेजकर जानकारी की जायेगी।

### परिवहन विभाग की सख्त कार्रवाई, बिना मानकों के दौड़ रहे 10 ऑटो किए जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में सड़कों पर बिना मानकों के दौड़ रहे ऑटो चालकों पर अब परिवहन विभाग का डंडा चलना शुरू हो गया है। सोमवार को परिवहन विभाग की टीम ने एआरटीओ रमेश कुमार चौबे के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना फिटनेस, परमिट और पंजीकरण संबंधी नियमों का पालन किए चल रहे 10 ऑटो को मौके पर ही पकड़कर जब्त कर लिया गया।

चेकिंग के दौरान कई ऑटो चालकों के पास न तो आवश्यक काग. जात थे और न ही उनके वाहनों की फिटनेस मानकों पर खरी उतरी। कई ऑटो ओवरलोडिंग करते पाए गए, जिससे यात्रियों की जान को खतरा था। विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही सख्त चेतावनी दी कि जो भी चालक बिना नियमों के वाहन सड़क पर उतारेंगे, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। एआरटीओ रमेश कुमार चौबे ने बताया कि यह अभियान यात्रियों की सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हापुड़ में लगातार शिकायत मिल रही थी कि कई ऑटो चालक नियमों की अनदेखी कर मनमाने ढंग से वाहन चला रहे हैं। इससे न केवल ट्रैफिक व्यवस्था बिगड़ रही थी, बल्कि लोगों की सुरक्षा भी खतरे में थी। परिवहन विभाग ने साफ किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। आने वाले दिनों में जिलेभर में अलग-अलग स्थानों पर चेकिंग की जाएगी। अधिकारियों ने आम जनता से अपील की है कि वे भी ऐसे वाहनों की जानकारी विभाग को दें जो बिना कागजात और मानकों के सड़क पर चल रहे हैं। इस कार्रवाई से ऑटो चालकों में हड़कंप मच गया है, वहीं स्थानीय लोगों ने विभाग की इस पहल की सराहना की है और कहा है कि ऐसे कदम उठाए जाने से सड़क हादसों पर रोक लगेगी और व्यवस्था सुधरेगी।



# अल्काराज ने जीता यूएस ओपन



**● अल्काराज ने सटीक सर्विस की और शानदार शॉट लगाकर फाइनल मुकाबले में जैनिक सिनर को 6-2, 3-6, 6-1 व 6-4 से हराया**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने एथलेटिक कौशल और शॉट-मेकिग का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इटली के स्टार जैनिक सिनर को हराकर पुरूष एकल का खिताब अपने नाम किया।

दूसरी वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय खिलाड़ी ने आर्थर ऐश स्टेडियम में रविवार रात खेले गए फाइनल मुकाबले में सिनर को 6-2, 3-6, 6-1, 6-4 से हराकर यूएस ओपन पुरुष एकल खिताब फिर से हासिल किया और विश्व टेनिस के शिखर पर पहुंच गए है। इस जीत के साथ अल्काराज़ ने 2022 में यूएस ओपन और 2023 में विबलडन में जीत के बाद अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया और उन्होंने इस साल की शुरुआत में विबलडन फाइनल में सिनर से मिली हार का बदला भी लिया। अल्काराज ने शुरुआती सेट 6-2 से जीत लिया, दोनों ओर से विजयी शॉट लगाए और सिनर की शुरुआती सर्विस ब्रेक कर लगातार दबाव में रखा।

हालांकि, इतालवी खिलाड़ी ने दूसरे सेट में अपनी लय पकड़ी, अपनी सर्विस में सुधार किया और अल्काराज के बैकहैंड को निशाना बनाकर मुकाबला 6-3 से बराबर कर दिया। तीसरा सेट में अल्काराज ने सटीक सर्विस की और शानदार शॉट लगाकर 6-1 से जीत हासिल की। चौथे सेट में सिनर ने डटकर मुकाबला किया, लेकिन अल्काराज ने 6-4 चौथा सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ, अल्काराज़ नोवाक जोको. विच के बाद तीन ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उनकी फिटनेस, सामरिक बहुमुखी प्रतिभा और बड़े मंचों पर उभरने की क्षमता ने उन्हें पुरुष टेनिस में एक नए युग की शुरुआत में अग्रणी बना दिया है। विश्लेषकों का मानना है कि सिनर के साथ उनकी प्रतिद्वंद्विता अगले दशक को परिभाषित कर सकती है, ठीक उसी तरह जैसे फेडरर, नडाल और जोकोविच के बीच हुए शानदार मुकाबलों ने किया था।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### धीमी ओवर गति के लिए द. अफ्रीका पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका पर इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दक्षिण अफ्रीका पर यह कार्रवाई एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल ऑफ मैच रेफरी के जवागल श्रीनाथ की ओर से गई। दक्षिण अफ्रीका को निर्धारित समय से एक ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। मैदानी अंपायर नितिन मेनन और रसेल वॉरेन, तीसरे अंपायर शरफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर माइक बर्न्स ने यह आरोप लगाये गए थे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियम तहत खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के अनुसार न्यूनतम ओवर गति के अपराध के दोषी पाये जाने पर खिलाड़ियों पर निर्धारित समय में अपनी टीम द्वारा फेंके गए प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।

### एशिया कप में संजू तोड़ सकते हैं महेन्द्र धोनी का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले जाने वाले आगामी एशिया कप 2025 में संजू सैमसन पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के टी-20 में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकार्ड तोड़ सकते है। हाल ही में संजू सैमसन के 'नो लुक सिक्स' की भी काफी चर्चा हुई। जब वो फॉर्म में होते हैं तो उनके बल्ले को रोकना नामुम. कन होता है, केरल लीग में उन्होंने पांच मैचों में ही 30 छक्के लगाकर साबित कर दिया कि वो अंतर्राष्ट्रीय टी-20 के सबसे बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं।

## अनन्या, दिव्यांशी ने उत्तरी मैसेडोनिया में अंडर-15 युगल वर्ग में रोमांचक मुकाबले में जीता सोना

**● भारतीय जोड़ी उतार-चढ़ाव भरे मुकबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन की की झाओं और लियू को 3-2 से हराया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** अनन्या मुरल. ीधरन और दिव्यांशी भौमिक ने उत्तरी मैसेडोनिया के स्कोप्जे में आयोजित डब्ल्यूटेटे यूथ स्टार कंटेंडर में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-15 गर्ल्स डबल्स का स्वर्ण पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने उतार-चढ़ाव भरे मुकाबले में अद्भुत धैर्य और सहनशक्ति का प्रदर्शन करऐ हुए रोमांचक फाइनल में चीन की झाओ वांगकी और लियू ज़िलिग को 3-2 से हराया। चीनी जोड़ी के साथ कड़ी टक्कर के बाद, अनन्या और दिव्यांशी ने निर्णायक मुकाबले में अपना संयम बनाए रखा और महत्वपूर्ण मैच पॉइंट बचाकर मुकाबला 11-8, 7-11, 11-8, 6-11, 14-12 से अपने नाम कर लिया। इससे पहले सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी ने हमवतन रियाना भूटा और अंकोलिका चक्रवर्ती को 3-1 (11-2, 10-12, 11-3, 11-6) से हराया था, और रियाना और एंजेलिका को अंततः कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा था। भारत की पदक तालिका में पीबी अभिनंद और ऋत्विक गुप्ता ने और इजाफा किया, जिन्होंने क्रमशः अंडर-19 और अंडर-15 बालक एकल में रजत पदक जीते। अभिनंद जापान के इवैडा शुंटो से सीधे गेमों (6-11, 7-11, 8-11) में हार गए, जबकि )त्विक को अपने खिताबी मुक. ाबले में कोरिया के ली सेउंगसू से 8-11, 5-11, 8-11 से हार का सामना करना पड़ा। युगल मुकाबलों में भी उत्साह देखने को मिला, जिसमें पी-बी- अभिनंद ने कांस्य पदक जीता। अंडर-19 मिक्स्ड डबल्स में अभिनंद और सिड्रेला दास की जोड़ी ने, और अंडर-15 बॉयज डबल्स में ऋत्विक गुप्ता और साहिल रावत की जोड़ी ने पदक जीते।

## गुरदित बाल्कन ओपन में बने सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर

**नई दिल्ली, वार्ता।** द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन के शिष्य गुरदित सिंह ने बाल्कन ओपन क्लासिक एंड इक्विप्ड (बेंच प्रेस/स्क्वाट/डेडलिफ्ट) चैंपियनशिप में सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर बनकर एक बार फिर इतिहास रच दिया। इससे पहले, 2024 में, उन्होंने इंग्लैंड में इंग्लिश ओपन में भी सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर का खिताब जीता था। गुरदित ने जूनियर 110 किलोग्राम वर्ग में सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर का पुरस्कार जीता, जबकि सुमित दास ने सीनियर 110 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता और जगदीश सिंह जस्सा ने सीनियर 100 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। 6-7 सितम्बर को बेलग्रेड, सर्बिया में आयोजित हुई बाल्कन ओपन पावरलिफ्टिग चैंपियनशिप में, भारत के गुरदित सिंह ने कुल 667-5 किलोग्राम (क्लासिक रॉ) भार उठाकर सर्वश्रेष्ठ पावरलिफ्टर (जूनियर वर्ग) का खिताब जीता। सुमित दास और जगदीश सिंह जस्सा दोनों ने फुल पावरलिफ्टिग रॉ वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। आईपीएल इंडिया के अध्यक्ष, ओम प्रकाश अंगरीश ने भारतीय टीम के कोच द्रोणाचार्य भूपेंद्र धवन के शिष्यों को बधाई दी और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। पूरी भारतीय टीम ने अपने कोच द्रोणाचार्य भूपेंद्र के साथ-साथ आईपीएल इंडिया और शेरू क्लासिक वर्ल्ड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से हमें यह सफलता मिली।

## भारतीय महिला हॉकी टीम सिंगापुर को 12-0 से रौंदकर सुपर चार में

**● मुमताज ने तीसरी बाद टीम के लिए गोल दागा जिससे भारत की मैच में दूसरी हैट्रिक बनी**

**चीन, वार्ता।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने सिगापुर के खिलाफ 12-0 की शानदार जीत के साथ महिला एशिया कप 2025 के सुपर 4 में अपनी जगह पक्की कर ली।

भारतीय महिला टीम के लिए नवनीत ने (14वें, 20वें, 28वें) और मुमताज ने (दूसरे, 32वें, 39वें) मिनट में गोलकर हैट्रिक बनाई तथा नेहा ने (11वें, 38वें) मिनट में दो गोल किए। जबकि लालरेमसियामी ने (13वें), उदिता ने (29वें), शर्मिला ने (45वें) और रुतुजा पिसल ने (53वें) मिनट में गोल किए। भारत के लिए मुमताज दूसरे मिनट में ही गतिरोध तोड़ते हुए गोलकर दमदार शुरुआत की। नेहा ने 11वें मिनट में रिबाउंड पर शानदार गोलकर बढ़त दोगुना कर दी। दो मिनट बाद ही, लालरेम. सियामी ने नजदीकी रेंज से एक और गोल करके बढ़त को 3-0 कर दिया। पहला क्वार्टर खत्म होने से पहले नवनीत ने 14वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 4-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में सिगापुर ने प्रतिरोध दिखाया, लेकिन नवनीत ने 20वें मिनट में एक और ज़बरदस्त गोल करके स्कोर 5-0 कर दिया। भारत ने लगातार दबाव बनाते हुए लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और तीसरे पेनल्टी कॉर्नर पर नवनीत ने गोलकीपर को छकाते हुए अपनी हैट्रिक पूरी की और 28वें मिनट में बढ़त को और मज़बूत किया। इसके तुरंत बाद, उदिता ने एक और पेनल्टी कॉर्नर पर संयमित तरीके से गोल करके हाफ टाइम तक भारत को 7-0 की बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम पूरी तरह से नियंत्रण में थी। 32वें मिनट में, लालरेमसियामी ने मुमताज को एक तेज पास देकर स्कोर 8-0 कर दिया।

भारत को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले और नेहा ने 38वें मिनट में फिर से गोल दागा। कुछ मिनट बाद, मुमताज ने तीसरी बार गोल दागा, जिससे भारत की मैच में दूसरी हैट्रिक बनी। क्वार्टर के अंत में, भारत ने मुकाबले का अपना 12वां पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। नेहा का ज़बरदस्त शॉट बचा लिया गया, लेकिन शर्मिला ने रिबाउंड पर गोल करके बढ़त 11-0 कर दी। अंतिम क्वार्टर में, भारत ने दबाव बनाए रखा और रुतुजा पिसल ने 53वें मिनट में एक बेहतरीन डिफ्लेक्शन के साथ स्कोरशीट पर अपना नाम दर्ज करा लिया।

## हांगकांग ओपन में पीवी सिंधु की अगुवाई में भारतीय टीम उतरेगी

**● इस साल सीजन के पहले इंडियन ओपन के साथ-साथ किसी भी बीडब्लयूएफ विश्व टूर में उनका सबसे शानदार प्रदर्शन रहा**



**हांगकांग, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु मंगलवार से शुरू हो रहे हांगक. ांग ओपन 2025 बैडमिटन टूर्नामेंट में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी। आठवीं वरीयता प्राप्त सिंधु अपने पहले दौर के मैच में यूरोपीय चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन से मुकाबला करेंगी। महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में सिंधु के साथ हमवतन अनुपमा उपाध्याय और रक्षिता रामराज भी हैं, जबकि महिला युगल वर्ग में रुतपर्णा पांडा और श्वेतपर्णा पांडा एकमात्र भारतीय जोड़ी हैं। सिंधु के लिए, पिछले महीने पेरिस में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना, इस साल सीजन के पहले इंडियन ओपन के साथ-साथ किसी भी बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर में उनका सबसे शानदार प्रदर्शन था। इंडियन ओपन में अपने प्रदर्शन के बाद सिंधु बीडब्ल्यूएफ टूर पर चार बार पहले दौर से बाहर हो चुकी हैं और तीन बार अंतिम 16 में पहुंची हैं। वहीं पुरुष एकल वर्ग में लक्ष्य सेन भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। लक्ष्य सेन का यह सीजन संघर्षपूर्ण रहा है। पुरुष एकल वर्ग में उनके साथ हमवतन एचएस प्रणय और आयुष शेट्टी भी होंगे, जो इस साल बीडब्ल्यूएफ टूर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय हैं। पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत हांगकांग ओपन में अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफिकेशन राउंड से करेंगे, जहां उनका सामना थारुण मन्नेपल्ली से होगा। दूसरी ओर, पुरुष युगल में भारत की चुनौती की अगुवाई सात्विकसाईराज रंकीरेढी और चिराग शेट्टी करेंगे। पिछले महीने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में आखिरी बार एक्शन में नज़र आए सात्विक-चिराग की जोड़ी ने पेरिस में सेमीफाइनल तक का सफर तय करके यह सुनिश्चित किया कि 2011 से हर संस्करण में कम से कम एक पदक जीतने का भारत का सिलसिला बरकरार रहे।

## महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नामित हुए सिराज

**● सिराज ने इंग्लैंड दौर पर प्रभावित किया था और 5वें टेस्ट में अपनी दमदार गेंदबाजी से भारत को मैच जिताया था**



**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्महद सिराज को आईसीसी के अगस्त महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। सिराज ने इंग्लैंड दौरे पर प्रभावित किया था और पांचवें टेस्ट में अपनी दमदार गेंदबाजी से भारत को मैच जिताया था।

इस मैच के जीतने से ही भारतीय टीम पांच मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रा कराने में सफल रही थी। सिराज के साथ इस पुरस्कार की दौड़ में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज़ के जेडन सील्स भी शामिल हैं। सिराज ने इंग्लैंड में पांच मैचों की सीरीज के सभी मैचों को खेला और 23 विकेट चटकाए। जून के अंत में शुरू यह सीरीज अगस्त की शुरुआत में खत्म हुई। सिराज ने पांचों टेस्ट में 185.3 ओवर डाले और अपनी रफ्तार कम किए बिना युवा और कम अनुभव वाले भारतीय टीम को 2-2 से ड्रा करने में मदद की। आईसीसी ने कहा, मोहम्मद सिराज ने अगस्त में सिर्फ एक मैच खेला, लेकिन उस मैच में उनकी शानदार गेंदबाजी उन्हें नामांकन दिलाने के लिए काफी थी। इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल में एंडरसन-तेंदुलकर ट्राफी सीरीज के अंतिम टेस्ट में इस भारतीय तेज गेंदबाज ने 21.11 की औसत से नौ विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में सिराज ने बहुत दृढ़ संकल्प के साथ आक्रमण का नेतृत्व किया। सीरीज के शुरुआती चार मैच खेलने के बावजूद उन्होंने दो पारियों में 46 से अधिक ओवर डाले। उन्होंने पहली पारी में चार विकेट लिए और उसके बाद दूसरी पारी में शानदार पांच विकेट लिए। दूसरी पारी में उनके निर्णायक स्पैल ने भारत को जीत दिलाई, जिससे श्रृंखला 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इस शानदार प्रयास के लिए सिराज को इस मैच का प्लेयर आफ द मैच चुना गया। न्यूजीलैंड के हेनरी को जिम्बाब्वे में टेस्ट सीरीज में जीत के दौरान उनके शानदार प्रदर्शन के लिए नामांकित किया गया है। इस दाएं हाथ के गेंदबाज ने इस सीरीज में 16 विकेट लिए। हेनरी ने पहले टेस्ट में नौ तथा दूसरे टेस्ट में सात विकेट लेकर अपनी टीम को 2-0 से जीत दिलाई। सील्स के शानदार प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने 34 साल में पहली पर वनडे सीरीज में पाकिस्तान को शिकस्त दी। सील्स ने तीन मैचों की इस सीरीज में 10 विकेट लिए। इसमें आखिरी मैच में उन्होंने 18 रन देकर छह विकेट लिए जिससे पाकिस्तान की टीम 295 रन का पीछा करते हुए महज 92 रन पर सिमट गई।

## अफगानिस्तान को हराकर पाक ने जीती त्रिकोणीय श्रृंखला



**शारजाह, वार्ता।** मोहम्मद नवाज (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के दम पर पाकिस्तान ने फाइनल मुक. ाबले में अफगानिस्तान को 75 रनों से हराकर टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला अपने नाम कर ली। 142 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण के आगे लडखड़ाई और एक के बाद एक उसके विकेट गिरते चले गए। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की पूरी टीम 15-5 ओवर में 66 रन पर ढ़ेर कर मुकाबला 75 रनों से जीत लिया। अफगानिस्तान के केवल दो बल्लेबाज कप्तान राशीद खान (17) और सेदिध्ुल्लाह अटल (13) ही दहाई आंकड़े तक पहुंच सके। नवाज को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। उन्होंने पहले दरविश रसूली और अजमतुल्लाह ओमरजई को लगातार गेंदों पर बिना खाता खोले आउट किया और फिर अपने अगले ओवर की पहली ही गेंद पर इब्राहिम जादरान (नौ) को स्टंप आउट कराकर अपनी हैट्रिक पूरी की। नवाज पाकिस्तान के तीसरे गेंदबाज है जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में हैट्रिक बनाई। उनसे पहले फहीम अशरफ और मोहम्मद हसनैन यह कारनामा कर चुके हैं। मोहम्मद नवाज ने चार ओवर में 19 रन देकर पांच विकेट लिए। अबरार अहमद और सुफियान मकीम को दो-दो विकेट मिले। शाहीन शाह अफरीदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अब हमारा पूरा ध्यान एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप पर : हरमनप्रीत सिंह



**बिहार, वार्त।** भारतीय हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हीरो एशिया कप 2025 का खिताब जीतने के बाद सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि अब हमारा पूरा ध्यान एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप पर होगा। हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि सभी खिलाड़ी पूरी तरह से एकाग्र थे। हम जानते थे कि हमें यह मैच जीतना है और हमने खुद से कहा कि विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का यही एकमात्र रास्ता है। आज एशिया की नंबर एक टीम के रूप में टूर्नामेंट में उतरते हुए, हम अपनी उम्मीदों पर खरा उतरना चाहते थे। हालांकि हमने अपनी उम्मीदों के मुताबिक शुरुआत नहीं की, खासकर पिछले तीन मैचों में, हमने अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाया और यही हमारे प्रदर्शन का स्तर है। इसने हमें एक टीम के रूप में अपनी क्षमता का एहसास दिलाया। मैं अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। कोरिया के खिलाफ टीम के प्रदर्शन के बारे में दिग्गज ड्रैगफ्लिकर ने कहा, हहर मैच से कुछ न कुछ सीख मिलती है। कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ एक ऐसा झटका था जिससे हम उबरना चाहते थे और हमने फाइनल में इसे पलट दिया। मैं टीम की रक्षापंक्ति की खास तौर पर सराहना करूंगा। हर खिलाड़ी ने मजबूत डिफेंस में योगदान दिया। हमारे फॉरवर्ड ने कई मौके बनाए और गोल में तब्दील किए। अब, हमारा ध्यान विश्व कप पर है और हमारे पास तैयारी के लिए एक साल है। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि गर्म परिस्थितियों में 10 दिनों में सात मैच खेलना आसान नहीं है। यह वाकई मुश्किल है, लेकिन मुझे टीम पर बहुत गर्व है और उन्होंने सचमुच चैंपियन की तरह खेला है।

### मनप्रीत ने एशिया कप की जीत को बाढ़ पीड़ित पंजाब के लोगों को समर्पित किया

**बिहार, वार्ता।** भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी मनप्रीत सिंह ने हीरो एशिया कप 2025 की जीत को पंजाब के बाढ़ पीड़ित लोगों को समर्पित किया।

मैच जीतने के बाद मनप्रीत ने कहा कि मैं इस जीत को पंजाब के लोगों को समर्पित करना चाहता हूं, जो अकल्पनीय शक्ति और लचीलेपन के साथ विनाशकारी बाढ़ का सामना कर रहे हैं।

यह जीत हर उस पीड़ित के लिए है जो अपना जीवन फिर से बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है, और उन निस्वार्थ स्वयंसेवकों के लिए है जो जरूरतमंदों को बचाने, उनका समर्थन करने और उनके पुनर्वास के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। आपका जज्बा ही हमारी सच्ची प्रेरणा है, और यह जीत पंजाब के साहस को श्रद्धांजलि है।

### राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप में श्रीगंगानगर ने लहराया परचम

**श्रीगंगानगर, वार्ता।** राजस्थान में अलवर जिले के नीमराना में पांच से सात सितम्बर तक आयोजित प्रतिष्ठित राजस्थान सीनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप में श्रीगंगानगर के तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण, चार सिल्वर और एक कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। श्रीगंगानगर तीरंदाजी संघ की अध्यक्ष मंजू बाला ने सोमवार को बताया कि जिले के तीरंदाजों ने विभिन्न श्रेणियों में अपनी श्रेष्ठता का परिचय दिया। पुरुष कंपाउंड टीम में पुलकित काजला, प्रबलप्रताप, यश नेण और जसमीतसिंह की चौकड़ी ने शानदार समन्वय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इंडियन राउंड इंडिविजुअल स्पर्धा में गुरजीतसिंह ने अपनी सटीक निशानेबाजी से रजत पदक हासिल किया। रिकर्व महिला इंडिविजुअल में अमनदीपकौर ने रजत जीता। वहीं रिकर्व मिक्स टीम में दिलीप रेगर और सुश्री अमनदीपकौर की जोड़ी ने भी रजत पदक पर कब्जा जमाया।


# नेपाल में विद्रोह

सोशल मीडिया को बैन करने और भ्रष्टाचार को लेकर सोमवार को नेपाल में हजारों युवाओं ने संसद भवन परिसर में घुसकर सरकार के खिलाफ विद्रोह कर दिया। नेपाल सरकार ने तीन सितंबर को फेसबुक, इंस्टा, यूट्यूब समेत 26 सोशल मीडिया साइट्स बैन करने का फैसला किया है। नेपाल युवाओं ने सरकार के इस फैसले को बोलने की आजादी छीनने के रूप में लिया। युवाओं का कहना है कि उनका बोलना भी सरकार के लिए अपराध है। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े गए।

कहीं सेना ने गोलियां भी चलाई। जिसमें 19 लोगों की मौत हो गई, दो सौ से ज्यादा घायल बताए जाते हैं। यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है, क्योंकि प्रदर्शन अभी समाप्त नहीं हुआ। नेपाल के इतिहास में संसद में यह पहला मामला है। नेपाल में भारत से लगी कई सीमा पर कर्फ्यू लगा दिया गया है। तराई क्षेत्र के कई शहरों में प्रदर्शन फैल गया है। प्रदर्शनकारी बदलाव की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। हालांकि विरोध को बढ़ता देख सरकार ने सांय सवा तीन बजे के बाद बिना वर्चअुल नेटवर्क इस्तेमाल किए सारे सोशल मीडिया प्लेटफार्म चल रहे हैं। असल में नेपाल सरकार ने एससी के निर्देश के बाद सभी प्लेटफार्म को सात दिन के भीतर रजिस्ट्रेशन का आदेश दिया था, सरकार का तर्क था कि रजिस्ट्रेशन के बिना यह प्लेटफार्म देश में फेक आईडी, हेट स्पीच, साइबर क्राइम के लिए प्रयोग हो रहे हैं। तय समय सीमा के भीतर रजिस्ट्रेशन न कराने पर सरकार ने चार सितंबर को 26 सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर बैन लगा दिया था। इसमें व्हाट्सएप, फेसबुक, यूट्यूब जैसे बड़े प्लेटफार्म भी हैं।

हालांकि टिकटॉक फाइबर जैसे प्लेटफार्म पर बैन नहीं लगा, क्योंकि उन्होंने रजिस्ट्रेशन समय पर करा लिया था। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्कमल दहल प्रचंड ने सरकार से युवाओं की मांगों पर ध्यान देने की अपील की है। वहीं नेपाल के पूर्व वित्त सचिव रामेश्वर खनाल ने सरकार के मनमाने और गलत फैसले और सुशासन देने में नाकामी के चलते युवाओं का गुस्सा बढ़ना बताया है। उनका कहना है कि बड़े भ्रष्टाचार के घोटाले और सरकारी नियुक्तियों की खरीद–फरोख्त समझते आ रहे युवा पीढ़ी में गुस्सा बढ़ रहा है। बताया जा रहा है कि इस प्रदर्शन में 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी जो 28 से 30 वर्ष के हैं, संसद में घुसने के समय मौजूद थे। युवाओं का यह प्रदर्शन कई जिलों में फैला हुआ है। इससे साफ है कि यह मात्र कोई मामूली प्रदर्शन नहीं है, बल्कि सरकार के खिलाफ विद्रोह है। यह विद्रोह श्रीलंका, बांग्लादेश की याद दिला रहा है। वहां भी लोगों का आक्रोश इसी तरह देखने में आया था। कुछ जानकार यह भी मानते हैं कि नेपाल के विद्रोह के पीछे विदेशी ताकतों का हाथ है। मौजूदा सरकार के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली चीन समर्थक बताए जाते हैं। जिसके चलते अमेरिका उनसे नाराज बताया जाता है और उस विद्रोह के पीछे अमेरिका को जिम्मेदार माना जा रहा है। वैसे इसमें कोई नई बात भी नहीं है। हर विद्रोह के पीछे विदेशी शक्तियां अपना खेल तो खेलती ही हैं। भारत को भी बेहद सतर्क रहने की जरूरत है।

## आदिवासियों के हितों की अन्देखी



ग्रेट निकोबार मेगा प्रोजेक्ट की मंजूरी से लेकर इसके निर्माण के फैसले तक में द्वीप पर रह रहे आदिवासियों के हितों की अनदेखी की गई है, प्रोजेक्ट पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे, जिससे इससे द्वीप पर रहने वाले आदिवासी समुदाय और वहां की अनोखी प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचेगा, पिछले ग्यारह वर्षों में अधूरे नीति–निर्माण किए गए हैं, इस सुनियोजित श्रृंखला में नवीनतम है, ग्रेट निकोबार मेगा–इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजना, जिस पर होने वाला 72,000 करोड़ रुपये का बेतहाशा और गलत खर्च द्वीप के मूल आदिवासी समुदायों के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा करता है, यह दुनिया की सबसे अनोखी वनस्पतियों और जीवों में एक के लिए खतरा है।

**श्रीमती सोनिया गांधी, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष**

# रिश्तों की गरिमा की पुनः स्थापना!



अशोक मधूप



आज जगह–जगह रिश्तों का खून हो रहा है। हालत यह है कि बाप बेटी को मार रहा है। बेटी बाप को मार रही है। पति–पत्नी को मार रहा है। पत्नी पति की हत्याकर रही है। भाई बहन को मारते नहीं झिझक रहा तो भाई की हत्या करते बहन के हाथ नहीं कांप रहे। मां बेटे और बेटी का हत्या कर रही है तो बेटा और बेटी मां को ही नहीं बाप की भी हत्या कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि भारत की परिवार व्यवस्था टूट चुकी है। रिश्तों पर स्वार्थ हावी हो गया है।

आज समाज का सबसे दुखद और चिंताजनक पहलू यह है कि जिन रिश्तों को सबसे पवित्र और मजबूत माना जाता है, वहीं रिश्ते टूट रहे हैं और हिंसा का शिकार हो रहे हैं। समाचार पत्र और टीवी चैनल लगभग रोजाना ऐसी खबरें दिखाते हैं। हालत यह है कि बाप बेटी को मार रहा है। बेटी बाप को मार रही है। पति–पत्नी को मार रहा है। पत्नी पति की हत्या कर रही है। भाई बहन को मारते नहीं झिझक रहा तो भाई की हत्या करते बहन के हाथ नहीं कांप रहे। मां बेटे और बेटी का हत्या कर रही है तो बेटा और बेटी मां को ही नहीं बाप की भी हत्या कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि भारत की परिवार व्यवस्था टूट चुकी है। रिश्तों पर स्वार्थ हावी हो गया है। व्यक्तिवाद ने समाज पर अपना अधिकार कर लिया।

इन घटनाओं ने यह प्रश्न खड़ा कर दिया है कि आखिर इंसान को इतना निर्दयी और क्रूर कौन बना रहा है? जिन संबंधों में विश्वास, अपनापन और प्रेम होना चाहिए, वहां नफरत, तनाव और हिंसा क्यों बढ़ रही है? लगता है कि भारतीय परिवार टूटने का असर यह हुआ है कि एकल परिवार अब अपने तक सीमित होने की जद्दोजहद में है। पहले संयुक्त परिवार होते है। सामूहिक चूल्हा होता था। सामूहिक खानपान था। हमारे बचपन तक खाना रसोई के पास जमीन पर बैठकर जीमा जाता था। परिवार के बुजुर्ग बच्चे साथ बैठकर भोजन करते थे। सब दुख–सुख के साथी थे। प्राय: जरूरत के सामान सब घर के आसपास मिल जाते थे। धीरे–धीरे परिवार की जरूरते बढ़ने लगीं। युवक रोजगार के लिए बाहर जाने लगे। धीरे–धीरे उनके साथ पत्नी और बच्चे नौकरी वाले स्थान पर रहने लगे। आज आदमी अपने तक सीमित होकर रह गया। व्यक्तिवाद हावी हो गया।

लगता है कि जैसे समाज ने सारे रिश्ते जंगल बनाकर रहेंगे। हम आदि व्यवस्था से भी आदम की ओर बढ़ते जा रहे हैं। इन सब रिश्तों को दोबारा कैसे जिंदा किया जाए इस पर विचार करना होगा। पहले के समय में संयुक्त परिवार होते थे। परिवार के बुजुर्ग विवादों को संभालते, बच्चों को संस्कार देते और छोटी–छोटी गलतियों को समय रहते सुधार लेते। आज अधिकांश परिवार 'न्यूक्लियर फैमिली' यानी छोटे परिवार बन गए हैं। ऐसे में पति–पत्नी के झगड़े सुलझाने वाला कोई नहीं होता। माता–पिता और बच्चों के बीच पीढ़ीगत संवाद टूट गया है। अकेलापन और अवसाद घर कर जाता है। जब संवाद टूटता है तो गलतफहमियां बढ़ती हैं और छोटी–सी बात हिंसा तक पहुंच जाती है।

पहले मोहल्ले और गांव के लोग भी परिवार के सदस्य जैसे होते थे। यदि किसी परिवार में कलह होती थी तो पड़ोसी हस्तक्षेप करके सुलह करा देते थे। आज लोग एक–दूसरे से अलग–थलग हो गए हैं। 'निजता' के नाम पर लोग किसी के मामलों में बोलना नहीं चाहते। इस चुप्पी का नतीजा है कि छोटे विवाद हिंसक रूप ले लेते हैं। परिवारों में हिंसा का एक बड़ा कारण आर्थिक तनाव भी है। महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता ने लोगों को चिड़चिड़ा बना दिया है। पिता बेरोजगार बेटे पर गुस्सा निकालते हैं, बेटा अपमानित होकर पिता की हत्या तक कर देता है। पति–पत्नी के बीच आर्थिक जिम्मेदारियों को लेकर झगड़े होते हैं जो कभी–कभी खून–खराबे में बदल जाते हैं। शराब, ड्रग्स और अन्य नशे परिवारिक हिंसा की जड़ हैं। नशे में व्यक्ति का विवेक खत्म हो जाता है और वह अपने ही परिवार को मारने तक से नहीं हिचकिचाता। भारत में लगभग 30 प्रतिशत घरेलू हिंसा के मामलों में नशे को मुख्य कारण माना गया है। आज के समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी या पैसा कमाना रह गया है।

> पहले मोहल्ले और गांव के लोग भी परिवार के सदस्य जैसे होते थे। यदि किसी परिवार में कलह होती थी तो पड़ोसी हस्तक्षेप करके सुलह करा देते थे। आज लोग एक–दूसरे से अलग–थलग हो गए हैं। 'निजता' के नाम पर लोग किसी के मामलों में बोलना नहीं चाहते। इस चुप्पी का नतीजा है कि छोटे विवाद हिंसक रूप ले लेते हैं। परिवारों में हिंसा का एक बड़ा कारण आर्थिक तनाव भी है। महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता ने लोगों को चिड़चिड़ा बना दिया है। पिता बेरोजगार बेटे पर गुस्सा निकालते हैं, बेटा अपमानित होकर पिता की हत्या तक कर देता है। पति–पत्नी के बीच आर्थिक जिम्मेदारियों को लेकर झगड़े होते हैं जो कभी–कभी खून–खराबे में बदल जाते हैं। शराब, ड्रग्स और अन्य नशे परिवारिक हिंसा की जड़ हैं। नशे में व्यक्ति का विवेक खत्म हो जाता है और वह अपने ही परिवार को मारने तक से नहीं हिचकिचाता। भारत में लगभग 30 प्रतिशत घरेलू हिंसा के मामलों में नशे को मुख्य कारण माना गया है। आज के समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी या पैसा कमाना रह गया है।

बच्चों को नैतिक शिक्षा, संस्कार और धैर्य सिखाने की परंपरा कमजोर हो चुकी है। सम्मान और सहनशीलता की जगह 'आत्मकेंद्रितता' बढ़ रही है। लोग रिश्तों को बोझ समझने लगे हैं। आपसी विश्वास और त्याग की भावना खत्म हो रही है। यही कारण है कि भाई–बहन, पति–पत्नी, मां–बेटे जैसे पवित्र रिश्ते भी हत्या जैसे अपराध तक पहुंच जाते हैं। मोबाइल, टीवी, इंटरनेट और सोशल मीडिया ने जीवन की धारा को बदला है। युवा वर्ग आभासी Virtual दुनिया में ज्यादा जी रहा है। परिवार को समय न देकर 'फ्रस्ट्रेशन' (तनाव) में डूब जाता है।अपराध आधारित वेब सीरीज और हिंसक वीडियो गेम ने भी संवेदनाओं को कुंद कर दिया है। लोग वास्तविक जीवन में भी गुस्से और हिंसा को सामान्य मानने लगे हैं। आज मानसिक स्वास्थ्य सबसे बड़ी समस्या है। डिप्रेशन, तनाव और मनोविकृति से पीड़ित लोग अक्सर हिंसा की ओर बढ़ जाते हैं। कई बार माता–पिता अवसाद में आकर अपने ही बच्चों की हत्या कर देते हैं। युवा अवसादग्रस्त होकर माता–पिता पर हमला कर बैठते हैं। मानसिक रोगों की पहचान और इलाज की व्यवस्था की कमी के कारण ऐसी घटनाएं बढ़ रही हैं। परिवारों में संपत्ति विवाद हिंसा का बड़ा कारण है। भाई–भाई की हत्या कर देते हैं। बेटे–बेटियां मां–बाप की संपत्ति हथियाने के लिए उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं। जमीन–जायदाद के झगड़े अक्सर खून–खराबे तक पहुंच जाते हैं। पारिवारिक हिंसा सिर्फ अपराध नहीं है, बल्कि समाज की चेतावनी भी है। यह हमें बताता है कि हम रिश्तों के मूल्य, संस्कारों और आपसी संवाद को खोते जा रहे हैं। अगर समय रहते सुधार नहीं किया गया तो परिवार जैसी संस्था ही कमजोर हो जाएगी। हमें यह समझना होगा कि पैसा, आधुनिकता और तकनीक से ज्यादा महत्वपूर्ण मानवता, प्रेम और विश्वास है। यदि रिश्तों में करुणा, धैर्य और संवाद कायम रहेगा तो न बाप बेटी को मारेगा, न बेटी बाप को, न पति पत्नी पर हाथ उठाएगा और न ही भाई–बहन, मां–बाप, बेटे–बेटी हत्या तक पहुंचेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# श्रद्धा से श्राद्ध तक: पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता

**इसीलिए हमारे दिवंगत परिजनों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में तर्पण–श्राद्ध किया जाता है। पितृ पक्ष में पितरों को जल देने की विधि को तर्पण कहा जाता है। पितृ दोष को ज्योतिष शास्त्र में अशुभ फल देने वाला माना गया है और शास्त्रों के अनुसार पितृ पक्ष में पितरों का तर्पण करने से पितृ दोष से आने वाली परेशानियां दूर होती हैं तथा पितरों का आशीर्वाद मिलता है। देव ऋण, ऋषि ऋण तथा पितृ ऋण का हिन्दू धर्म में विशेष महत्व है और पितृ पक्ष में माता–पिता के प्रति तर्पण करके श्रद्धा व्यक्त की जाती है क्योंकि पितृ ऋण से मुक्त हुए बिना जीवन निरर्थक माना जाता है। सनातन धर्म के अनुसार देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण से मुक्ति पाए बिना व्यक्ति का पूर्ण कल्याण होना असंभव है।**



योगेश कुमार गोयल

भाद्रपद माह की पूर्णिमा से शुरू होकर पितृमोक्षम अमावस्या तक पितृ पक्ष हर साल प्राय: 15 दिनों का होता है। हिन्दू पंचाग के अनुसार इस बार पितृ पक्ष की शुरुआत 7 सितम्बर से हुई है और 21 सितंबर को सर्व पितृ अमावस्या के दिन पितृ पक्ष का समापन होगा। हिन्दू धर्म में पितृ पक्ष को बहुत अहम माना गया है लेकिन इस दौरान शुभ और मांगलिक कार्य वर्जित रहते हैं। पितृ पक्ष में सगाई, विवाह, मुंडन, गृहप्रवेश, परिवार के लिए महत्वपूर्ण चीजों की खरीदारी, नए कपड़े खरी. दना, कोई नया कार्य शुरू करना इत्यादि कोई भी शुभ कार्य करना अच्छा नहीं माना जाता। पितृ पक्ष में लोग अपने पूर्वजों को याद कर उनकी आत्मा की शांति के लिए श्राद्ध कर्म, पिंडदान और तर्पण करते हैं।

दरअसल हिन्दू धर्म में मृत्यु के पश्चात पितरों की याद में श्राद्ध किया जाता है और उनकी मृत्यु की तिथि के अनुसार ही श्राद्ध की तिथि निर्धारित की जाती है। वैसे हिन्दू धर्म के अलावा ईसाई, इस्लाम और बौद्ध धर्म में भी अपने पूर्वजों को याद रखने की प्रथा है। पश्चिमी जगत में जहां पूर्वजों की स्मृति में मोमबत्तियां जलाने की प्रथा है, वहीं ईसाई धर्म में व्यक्ति के निधन के चालीस दिनों पश्चात् सामूहिक भोज की रस्म की जाती है। इस्लाम में चालीस दिनों बाद कब्र पर फातिहा पढ़ने और बौद्ध धर्म में भी पूर्वजों की याद में कुछ ऐसे ही प्रावधान देखने को मिलते हैं। श्राद्ध का अर्थ होता है 'श्रद्धापूर्वक'। हमारे संस्कारों और पूर्वजों के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने को ही श्राद्ध कहा जाता है। सरल शब्दों में कहें तो दिवंगत परि. जनों को उनकी मृत्यु तिथि पर श्रद्धापूर्वक याद किया जाना जाना ही श्राद्ध है। ब्रह्मपुराण के अनुसार उचित काल या स्थान पर पितरों के नाम जो भी वस्तु उचित विधि द्वारा श्रद्धापूर्वक ब्राह्मणों को दी जाए, वह श्राद्ध कहलाता है। पितृ पक्ष को हिन्दू धर्म में 'महालय' या 'कनागत' के नाम से भी जाना जाता है। माना जाता है कि पितृ पक्ष के दौरान पिंडदान, तर्पण कर्म और ब्राह्मण को भोजन कराने से पूर्वज प्रसन्न होकर आशीर्वाद देते हैं। पिंडदान करने के लिए हरिद्वार और गया को सर्वोत्तम माना गया है। प्राचीन हिन्दू धर्म ग्रंथों और धार्मिक परम्पराओं में पितृपक्ष के अलावा भी श्राद्ध का उल्लेख मिलता है। धर्मसिंधु में तो श्राद्ध के लिए वर्षभर की सभी 12 अमावास्याओं, 4 पुणादि तिथियों, 14 मन्वादि तिथियों, 12 संक्रांतियों, 12 वैधृति योग, 12 व्यतिपात योग, 15 पितृपक्ष, 5 अष्टका, 5 अन्वष्टका और 5 पूर्वेद्यु अर्थात् 96 कालखंड का विवरण मिलता है किन्तु पितृ पक्ष के दौरान श्राद्ध कर्म करने का महत्व सर्वाधिक माना गया है। पूर्वजों के निधन की तिथि के अनुसार पितृपक्ष के दौरान उनका श्राद्ध कर्म किया जाता है लेकिन पारंपरिक अवधारणाओं के अनुसार अगर किसी पितर की मृत्यु तिथि मालूम नहीं है तो उनका श्राद्ध अमावस्या के दिन किया जाता है, जिसे 'सर्व पितृ अमावस्या' भी कहा जाता है। जिन परिजनों की मृत्यु की तिथि ज्ञात नहीं होती, उन सभी का श्राद्ध इस दिन किया जा सकता है।

हिन्दू धर्म में मान्यता है कि पितृ पक्ष के दिनों में यमराज आत्मा को मुक्त कर देते हैं ताकि वे अपने परि. जनों के यहां जाकर तर्पण ग्रहण कर सकें। ऐसी ही मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दिनों में पितर नीचे पृथ्वी पर आते हैं और बिना किसी आव्हान के अपने वंशजों के घर किसी भी रूप में जाते हैं। ऐसे में यदि उन्हें तृप्त नहीं किया जाए तो उनकी आत्मा नाराज होकर अतृप्त लौट जाती है। माना गया है कि यदि पितर नाराज हो जाएं तो जिंदगी मुसीबतों से भर जाती है। इसलिए शास्त्रों में पितरों का श्राद्ध विधिपूर्वक करना जरूरी बताया गया है। मान्यता है कि यदि पितर खुशी–खुशी वापस जाते हैं तो अपने वंशजों को दिए गए उनके आशीर्वाद से घर–परिवार में सुख–समृद्धि में बढ़ोतरी होती है। जिंदगी में सफलता के लिए मेहनत, किस्मत, ईश्वरीय कृपा के साथ–साथ पूर्वजों का आशीर्वाद भी बेहद जरूरी होता है और धर्म एवं ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूर्वजों को सम्मान देने से वे प्रसन्न होते हैं तथा पूरे परिवार पर कृपा करते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पंजाब की बाढ़ त्रासदी, 2047 के सपने और 2025 का पानी-पानी



वीरेश तरार

देश आजादी के अमृतकाल में है और सत्ताधारी नेतृत्व सन 2047 तक विकसित भारत का सपना दिखा रहा है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। इस वर्ष उत्तर भारत ने वह त्रासदी देखी है जिसने विकास के तमाम दावों को बहा दिया और एक सवाल खड़ा कर दिया है कि अगर पानी ही नियंत्रित नहीं किया जा सका, तो विकास की इमारत टिकेगी कैसे। पंजाब, जो देश की अन्न भंडार कहा जाता है, इस बार बाढ़ की विभीषिका में बुरी तरह टूट गया है। खेत खलिहान डूब गए, मवेशी बह गए, घर उजड़ गए और पूरा जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नौ सितम्बर को खुद पंजाब का दौरा कर रहे हैं, लेकिन यह स्पष्ट है कि इस त्रासदी ने पंजाब की रीढ़ तोड़ दी है। यह केवल एक प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि एक गहरी चेतावनी है कि हम अपनी नदियों और बांधों की राजनीति के जाल में फंसे रहकर विकास का स्थाई मॉडल गढ़ नहीं सकते।

पंजाब में इस बार की बाढ़ ऐतिहासिक है। उन्नीसवीं और बीसवीं सदी के शुरुआती वर्षों में जब–जब यहां बाढ़ आई थी, तब भी नुकसान हुआ, लेकिन इस बार का नुकसान कहीं ज्यादा व्यापक और गहरा है। खेतों की खड़ी फसलें मिट्टी में समा गई, डेयरी और पशुपालन से जुड़े लाखों परिवार मवेशियों के मरने और चारे की कमी से तबाह हो गए। अनाज मंडियों में पहुंचने वाला उत्पादन लगभग आधा रह गया है और जो बचा है, उसमें भी नमी और सड़न का खतरा मंडरा रहा है। राहत सामग्री के ट्रक भले लगातार



गांव–गांव पहुंच रहे हों, लेकिन यह किसी भी स्थिति में स्थाई समाधान नहीं है। पंजाब आज केवल ट्रक भर–भर कर पहुंचाई जा रही राहत सामग्री पर निर्भर होने को मजबूर है। एक कृषि प्रधान राज्य जब राहत के पैकेटों पर जिंदा रहने लगे, तो यह विकास मॉडल की सबसे बड़ी विडंबना है।

पंजाब की त्रासदी का असर केवल स्थानीय नहीं रहेगा। यहां की गेहूं–धान उत्पादन प्रणाली पर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा टिकी हुई है। अगर यह चक्र टूटता है तो आने वाले वर्षों में देश को खाद्य संकट का सामना करना पड़ सकता है। यही कारण है कि पर्यवेक्षक कह रहे हैं कि पंजाब का यह नुकसान सालों तक महसूस किया जाएगा। बाढ़ ने न केवल बुनियादी ढांचे को ध्वस्त किया है, बल्कि पंजाब के सामाजिक और आर्थिक ताने–बाने को भी हिला दिया है।

बाढ़ का प्रकोप केवल पंजाब तक सीमित नहीं रहा। हिमाचल प्रदेश में बादल फटने और भूस्खलन से सैकड़ों गांव उजड़ गए। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के मार्ग अवरुद्ध हुए और हजारों तीर्थयात्री फंसे। हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में भी नदियों ने कहर बरपाया। लेकिन जब सारी नदियां बिहार में मिलती हैं और ऊपर से नेपाल का अतिरिक्त पानी वहां उतरता है, तो स्वाभाविक है कि बिहार सबसे बड़ी कीमत चुकाता है। बिहार की नदियों ने एक बार फिर लाखों लोगों को बेघर किया, खेतों को जलमग्न कर दिया और ग्रामीण जीवन को महीनों पीछे धकेल दिया। बिहार दरअसल पूरे उत्तर भारत की बाढ़ का अंतिम गंतव्य है। यहां जब–जब पानी बढ़ता है, तो यह केवल स्थानीय आपदा नहीं होती बल्कि पूरे उत्तरी क्षेत्र की अव्यवस्थित जल–नीति का परिणाम होती है।

यहां यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या हमारी जल–नीति सही दिशा में है। वर्ष 2021 में केंद्र सरकार ने एक नई बांध नीति बनाई थी, जिसके तहत पूरे देश के छोटे–बड़े बांधों का रख–रखाव और नियंत्रण केंद्र के हाथों में आ गया। राज्यों को केवल इसका खर्च वहन करना है। उद्देश्य था कि बाढ़ जैसी त्रासदियों से समय रहते चेतावनी मिल सके, तकनीकी खामियां दूर हों और संसाधनों का बेहतर उपयोग हो। लेकिन इस बार की त्रासदी ने दिखा दिया कि यह व्यवस्था भी कारगर साबित नहीं हुई। केंद्र की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए थी कि समय रहते राज्यों को चेताया जाता और समन्वय बैठकों के जरिए सामूहिक तैयारी की जाती। हरियाणा, जो स्वयं भाजपा शासित राज्य है, क्या उसने केंद्र के साथ ऐसी बैठकें कीं? उत्तर प्रदेश और बिहार में क्या जल प्रबंधन को लेकर कोई ठोस कदम उठाए गए? हिमाचल की त्रासदी के लिए कांग्रेस सरकार को दोष देने वाले क्या हरियाणा और उत्तर प्रदेश की सरकारों को इसी कसौटी पर नहीं कसना चाहिए? सवाल यह है कि जब बांध नीति केंद्र के अधीन है, तो क्या इस भारी जन और धन हानि की जवाबदेही भी केंद्र को नहीं लेनी चाहिए? राज्यों पर समन्वय न बैठाने का बहाना बनाना आखिर कितनी नैतिकता रखता है?

इसी क्रम में दूसरा बड़ा प्रश्न वृक्ष कटान का है। इस बार की बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं को देखते हुए उच्चतम न्यायालय ने भी गंभीर संज्ञान लिया है। पहाड़ों में अंधाधुंध वृक्ष कटान पर प्रतिबंध के बावजूद बड़ी संख्या में लकड़ी के लठे और पेड़ों के ठूंठ बाढ़ के साथ बहते हुए मैदानों में पहुंचे। यह साफ संकेत है कि या तो प्रतिबंध का पालन नहीं हुआ, या फिर संगठित रूप से नियमों की अनदेखी की गई। वृक्ष कटान से पहाड़ कमजोर हुए, मिट्टी का क्षरण बढ़ा और परिणामस्वरूप बारिश का पानी रोकने वाले प्राकृतिक अवरोध टूट गए। यही कारण है कि वर्षा की तीव्रता पहले से कहीं अधिक विनाशकारी साबित हुई। सवाल यह है कि जब सीमावर्ती पचास किलोमीटर क्षेत्र गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी में आता है और बांध विभाग भी केंद्र सरकार के अधीन है, तो इतने व्यापक पैमाने पर वृक्ष कटान कैसे संभव हुआ? क्या यह राज्यों की विफलता थी या केंद्र की लापरवाही? जवाबदेही तय होना ही चाहिए।

यह भी सोचने का समय है कि प्रकृति की चेतावनी को किस तरह लिया जाए। लगातार बदलते मौसम चक्र, ग्लेशियरों के पिघलने की गति और मानसून की अनिश्चितता ने संकेत दे दिए हैं कि आने वाले वर्षों में पानी का संकट और गहराएगा। एक ओर बाढ़, दूसरी ओर सूखाकृयही दो ध्रुवीय स्थितियां अब हमारे सामने बार–बार आती रहेंगी। ऐसे में जरूरी है कि जल प्रबंधन केवल इंजीनियरिंग का सवाल न रहे, बल्कि उसे पर्यावरणीय संतुलन और सामाजिक न्याय की .ष्टि से भी देखा जाए।

आज जब प्रधानमंत्री पंजाब का दौरा कर रहे हैं, तब यह केवल राहत पैकेज या मुआवजे की घोषणा का सवाल नहीं होना चाहिए। यह अवसर होना चाहिए कि हम राष्ट्रीय स्तर पर जल प्रबंधन और नीतिगत सुधार की चर्चा को केंद्र में लाएं। अगर हमने आज से तैयारी नहीं की, तो 2047 के विकसित भारत का सपना केवल नारों और भाषणों में रह जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 'X' ने कुरेदे 1965 की जंग के जख्म, कहा: पाक की हुई थी स्ट्रैटजिक हार

## पाकिस्तानी पीएम बोले थे: 60 साल पहले हमारी सेना ने दुश्मन का हमला नाकाम किया

**इस्लामाबाद।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के कम्युनिटी पोस्ट ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ के 1965 भारत-पाक जंग से जुड़े दावों की पोल खोल दी। शहबाज ने एक्स पर लिखा कि 6 सितम्बर हमारे देश के लिए वीरता और एकता का प्रतीक है। साठ साल पहले 1965 में हमारी सेना ने जनता के साथ, दुश्मन के हमले को नाकाम किया और साबित किया कि पाकिस्तान एक मजबूत राष्ट्र है, जो अपनी रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। 1965 की वह अटूट भावना आज भी जीवित है। इस पर एक्स ने जवाब देते हुए लिखा: भारत और पाकिस्तान के बीच हुई 1965 का जंग पाकिस्तान के लिए एक स्ट्रैटजिक और पालिटिकल हार थी।

पाकिस्तान की कश्मीर में विद्रोह भड़काने की रणनीति को भारत ने विफल किया और पाक को अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर होना पड़ा था। पाकिस्तानी पीएम ने ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ हाल संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सेना और जनता एक मजबूत दीवार की तरह एकजुट होकर बाहरी हमलों के खिलाफ खड़े हुए हैं, हमने हर बार दुश्मन के घमंड को कुचला है। शहबाज भारत पर उकसाने

**पाकिस्तान के कश्मीर में विद्रोह भड़काने की रणनीति को भारत ने विफल किया और पाकिस्तान को अपनी रणनीति बदलने पर मजबूर होना पड़ा था**

का आरोप लगाते हुए लिखा: पाकिस्तान शांति को बढ़ावा देता है। फिर भी, हमें भारत की लगातार उकसावे और बदलते क्षेत्रीय माहौल की हकीकत से अनजान नहीं रहना चाहिए। हम अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत और आधुनिक बनाना जारी रखेंगे। हमें पता है आतंकवाद और विद. ेशी गुर्गों से कैसे निपटना है। उन्होंने भारत आपरेटेड जम्मू और कश्मीर (आईओजेके) को लेकर कहा कि वहां के लोग लंबे समय से आतंकवाद को सहन कर रहे हैं। उनकी आजादी की लड़ाई को बलपूर्वक दबाया नहीं जा सकता। भारत और पाकिस्तान के बीच 1965 का युद्ध, जिसे सेकेंड कश्मीर वॉर के रूप में भी जाना जाता है। यह जंग जम्मू और कश्मीर के विवादित क्षेत्र को लेकर लड़ा गया, जो 1947 में दोनों देशों के बीच बंटवारे के बाद से तनाव का प्रमुख कारण रहा है। यह 1 अगस्त से 23 सितम्बर, 1965 तक चला।

### 1 कश्मीर विवाद:

1947-48 के पहले भारत-पाक युद्ध के बाद, कश्मीर का कुछ हिस्सा भारत के नियंत्रण में (जम्मू और कश्मीर) और कुछ हिस्सा पाकिस्तान के नियंत्रण में (आजाद कश्मीर और गिलगित-बाल्टिस्तान) रहा। दोनों देश पूरे क्षेत्र पर दावा करते रहे, जिसके कारण तनाव बना रहा।

### 2 ऑपरेशन जिब्राल्टर:

1965 में, पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठियों को भेजकर स्थानीय विद्रोह को भड़काने की कोशिश की, जिसे 'ऑपरेशन जिब्राल्टर' कहा गया। इसका मकसद कश्मीर में भारत के खिलाफ विद्रोह को उकसाना था। हालांकि, यह योजना विफल रही, क्योंकि स्थानीय कश्मीरियों ने इसका समर्थन नहीं किया और भारतीय सेना को इसकी जानकारी मिल गई।

### 3 ऑपरेशन ग्रैंड स्लैम:

इसके बाद, पाकिस्तान ने कश्मीर के चंब-जौरियां क्षेत्र में बड़े पैमाने पर सैन्य हमला शुरू किया, जिसके जवाब में भारत ने भी सैन्य कार्रवाई की। 1965 जंग के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तानी शेरमन टैंक को नष्ट किया। अगस्त 1965 में, पाकिस्तानी घुसपैठियों की गतिविधियों का पता चलने पर भारत ने जवाबी कार्रवाई शुरू की। 5 अगस्त को, दोनों पक्षों के बीच छिटपुट झड़पें शुरू हुईं।

1 सितम्बर को, पाकिस्तान ने चंब क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हमला शुरू किया, जिसमें टैंक और भारी हथियारों का उपयोग किया गया। इसका मकसद जम्मू-कश्मीर को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क को काटना था। भारत ने 6 सितम्बर को पंजाब सीमा पर लाहौर की ओर जवाबी हमला शुरू किया, जिससे युद्ध पूरे पश्चिमी मोर्चे पर फैल गया। भारतीय सेना ने सियालकोट और लाहौर के पास कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में प्रवेश किया।



नई दिल्ली। आयोवा के गवर्नर किम रेनॉल्ड्स के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर।

# नॉर्थ कोरिया में अमेरिका के सीक्रेट मिशन का खुलासा

**वॉशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में एक अमे. रिका की नेवी सील टीम ने 2019 में नॉर्थ कोरिया के तट पर एक खुफिया मिशन चलाया था।

इस मिशन का मकसद नॉर्थ कोरिया के शासक किम जोंग-उन की कम्युनिकेशन व्यवस्था की जासूसी करने के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लगाना था। यह मिशन असफल रहा और इसमें निहत्थे नॉर्थ कोरियाई लोग मारे गए। जनवरी 2019 की एक सर्द रात को अमे. रिकी नेवी सील की एक टीम चुपचाप एक पनडुब्बी से निकली और नॉर्थ कोरिया के एक चट्टानी तट की ओर बढ़ी। इस टीम में वही सैनिक थे जिन्होंने ओसामा बिन लादेन को मारा था। उनका लक्ष्य किम जोंग-उन की जासूसी करना था ताकि अमे. रिका को परमाणु बातचीत में मदद मिल सके। यह मिशन इतना खतरनाक था कि इसकी मंजूरी खुद तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दी थी। हालांकि, यह मिशन शुरू होते ही विफल हो गया। एसईएएल टीम ने कई महीनों तक बर्फीले पानी में इस मिशन की तैयारी की। टीम को परमाणु ऊर्जा से चलने वाली अमेरिकी पनडुब्बी से भेजा जाना था। सील टीम को लगा कि तट पर कोई नहीं है। वे गहरे पानी में, नाइट-विजन चश्मे पहनकर और गीले कपड़ों में पहुंचे।

**■ जासूसी के लिए इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस लगाना चाहते थे ट्रम्प, शुरू होते ही फेल हुआ**

## संक्षिप्त समाचार

### रूसी कैंसर वैक्सीन 'उपयोग के लिए तैयार'

**मास्को।** कैंसर के इलाज के लिए रूस के वैज्ञानिकों की बनाई कैंसर वैक्सीन उपयोग के लिए तैयार हो गई है। इस दवा को अब केवल रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय से अनुमोदन की प्रतीक्षा है। रशिया टुडे, ने यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि यह वैक्सीन कैंसर के रोगियों के लिए आशा की नई किरण बन कर उभरी है। इस दवा ने अपने शुरुआती परीक्षणों में कैंसर में बनने वाली रसौली के आकार और वृद्धि को 80 फीसदी तक कम कर दिया है। रूस की फेडरल मेडिकल-बायोलॉजिकल एजेंसी की प्रमुख वेरोनिका स्क्वोर्त्सोवा के अनुसार, इस नव-विकसित कैंसर वैक्सीन ने शुरुआती परीक्षणों में शानदार परिणाम दिया है और अब यह बाजार में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

### हांगकांग में तूफान 'तापा' कमजोर पड़ा

**हांगकांग।** हांगकांग में आया तूफान तापा सोमवार अपराह्न के बाद को कमजोर पड़ गया और इससे संबंधित चेता. वनी के स्तर कम हो गई है। हांगकांग वेधशाला (एचकेओ) आज अपराह्न एक बजे के बाद तूफान कमजोर पड़ने के संकेत दिए है। तूफान तापाह के कारण स्कूलों को बंद करना पड़ा है और 100 उड़ानें रद्द करनी पड़ी हैं। जिससे सैकड़ों मुसाफिरों को मुसीबत का सामना करना पड़ा। उन्होंने रविवार रात को तेज़ हवाओं की चेतावनी देते हुए दूरदराज के द्वीपों पर रहने वालों को तुरंत घर लौटने की सलाह दी थी। प्रशासन ने स्कूलों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया।

### जापान के सत्ताधारी दल में प्रधानमंत्री पद के लिए घमासान

**टोक्यो।** जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के पद से इस्तीफा देते ही जापान के सत्ताधारी दल लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) में प्रधानमंत्री पद के लिए घमासान शुरू हो गया है। पूर्व विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने सोमवार को इस पद के लिए अपना इरादा जाहिर करते हुए कहा कि वह अपना सारा राजनीतिक अनुभव देश और पार्टी के सेवा के लिए समर्पित करने हेतु कृत-संकल्प हैं। क्योदो न्यूज ने पार्टी सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि मंत्रिमंडलीय मुख्य सचिव योशिमासा हयाशी ने भी इस पद की उम्मीदवारी के लिए दावा किया है।

# टैरिफ पर खुद अमेरिका में ही घिरे ट्रम्प

## टैरिफ पर सुप्रीम सुनवाई के बीच बोले ट्रम्प के मंत्री: विपरीत फैसले का पड़ेगा खजाने पर असर

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से लगाए गए भारी टैरिफ पर कानूनी विवाद गहराता जा रहा है। अगर देश की सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा, तो अमेरिकी सरकार को अब तक वसूले गए शुल्क का लगभग आधा हिस्सा वापस करना पड़ सकता है।

यह बयान खुद अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने दिया है। उन्होंने एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला हमारे खिलाफ दिया, तो हमें लगभग आधे टैरिफ की वापसी करनी होगी। यह अमेरिकी खजाने के लिए बहुत बुरा होगा...लेकिन अगर कोर्ट कहता है, तो हमें करना ही पड़ेगा। बता दें कि



**ट्रम्प का तर्क था कि व्यापार घाटा अमेरिकी विनिर्माण उद्योग को नुकसान पहुंचा रहा है**

डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रपति रहते हुए लगभग सभी प्रमुख व्यापा. रिक साझेदार देशों पर भारी टैरिफ लगाए। उन्होंने इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोना. मिक पावर्स एक्ट के तहत अप्रैल में राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर यह कदम उठाया। ट्रम्प का तर्क था कि व्यापार घाटा अमे. रिकी विनिर्माण उद्योग को नुकसान पहुंचा रहा है और यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। लेकिन अदालतों ने इस पर सवाल उठाए। मई 2025 में न्यूयार्क में मौजूद कोर्ट आफ इंटरनेशनल ट्रेड ने इन टैरिफ को अवैध करार दिया। 29 अगस्त 2025 को यूएस कोर्ट आफ अपील्स फार द फेडरल सर्किट ने 7.4 के फैसले में कहा कि टैरिफ लगाना कांग्रेस का अधिकार है, न कि राष्ट्रपति का। अदालत का कहना था कि ट्रम्प ने अपने संवैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण किया।

**आंकड़े सचेत कर रहे...**

**अमेरिकी खजाना:** अगर फैसला ट्रम्प के खिलाफ हुआ, तो सरकार को सैकड़ों अरब डालर वापस लौटाने होंगे, जिससे खजाना पर भारी दबाव पड़ेगा।
**अमेरिकी कंपनियां:** जो कंपनियां टैरिफ के कारण नुकसान झेल रही थीं, उन्हें राहत मिलेगी।
**वैश्विक व्यापार:** ट्रम्प के टैरिफ खत्म होने से दुनिया भर के व्यापारिक रिश्तों पर असर पड़ेगा, खासकर चीन, यूरोप और भारत जैसे देशों के साथ।
**राजनीतिक प्रभाव:** यह मामला ट्रम्प के 2024 चुनावी वादों और उनकी आर्थिक नीतियों की विश्वसनीयता को सीधे चुनौती देगा।

### रूस के साथ सौदा करने वाले देशों पर सख्ती सही

**कीव।** 6 अगस्त की रात रूस ने यूक्रेन पर युद्ध का अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया। इसके बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस से व्यापार जारी रखने वाले देशों पर टैरिफ और अन्य सख्त प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में जेलेंस्की से पूछा गया कि चीन में पीएम नरेंद्र मोदी, शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात को लेकर उनका क्या कहना है और क्या उन्हें लगता है कि डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से भारत पर टैरिफ लगाने की योजना उलटी पड़ सकती है? इस पर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के साथ सौदे जारी रखने वाले देशों पर टैरिफ लगाना सही विचार है। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी पोस्ट करते हुए कहा कि रूस की आक्रामकता को रोकने के लिए केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि ठोस कदम जरूरी हैं।

# अमेरिकी राष्ट्रपति यूएस ओपन फाइनल में हूटिंग के शिकार

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प यूएस ओपन में शामिल हुए। फाइनल मैच से पहले कुछ देर के लिए एक लग्जरी बाक्स से हाथ हिलाते नजर आए। इस दौरान दर्शकों की तरफ से उन्हें मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली।

कहीं, तालियां बजाई गईं, कहीं उन्हें हूटिंग का सामना करना पड़ा। आर्थर ऐश स्टेडियम उस समय तक पूरी तरह भरा नहीं था और ट्रम्प का अभिवादन भी न तो पहले से घोषित था और न ही बहुत देर तक चला। नतीजतन, कुछ लोग इसे देख भी नहीं पाए। ट्रम्प इस बार रोलेक्स के मेहमान के तौर पर आए थे, जबकि उनके प्रशासन ने हाल ही में स्विटजरलैंड से आने वाले उत्पादों पर 39 प्रतिशत का भारी टैरिफ लगाया है। आयोजक टीवी प्रसारण पर उनकी हूटिंग को रोकने की कोशिश कर रहे थे। ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में घरेलू यात्राओं को मुख्य रूप से खेल आयोजनों तक ही सीमित रखे हुए हैं। वे पहले की तरह बड़ी चुनावी रैलियों की बजाय अब खेल मुकाबलों में दर्शकदीर्घा में नजर आते हैं। ट्रम्प की मौजूदगी के कारण सुरक्षा जांच कड़ी कर दी गई और पुरुष फाइनल का समय आधे घंटे पीछे खिसकाना पड़ा। इसका मतलब यह हुआ कि स्पेन के 22 वर्षीय कार्लोस अल्काराज और इटली के 24 वर्षीय डिफेंडिंग चैंपियन जैनिक सिनर के बीच मुकाबला देरी से शुरू हुआ।

**■ इस दौरान दर्शकों की तरफ से उन्हें मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली**

# यूक्रेनी पीएम के ऑफिस पर रूस का हमला

**कीव।** रूस ने यूक्रेन पर रविवार को अब तक का सबसे बड़ा हवाई और ड्रोन हमला किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकारी भवन में हमले के बाद आग लग गई। इसी भवन में यूक्रेनी पीएम ऑफिस सहित कई महत्वपूर्ण ऑफिस हैं।

अधिकारियों ने बताया कि देश भर में हुए हमलों में चार लोग मारे गए, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने कीव में मुख्य सरकारी इमारत को निशाना बनाया। यह साढ़े तीन साल की जंग में पहली बार हुआ है। यूक्रेनी वायुसेना के अनुसार, रूस ने 805 ईरान-निर्मित शाहेद ड्रोन और डिकॉय लॉन्च किए। साथ ही 17 क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागीं। पलटवार करते हुए यूक्रेन ने रूस के दुझबा पाइपला. इन पर ड्रोन हमला किया। जिससे रूस से हंगरी और स्लोवाकिया को तेल सप्लाई होता है। दमकलकर्मियों ने इमारत पर लगी आग को बुझाया और बचाव दल ने इमारत में लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर कहा कि ऐसे समय में जब बातचीत बहुत पहले शुरू हो सकती थी, हत्याएं जानबूझकर किया गया अपराध है। यह युद्ध को लम्बा खींचने का प्रयास है। उन्होंने हमलों को रोकने के लिए दुनिया से मदद मांगी। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने यूक्रेन के सैन्य-औद्योगिक परिसर और परिवहन बुनियादी ढांचे पर हमले किये हैं, जिससे हथियारों और सैन्य उपकरणों के गोदामों को नुकसान पहुंचा है। बता दें कि 15 अगस्त को रूस के राष्ट्रपति पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की अलास्का में हुई मुलाकात के बाद रूस और यूक्रेन के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। यूक्रेन रूसी रिफाइनरियों को टारगेट कर रहा है तो रूस आम यूक्रेनियों को निशाना बना रहा है। यूक्रेनी पीएम यूलिया स्वायरडेंको ने रूस के इस हमले का जवाब देने के लिए और हथियारों की मांग की और वैश्विक समुदाय से अपील की कि वे रूसी हमलों के खिलाफ प्रतिक्रिया दें।

**■ 805 ड्रोन और 17 मिसाइलें दागीं, चार लोगों की मौत, जवाब में यूक्रेन ने रूसी पाइपलाइन उड़ाई**

# गाजा में इजरायली सेना का हमला, 50 की मौत

## 50 से ज्यादा इमारतों को पूरी तरह से नष्ट किया, 100 अन्य आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त

**गाजा।** गाजा पट्टी में इजरायली सेना द्वारा कम से कम 50 फलस्तीनी मारे गए हैं। फलस्तीनी सरकारी समाचार एजेंसी वाफा ने यह जानकारी अपनी रिपोर्ट में दी है।

वाफा के अनुसार मारे गए लोगों में से 46 लोग परिक्षेत्र के उत्तरी भाग के निवासी थे। गाजा नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने एक बयान में कहा कि रविवार सुबह से इजरायली सेना ने 50 से जयादा इमारतों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है और 100 अन्य को आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया है, जिनमें हज़ारों नागरिकों के आवास वाली ऊंची इमारतें भी शामिल हैं। बसल ने इस दिन को 18 मार्च के बाद से 'युद्ध के सबसे कठिन दिनों में से एक' बताया। इस बीच, इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा है कि उसने गाजा शहर में एक और ऊंची इमारत पर हमला किया। इसका इस्तेमाल हमास ने किया था। आईडीएफ ने कहा कि हमास के आतंकवादियों ने इलाके में आईडीएफ सैनिकों की स्थिति पर नज़र रखने के लिए खुफिया जानकारी जुटाने वाले उपकरण लगाए थे और निगरानी चौकियां स्थापित की थीं। आईडीएफ हालांकि इस दावे के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया। वहीं, हमास ने आरोपों को 'निराधार' बताते हुए इसे खारिज कर दिया और कहा कि जिन ऊंची इमारतों को निशाना बनाया गया, वे आवासीय इमारतें थीं। जैसे-जैसे इज़राइली सेना गाजा शहर में अपने अभियान पर आगे बढ़ रही थी, स्थानीय निवासी विस्थापित हो रहे हैं। फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर कहा कि गाजा में हज़ारों लोग एक बार फिर अपने घरों से विस्थापित हो रहे हैं। लगातार हमलों के कारण लोगों के घर उजड़ गए हैं और लोग छोटे, असुरक्षित इलाकों में सिमट गए हैं। एजेंसी ने कहा कि इमारतों, स्कूलों, आश्रयों और अस्पतालों के नष्ट हो जाने से भोजन, स्वच्छ पानी और अन्य आवश्यक आपूर्ति तक लोगों की पहुंच बेहद सीमित हो गई है। कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है, कोई भी सुरक्षित नहीं है।



**■ स्वतंत्र फलस्तीनी समिति के गठन के बदले बंधकों की रिहाई पर चर्चा को हमास तैयार**

# पाक में मंत्रियों समेत हजारों का डेटा लीक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में केंद्रीय मंत्रियों समेत हजारों लोगों का संवेदनशील डेटा लीक हो गया है। लीक हुआ डेटा ऑनलाइन बिक्री के लिए भी उपलब्ध है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, ऑनलाइन बिक्री के लिए जो डेटा उपलब्ध है, उसमें मोबाइल सिम, काल लाग, राष्ट्रीय पहचान पत्र और विदेश दौरे की जानकारी आदि शामिल है। जिन लोगों के डेटा लीक हुए हैं, उनमें कई केंद्रीय मंत्री और पार्टियों के प्रवक्ता शामिल हैं।

पाकिस्तान में डेटा लीक की घटनाएं पूर्व में भी हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद पाकिस्तान की सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। यहां तक कि जिन वेबसाइट्स से डेटा लीक होने की शिकायत हुई, उनके खिलाफ भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मोबाइल लोकेशन का डेटा सिर्फ 500 रुपये में ऑनलाइन बिक रहा है। वहीं मोबाइल रिकॉर्ड का डेटा 2000 रुपये और विदेश दौरों की जानकारी पांच हजार रुपये में मिल रही है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि जिन लोगों का डेटा लीक हुआ है, उनका उत्पीड़न किया जा सकता है। डेटा लीक को लेकर पाकिस्तान की आम जनता में भारी नाराजगी है। लोगों की मांग है कि डेटा लीक के लिए लोगों की जवाबदेही तय की जाए और ये पता लगाया जाए कि इस डेटा लीक के पीछे कौन है।

पाकिस्तान के गृहमंत्री मो. हसिन नकवी ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। जांच के लिए 14 सदस्ईय टीम गठित की गई है और जांच समिति दो हफ्ते में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी। गौरतलब है कि सोशल मीडिया और आईटी के इस युग में डेटा लीक एक बड़ी समस्या बन गया है। बीते दिनों साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञों ने बताया था कि 16 अरब लोगों का संवेदनशील डेटा लीक हो गया था। इसे इंटरनेट इतिहास की सबसे बड़ी डेटा चोरी बताया जा रहा है।






**संवेदनशील जानकारी ऑनलाइन बिक रही, मोबाइल सिम कॉल लॉग, राष्ट्रीय पहचान पत्र व विदेश दौरे की जानकारी आदि शामिल**

### यरुशलम में बंदूकधारियों की गोलीबारी, पांच मरे, 15 घायल

**यरुशलम।** उत्तरी यरुशलम में सोमवार को एक बस स्टॉप पर दो हमलावरों की अंधाधुंध गोल. ीबारी में कम से कम पांच लोग मारे गए और 15 अन्य जख्मी हो गए। घायलों में सात की हालत गंभीर है। सीएनएन ने बताया कि एक सुरक्षा अधिकारी और एक नागरिक ने हमला होने के तुरंत बाद हमलावरों को गोली मार दी, जिससे हमला रुक गया। पुलिस ने हमलावरों की पहचान के बारे में कोई जानकारी देने से मना कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू खुद मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से बात की। हमले के वीडियो फुटेज में सुबह के समय व्यस्त चौराहे पर स्थित एक बस स्टॉप से दर्जनों लोग भागते हुए दिखाई दे रहे हैं। घटनास्थल पर पहुंचे चिकित्सा दल ने बताया कि इलाके में अफरा-तफरी का माहौल था और कई जगह कांच बिखरा हुआ था। घायल और बेहोश लोग सड़क तथा बस स्टॉप के पास फुटपाथ पर पड़े हुए थे। फलस्तीनी चरमपंथी समूहों की ओर से इस हमले पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108